राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 श्वेता तिवारी ने 43 की उम्र...




यूपी पुलिस में आउटसोर्सिंग से... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 14 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 100, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप विद्युत आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

- 12 जून को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने प्रदेश की अधिकतम डिमान्ड 30240 मेगावाट को पूरा किया
- किसी भी दिवस की अधिकतम विद्युत खपत 653.526 मिलियन यूनिट का नया रिकार्ड भी बना

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यरो**



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप विद्युत आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया है। 12 जून को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने प्रदेश की अधिकतम डिमान्ड 30240 मेगावाट को पूरा किया। इसी दिन किसी भी दिवस की अधिकतम विद्युत खपत 653.526 मिलियन यूनिट (एमयू) का नया रिकार्ड भी बना।

**लगातार दूसरे दिन टूटा रिकॉर्ड**

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री के मार्ग दर्शन और उनकी मंशा के अनुरूप प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण विद्युत मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और विदयुत कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकार्ड भी बन रहे है। 11 जून को प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत मांग 29,820 मेगावाट पहुंच गई थी। विद्युत खपत भी लगभग 643 एमयू पहुंची थी। यह रिकार्ड 12 जून को टूट गया और नया रिकार्ड बना।

**मई 2024 से लगातार बन रहे नए रिकॉर्ड**

गत वर्ष 24 जुलाई 2023 में अधिकतम मांग 28,284 मेगावाट का रिकार्ड बना था। लेकिन इस बार मई माह में ही यह रिकार्ड टूट गया जब 22 मई को 28,336 मेगावाट तक मांग की आपूर्ति की गई। कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने पुनः अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी एवं विद्युत की मांग में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए सावधानी बरतें। सभी कार्मिक इस चुनौतीपूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें।

फोन उठाएं, क्षेत्र में पेट्रोलिंग करें तथा टोल फ्री नम्बर 1912 पर आने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाई करें। अध्यक्ष का कहना है कि विद्युत मांग के अनुरूप बिजली की व्यवस्था की जा रही है। पावर कारपोरेशन ने पूवार्नुमान के अनुरूप विद्युत उपलब्धता की व्यवस्था कर रखी है और मांग बढ़ने पर अतिरिक्त व्यवस्था भी ससमय की जा रही है। उन्होंने बताया है कि सिस्टम की कैपेसिटी के कारण कही भी रोसटरिंग नही हो रही है। लोकल फाल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में विदयुत कर्मी कम से कम समय में ठीक कर आपूर्ति बहाल करने हेतु प्रयासरत हैं।

**अधीक्षण अभियन्ता सम्भल को प्रतिकूल प्रविष्टि**

गुरुवार को मुरादाबाद जोन की समीक्षा में अधीक्षण अभियन्ता सम्भल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए कारपोरेशन प्रबन्धन प्रतिदिन एक जोन की समीक्षा करता है। मुरादाबाद की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने एसिस्टेड बिलिंग, विद्युत राजस्व वसूली के कार्यो की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में सुधार लाइए, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी।

## न्यूज डायरी

### मुंबई में महिला ने ऑनलाइन मंगाई आइसक्रीम, अंदर से निकली कटी उंगली

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला डॉक्टर ने ऑनलाइन ऐप से आइसक्रीम मंगवाई, जिसमें कथित रूप से कटी उंगली निकली। रिपोर्ट के मुताबिक, मलाड इलाके में रहने वाली




डॉक्टर ओरलेम ब्रेंडन सेराओ (27) ने जेप्टो ऐप से यम्मो आइसक्रीम मंगाई थी।आइसक्रीम में कटी उंगली निकलने पर उन्होंने मलाड थाने में आइसक्रीम कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कटे अंग को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सेराओ की बहन ऐप पर कुछ खाने का ऑर्डर दे रही थीं, तभी सेराओ ने येम्मो की बटरस्कॉच आइसक्रीम के 3 कोन भी ऑर्डर कर दिए।डिलीवरी के बाद सेराओ ने जब आइसक्रीम खाना शुरू किया तो उनको कुछ अटपटा लगा। उन्होंने कोन में देखा तो 2 सेंटीमीटर लंबी इंसान की उंगली लगी।डॉक्टर होने के नाते सेराओ को पक्का यकीन हुआ कि यह मानव अंग है। उन्होंने तुरंत पुलिस थाने में जाकर सूचना दी।

मलाड पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया आइसक्रीम से निकली चीज को मानव अंग ही माना जा रहा है, बाकी पुष्टि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद होगी।पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 272, 273 और 336 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि इसकी गंभीरता को देखते हुए जहां आइसक्रीम बनाई और पैक की गई है, वहां छापा मारा जाएगा।पुलिस आइसक्रीम में मानव उंगली को बड़ी साजिश मान रही है।

### दिल्ली में बंदूक दिखाकर 2 लोगों से 50 लाख रुपये की लूट, बदमाश पकड़ा गया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के पूर्वी इलाके में स्थित अक्षरधाम मंदिर के पास 4 बदमाशों ने बुधवार को 2 लोगों को बंदूक दिखाकर 50 लाख रुपये लूट लिए गए।यह घटना दोपहर को मंदिर से कुछ दूर पांडव नगर इलाके में हुई। पीड़ित कर्मचारी मोहित शर्मा और अरुण त्यागी हैं। दोनों लोग गाजियाबाद के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फार्म के कर्मचारी थे। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है।दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया



कि मोहित और अरुण दोनों पश्चिमी दिल्ली में किसी से पैसे लेकर गाजियाबाद जा रहे थे।तभी अक्षरधाम पहुंचने पर 2 बाइक पर सवार 4 बदमाशों ने उनको बंदूक दिखाते हुए सड़क किनारे रुकने को कहा। घटना के समय दोनों कर्मचारी राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर पहुंचने वाले थे।बंदूक देखते ही दोनों कर्मचारियों ने भागने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर उनको सड़क के किनारे गिरा दिया। बाइक में टक्कर मारने के दौरान एक बदमाश भी अपना संतुलन खो बैठा और वहीं गिर गया, जबकि बाकी तीनों कर्मचारियों से बैग छीनकर भाग निकले। चौथे लुटेरे ने भागने की कोशिश की तो राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और धुनाई कर दी। उन्होंने बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया है।पुलिस का कहना है कि चौथे बदमाश और सीसीटीवी की सहायता से अन्य की तलाश की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा हो जाएगा।

## नीट विवाद: 1,563 छात्रों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे,फिर से दे सकते हैं परीक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय प्रवेश-सह पात्रता परीक्षा (नीट) से जुड़े विवाद में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि परीक्षा में ग्रेस अंक पाने वाले 1,563 छात्रों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे और ये छात्र दोबारा परीक्षा दे सकते हैं।पीठ ने कहा कि वह काउंसिलिंग पर रोक नहीं लगा सकते। पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से 2 हफ्ते में जवाब भी मांगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनटीए ने कोर्ट में कहा कि लिखने के लिए कम समय पाने वाले सभी 1,563 उम्मीदवारों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे और उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। जो छात्र फिर से परीक्षा नहीं देना चाहते, उनके ग्रेस अंक हटने के बाद वाले अंक मान्य होंगे। नीट की दोबारा परीक्षा 23 जून को होगी और परिणाम 30 जून तक आएगा। काउंसिलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी।

सुप्रीम कोर्ट में नीट में गड़बड़ी को लेकर कई याचिकाएं दायर की गई हैं, जिसमें डॉ पाण्डेय और



शिवांगी सहित 10 छात्रों ने परीक्षा की सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाया है।उन्होंने कोर्ट से काउंसिलिंग रोकने, परीक्षा रद्द करने और दोबारा आयोजित करने की मांग की है।गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है वह अभ्यर्थियों को ग्रेस अंक देने को लेकर है। आरोप है परिणाम में ग्रेस अंक देना मनमाना फैसला है।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने छात्रों की परीक्षा रद्द करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एनटीए को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने परीक्षा की शुचिता पर सवाल उठाते हुए जवाब मांगा था।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह सफल उम्मीदवारों के लिए प्रवेश के लिए काउंसलिंग पर रोक नहीं लगा सकती।मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को 8 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की अगुवाई वाली पीठ के लिए सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए थे।

नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 5 मई को देशभर के 571 और विदेश के 14 शहरों में किया गया था। उस दौरान 8 फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ा गया था।ये आरोपी किसी अन्य परीक्षार्थी की जगह लाखों रुपये लेकर परीक्षा देने आए थे। आरोप ये था कि उनके पास पेपर में आने वाले सवालों की जानकारी पहले से थी।उसके बाद पेपर लीक होने को लेकर हंगामा भी हुआ था, लेकिन एनटीए ने उसे लीक नहीं माना था।

पेपर लीक के आरोपों के बीच एनटीए ने इस परीक्षा का परिणाम निर्धारित 14 जून की जगह 4 जून को ही जारी कर दिया।इसमें रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने ऑल इंडिया रैंकिंग (एआईआर-1) हासिल की थी। इन सभी के 720 में से 720 अंक आए थे।बड़ी बात यह रही कि एक ही परीक्षा केंद्र से 8 उम्मीदवारों ने एआईआर-1 हासिल की थी। कई उम्मीदवारों के 719 और 718 नंबर भी आए थे। उसके बाद हंगामा खड़ा हो गया।

## राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला, बताया-सुरक्षा के अलावा अर्थव्यवस्था में कैसे देंगे योगदान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की 18वीं संसद के गठन के बाद राजनाथ सिंह ने एक बार फिर रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी संभाल ली है। गुरुवार के दिन दिल्ली में उन्होंने अपना कार्यभार संभाला। उन्हें लगातार दूसरी बार यह जिम्मेदारी दी गई है। 2014 में गृहमंत्री की जिम्मेदारी उठाने वाले राजनाथ सिंह 2019 से रक्षा मंत्रालय संभाल रहे हैं। लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय मिलने पर उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में उनका लक्ष्य देश को सुरक्षित रखने के अलावा आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाना होगा। इस तरह से वह देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान देने का लक्ष्य बना चुके हैं। दूसरी बार रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने कहा पीएम मोदी ने एक बार फिर मुझे रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। हमारी प्राथमिकताएं पहले की तरह ही रहेंगी। देश की सुरक्षा पर पूरा ध्यान रहेगा। हम एक मजबूत आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं।



रक्षा विनिर्माण में हम आत्म निर्भर होना चाहते हैं। हम 21,000 करोड़ से ज्यादा हथियार-सुरक्षा उपकरण का निर्यात कर चुके हैं। हमारा लक्ष्य अगले पांच साल में इस आंकड़े को 50,000 करोड़ तक ले जाना है। हमें अपनी तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना और वायु सेना पर गर्व है।

राजनाथ सिंह के अलावा धर्मेंद्र प्रधान ने भी शिक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने नीट परीक्षा में हुई कथित धांधली को लेकर कहा कि कोई घोटाला नहीं हुआ है। मामला कोर्ट में है और जांच हो रही है। मैं सभी बच्चों और उनके अभिवावकों को निश्चिंत करना चाहूंगा कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हम लोग कोर्ट के आदेश को स्वीकार करेंगे। धर्मेंद्र प्रधान के साथ राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी को भी शित्रा मंत्रालय में राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, जयंत चौधरी का काम धर्मेंद्र प्रधान की मदद करना होगा।

## इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन में हो सकती है पीएम मोदी और जो बाइडन की मुलाकात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इटली में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मुलाकात हो सकती है। यह जानकारी अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने दी।सुलिवन ने इटली जाते समय एयरफोर्स वन में पत्रकारों को बताया कि बाइडेन को उम्मीद है कि वे प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे, औपचारिक रूप से उनकी उपस्थिति की पुष्टि करना भारतीयों पर निर्भर है।बता दें, प्रधानमंत्री मोदी इटली के लिए आज रवाना होंगे।



सुलिवन ने बताया कि शिखर सम्मेलन में बाइडन और मोदी की मुलाकात का अधिकांश हिस्सा अभी भी पूरी तरह अपुष्ट है, जिसकी जानकारी इटली में ही होगी।बता दें कि जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार भारत की सत्ता संभालने पर फोन पर बधाई दी थी। उस समय बाइडन पेरिस में थे।इटली में अगर मोदी और बाइडन की द्विपक्षीय मुलाकात होती है तो इजरायल और फिलिस्तीन समेत कई मुद्दों पर बातचीत हो सकती है।

विदेश मंत्रालय के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री मोदी अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर इटली जा रहे हैं। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की ओर से भारत को सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन 13 से 15 जून तक चलेगा।भारत को आउटरीच देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। अभी द्विपक्षीय बैठकों का विवरण नहीं आया है।

## पेमा खांडू ने ली पद और गोपनीयता की शपथ, 2016 से लगातार हैं मुख्यमंत्री

**ईटानगर (आरएनएस)।** पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में एक बार फिर खांडू राज होगा. जी हां पेमा खांडू ने लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है. गुरुवार 13 जून को बीजेपी के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में पेमा खांडू ने पद और गोपनीयता की शपथ ली. बता दें कि पेमा खांडू 2016 से ही अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं. हालांकि इस दौरान उन्होंने महज पांच महीने में तीन राजनीतिक दलों के साथ काम किया. कांग्रेस

**36 वर्ष की आयु में ही वह पहली बार सीएम बने. पेमा अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिले तवांग की मुक्तो सीट पर अपना होल्ड रखते हैं. यहीं से वह 2016 से लगातार जीत करते आ रहे हैं**



छोड़कर खांडू पीपीए में गए और इसके बाद उन्होंने कुछ ही महीनों में बीजेपी का दामन थाम लिया. एक दिन पहले यानी 12 जून को पेमा खांडू को विधायक दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद पेमा खांडू ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया और 13 जून को वह तीसरी बार प्रदेश के मुखिया बन गए. बता दें कि अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को आयोजित किए गए थे. जबकि इसके नतीजे 2 जून 2024 को घोषित हुए थे. नतीजों में बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 विधानसभा सीट में से 46 सीटों पर कब्जा जमाया था. कुशल राजनीज्ञ होने के साथ-साथ पेमा खांडू की रुचि खेल और संगीत में भी है. जब भी पेमा खांडू को राजनीति से समय मिलता है वह म्यूजिक और खेल में व्यक्त बिताते हैं. क्रिकेट खेलने का शौक रखने वाले खांडू कई टूनार्मेंट में हिस्सा ले चुके हैं. इसके अलावा वह प्रदेश में भी खेलों को प्रोत्साहित करते रहे हैं. इनमें फुटबॉल, क्रिकेट के साथ-साथ अन्य खेल भी शामिल हैं। पेमा खांडू की शिक्षा की बात करें तो उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के हिंदू कॉलेज से इतिहास में ग्रेजुएशन की उपाधि हासिल की. पेमा ने काफी कम उम्र में मुख्यमंत्री पद संभाल लिया था. 36 वर्ष की आयु में ही वह पहली बार सीएम बने. पेमा अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिले तवांग की मुक्तो सीट पर अपना होल्ड रखते हैं. यहीं से वह 2016 से लगातार जीत करते आ रहे हैं।

**तैयारी** अब खबर है कि भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को लेकर एक आंतरिक सर्वे किया है

## अग्निपथ योजना में बड़े बदलाव की तैयारी, 60-70 प्रतिशत सैनिकों को मिल सकती है स्थायी नियुक्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना में भर्ती और सेवा के लिए लाई गई अग्निपथ योजना शुरू से ही विवादों में है। लोकसभा चुनाव में भी इसका मुद्दा खासा उठा था और विपक्षी पार्टियों ने इस योजना को बंद करने का वादा किया था।अब खबर है कि भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को लेकर एक आंतरिक सर्वे किया है। इसमें कई अहम बिंदू सामने आए हैं, जिनकी समीक्षा के बाद योजना में कुछ बड़े बदलाव किए जा सकते हैं।

फिलहाल अग्निपथ योजना में 4 साल की सेवा के बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को ही स्थायी नियुक्ति दी जाती है। अब इस कोटे को बढ़ाने की चचाएं हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, सेना 60 से 70 प्रतिशत अग्निवीर को स्थायी नियुक्ति देने पर विचार कर रही है।विशेष और तकनीकी बलों के लिए ये सीमा 75 प्रतिशत तक हो सकती है। दूसरी सेवाओं में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी करने की तैयारी चल रही है।

अग्निपथ योजना में सैनिकों को 4 साल के लिए भर्ती किया जाता है। इसके बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी नियुक्ति मिलती है।अब सैनिकों की सेवा अवधि को 4 साल से बढ़ाकर 7-8 साल करने पर विचार किया जा रहा है। 4 साल की सेवा अवधि में सैनिकों की ट्रेनिंग मात्र 9 महीनों की होती है।सेवा अवधि बढ़ाने से सैनिकों को ग्रेच्युटी और पूर्व सैनिक जैसे लाभ मिल पाएंगे। अग्निपथ योजना से पहले सेना में सैनिकों के लिए प्रशिक्षण अवधि 37 से 42 सप्ताह के बीच थी। योजना में इसे घटाकर 24 हफ्ते कर दिया गया था। अब इसे फिर बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।सेना के सर्वे के निष्कर्षों के मुताबिक, प्रशिक्षण अवधि को घटाने



से अग्निवीरों के समग्र प्रशिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।इसके अलावा तकनीकी क्षेत्रों में भी ग्रेजुएट कर्मियों को भर्ती किए जाने पर विचार हो रहा है।

सेना तकनीकी क्षेत्रों में भर्ती की आयु सीमा बढ़ा सकती है। अभी 17 से 21.5 वर्ष की आयु के बीच अग्निवीरों को रखा जाता है। सेना सिग्नल, एयर डिफेंस और इंजीनियर जैसे तकनीकी क्षेत्रों में भर्ती के लिए उम्र सीमा बढ़ाकर 23 साल करने का प्रस्ताव कर रही है।इसके अलावा प्रशिक्षण के दौरान विकलांग हो गए सैनिकों के लिए सहायता और सेवा समाप्त होने के बाद नौकरी ढूंढ़ने के तरीकों पर भी चर्चा हो रही है।

अग्निपथ योजना तीनों सेनाओं, थल सेना, भारतीय वायुसेना और नौसेना के लिए एक अखिल भारतीय योग्यता-आधारित भर्ती प्रक्रिया है। इस योजना के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को 'अग्निवीर' कहा जाता है और उन्हें 4 साल के लिए सेना में सेवा का अवसर मिलता है।इसके बाद योग्यता, इच्छा और मेडिकल फिटनेस के आधार पर 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सेवा में बरकरार रखा जाता है।लागू होने के समय युवाओं ने इस योजना का खासा विरोध किया था।

# घर मे घुस कर दम्पति से मारपीट,केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू (बुलन्दशहर)।** क्षेत्र के गांव त्यौरी में महिला की गांव के ही दबंगों ने पिटाई कर डाली। पत्नी को पिटता देख पति को भी मारा-पीटा तथा किसी से शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देकर भाग गए।

पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही पिता तथा उसके पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। त्यौरी गांव में अपने पशुओं को नहला रही महिला के सामने चल रहे सबमर्सिबल पम्प को बंद कर पडौसी दबंग तथा उसके दो बेटों ने उसको पीटना शुरू कर दिया। जब महिला ने अपने बचाव में घर में घुस कर दरवाजा बंद कर लिया तब भी आरोपी घर की दीवाल कूद कर घर मे घुस आए और लात-घूंसों से पिटाई करते रहे। इस दौरान पीड़िता का मोबाइल भी गायब हो गया। शोर सुनकर पति शादाब ने बचाने की कोशिश की तो उसे भी मारा-पीटा। मोहल्लों के लोगों को आता देख सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता जीनत की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ताहर व उसके बेटे राशिद, तहव्वुर व तसव्वुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 29 बीघा जमीन पर चला बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** बड़ा सवाल ,,जिस तरह दैनिक बुलंद संदेश में अवैध प्लाटिंग को लेकर खबर छापी गई थी

**अवैध प्लाटिंग पर की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही**

**समक्ष अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में की गई बड़ी कार्यवाही**

और उसके बाद विकास प्राधिकरण एक्शन में दिखा और एक के बाद एक अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है क्या ध्वस्ती करण की कार्रवाई के बाद अवैध फ्लोटिंग करने वालों में दहशत रहेगी या 15से 20 दिन बाद यह अवैध प्लाटिंग ऐसी की ऐसी चलती रहेगी




बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशन में बुलन्दशहर विकास क्षेत्रान्तर्गत बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल द्वारा जोन में ग्राम- नया गांव बदनौरा तिराहे के पास, बुलन्दशहर पर रवि कुमार सिंह द्वारा लगभग 05 बीघा भूमि एवं आवास विकास कॉलोनी के पीछे काली नदी के बगल में, बुलन्दशहर पर सतीश कुमार व ब्रजवीर द्वारा लगभग 10 बीघा भूमि एवं ग्राम कुटी काजीपुर ततारपुर प्राइमरी स्कूल के पीछे धमेडा रोड बुलन्दशहर पर ऋषिपाल एवं अन्य द्वारा लगभग 06 बीघा में आवास विकास कॉलोनी के नये पुल से आगे बायीं ओर ग्राम बदनौरा पर ऋषिपाल एवं अन्य द्वारा लगभग 08 बीघा में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध निर्माण को बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं अन्य सहायक स्टाफ द्वारा एवं डेडीकेटिड फोर्स की उपस्थिति में ध्वस्त सील किया गया। सील ध्वस्तीकरण अभियान सक्षम प्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर चलाया जा रहा है। प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि सीलिंग ध्वस्तीकरण अभियान अनवरत जारी रहेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने जनता से अपील की है कि वह बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई निर्माण न करें। इस संबंध में समस्त जानकारी प्राधिकरण के हेल्पलाईन नम्बर 8191978666 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

# दूध लेने के लिए गए थे सारिक, लौटे तो उजड़ चुकी थी दुनिया बचाओ-बचाओ करते खामोश हो गईं पांच जिंदगियां,

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लोनी।** बेहटा हाजीपुर गांव में पार्किंग ठेकेदार सारिक के दो मंजिला मकान में बुधवार रात आठ बजे भीषण आग लग जाने से दो मासूम बच्चे और दो महिलाओं समेत पांच लोग जिंदा जल गए। ये पांचों धुएं की वजह से बाहर नहीं निकल सके। रात 12 बजे इनके शव निकाले गए। एक युवती और एक बच्चा बुरी तरह झुलस गए हैं। आग लगने की वजह मकान की पहली मंजिल पर रखीं मशीनों में बिजली का शार्ट सर्किट होना मानी जा रही है।

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि मृतकों में सारिक की पत्नी फरहीन (25), सात माह का बेटा सीज, बहन नाजरा (35), बहनोई सैफ (36) और भांजी इसरा (चार) शामिल हैं। सारिक की दूसरी बहन उज्मा और नाजरा का बेटा अर्श रहमान बुरी तरह झुलस गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गाजियाबाद के लोनी के बेहटा हाजीपुर गांव पार्किंग ठेकेदार सारिक के मकान में उनके परिवार के पांच लोगों की जिंदगी बचाओ-बचाओ चिल्लाते खामोश हो गई। आग की लपटों और धुएं के गुबार में सात लोग फंस गए थे। सातों जान बचाने के लिए छत की तरफ दौड़े लेकिन पांच का रास्ता धुएं ने रोक लिया। दो ही छत तक पहुंचे। उन्हें पड़ोसियों की मदद से बचा लिया। बाकी पांचों का दम घुट गया। इसके बाद पांचों बुरी तरह झुलस गए। उनके शव मकान की दीवार तोड़कर निकाले गए। मकान के अंदर सात लोगों में सारिक की पत्नी फरहीन (25), सात माह का बेटा सीज, बहन नाजरा (35), बहनोई सैफ (36) और भांजी इसरा (चार), भांजा अर्श (चार) और अविवाहित बहन उज्मा थे। रात आठ बजे पहली मंजिल पर आग लगी तो उन्हें इसका पता ही नहीं चला। आग जब दूसरी मंजिल पर पहुंची तो वे घबरा गए। उन्होंने बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन धुआं अंदर तक आ चुका था। ऐसे में छत की तरफ दौड़े लेकिन वहां भी धुआं भर चुका था। उज्मा ने बताया कि अर्श रहमान उनकी गोदी में था। वह उसे लेकर छत तक पहुंच गई। दोनों आग की लपटों से झुलस गए।

# हत्या के प्रयास की घटना का सफल अनावरण,घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना (वसीम खान )।** थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा स्याना के पास पीतम पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम बैराफिरोजपुर थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर घायल अवस्था में मिले थे जिनका अज्ञात अभियुक्तों द्वारा गला रेता दिया गया था, जिसको उपचार हेतु अस्पताल में

**अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू को बरामद किया गया। अनिल अपने भाई की मौत का बदला लेना चाहता था**

भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्याना पर मुअसं- 238/24 धारा 307 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में थाना स्याना पुलिस द्वारा जांच/छानबीन में बैराफिरोजपुर निवासी अनिल, रवि व




राजू के नाम प्रकाश में आये। आज थाना स्याना पुलिस द्वारा तीनों अभियुक्तों को ग्राम बैराफिरोजपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू को बरामद किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है अभियुक्त अनिल ने पूछताछ पर बताया गया कि पीतम उपरोक्त के पिता महेन्द्र द्वारा वर्ष-2023 में पैसो के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में उसके भाई संजय की हत्या कर दी गयी थी जिसके संबंध में थाना स्याना पर मुअसं- 40/23 धारा 302 भादवि पंजीकृत है तथा अभियुक्त महेन्द्र जेल में है। अनिल अपने भाई की मौत का बदला लेना चाहता था तथा पीतम से रंजिश मानता था। दिनांक 04.06.2024 को अनिल द्वारा अपने दो साथियों रवि व राजू को अपने साथ मिलाकर योजनानुसार पहले पीतम को कस्बा स्याना के एक बाग में शराब पिलायी तथा जब वह बेसुध हो गया तब रवि व राजू उपरोक्त ने पीतम के हाथ पैर पकड़े तथा अनिल ने पीतम का गला रेत दिया। पीतम को मृत मानकर तीनो वहां से फरार हो गया।

# महिला थाना प्रभारी रजनी वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया एंटी रोमियो स्क्वाड-छात्राओं को दी गई आत्मनिर्भर की जानकारियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी )।** शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा आज बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु मंदिरों/पंडालों, स्कूल/कॉलेजों में जाकर तथा गांव-गांव में चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन



नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है तथा उ0प्र0 सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिला सुरक्षा की दृष्टि से बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सादे कपड़ों में संवैदनशील क्षेत्र/हॉटस्पॉट का भ्रमण करते हुए अनावश्क रुप से घूम रहे लड़को/व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# पोस्ट ग्रेजुएट के बाद करियर के अवसरों की खोज एवं सफलता के लिए रणनीति" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर।** डीपीबीएस कालेज, के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह की अध्यक्षता में "स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) के बाद करियर के अवसरों की खोज एवं सफलता के लिए रणनीति" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता मेरठ कॉलेज मेरठ से आए प्रोफेसर ललित कुमार रहे। महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष यजवेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को बताया की पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद विद्यार्थी महाविद्यालय में शिक्षक बनने के लिए एवं पीएचडी करने के लिए नेट,जे आर एफ की परीक्षा पास कर सकते हैं। विभिन्न आईआईटी एवं अन्य प्राविधिक इंस्टिट्यूट से एम टेक करने के लिए गेट की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। प्रोफेसर ललित कुमार ने एमएससी के विद्यार्थियों को नेट,




गेट, बार्क, साइंटिस्ट बी इत्यादि की परीक्षा को क्वालीफाई करने के गुर सिखाए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि भौतिक विज्ञान को ओपस्नल सब्जेक्टस लेकर हम सिविल सर्विस की भी तैयारी कर सकते हैं। अपनी तैयारी करने के लिये स्टेंडर्स किताबे ही पढ़ें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा लक्ष्य अपने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुँचना है। इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य इसी लक्ष्य को प्राप्त करना है। हमारे विद्यार्थियों ने देश विदेश में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हम इस दिशा में और अधिक प्रगति हेतु प्रयासरत हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष कै. यजवेंद्र कुमार ने किया।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत

बुलन्द संदेश यूरो

**शिकारपुर।** भीषण गर्मी में खुर्जा बस अड्डे के पास युवा व्यापारियों ने छबील लगाकर राहगीरों को शीतल शरबत पिलाकर पुण्य कमाया। वीरवार को भीषण गर्मी के चलते खुर्जा बस स्टैंड के पास युवा व्यापारियों ने आपसी सहयोग से खुर्जा बस अड्डे के पास छवील लगाकर राहगीरों व अन्य लोगों को शीतल शरबत पिलाया। चिलचिलाती भीषण गर्मी मे राहगीरों शीतल शरबत पीकर राहत महसूस की। भीषण गर्मी में छबील लगाकर लोगों को गर्मी से राहत व प्यास बुझाने के लिए शरबत पिलाने का सिलसिला



लगातार जारी है। समाजसेवी व युवा राहगीरों को शरबत पिलाने के पुनीत कार्य में लगे हुए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंगल सैनी, विष्णु सैनी, रोहित, चुन्नीलाल सैनी, आदि का विशेष योग रहा।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने की जनहित में बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** बुधवार को बढ़ते हुए टेंपरेचर और आए दिन हो रही आग से दुर्घटनाओं से बचाव के संबंध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बिजली विभाग व फायर ब्रिगेड के उच्च अधिकारियों को आमंत्रण कर देव सागर गेस्ट हाउस काला आम पर सैंकड़ो व्यापारियों के साथ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक विनोद चौधरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक की।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारीओं ने बिजली विभाग से जे ई संजीव शर्मा, फायर ब्रिगेड से सीएफओ प्रमोद शर्मा को आमंत्रण कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया व आए दिन बढ़ते टेंपरेचर से हो रही आग लगने की दुर्घटनाओं से कैसे बचे सुझाव मांगे मंच संचालन संगठन के मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी ने कियो सीएफओ प्रमोद शर्मा ने कहा की प्रतिष्ठान हो या फिर घर प्रत्येक के यहां आग बुझाने वाला सिलेंडर अवश्य होना



चाहिए हमारे बाहर निकलने का रास्ता जैसे जीने की सीढ़ियाँ पर या गैलरी में सामान रखा ना हो जिससे आग लग जाने की स्थिति में शीघ्र निकल जा सके सीएफओ ने व्यापारियों से निवेदन किया की दुकानों के आगे अतिक्रमण करने से भी बचें जिससे फायर ब्रिगेड की गाड़ी को जाम का सामना न करना पड़े.व दुर्घटना स्थल पर शीघ्र पहुंचा जा सके सीएफओ ने कहा कि 24 घंटे हम आपकी सेवा में तत्पर रहेंगे यह मैं आपको विश्वास दिलाता हूं विद्युत विभाग के जेई संजीव शर्मा ने कहा की क्षमता से अधिक लोड ना दें अतिरिक्त लोड बढ़ जाने से ट्रांसफार्मर में आग लगने की पूरी संभावना बनी रहती है जिससे दुर्घटना के साथ-साथ सप्लाई भी बाधित होती है`संगठन के संरक्षक विनोद चौधरी ने कहा कि आज अधिकारियों के टिप्स हमने ज्ञान रूपी प्रसाद के रूप में ग्रहण किए हैं हम भी फॉलो करेंगे और करवाएंगे भी संगठन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा मैं शहर के अपने दोनों अधिकारियों का अभिनंदन करता हूं धन्यवाद देता हूं कि हमारे एक आमंत्रण पर अपना समय दिया और सभी व्यापारियों से अपील करता हूं की आज जो अधिकारियों ने इतनी महत्वपूर्ण टिप्स दिये हैं उनको फॉलो करें जिला महामंत्री संजय गोयल ने कहा कि अपने वाहनों को ट्रांसफार्मर के नीचे पार्क ना करें ट्रांसफार्मर में आग लगने की स्थिति में आपके वाहन को भी क्षति हो सकती है`बैठक के उपरांत भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की पदाधिकारीओं ने दोनों प्रशासनिक अधिकारियों का प्रशस्ति पत्र देकर व फूल माला पहनाकर सम्मानित भी किया बैठक में-जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला वरिष्ठ महामंत्री संजय गोयल, जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी ,संरक्षक विनोद चौधरी ,संगठन मंत्री नरेंद्र चौधरी, मुकेश लौर, सुंदर सिंह, मोनू चौधरी, शैलेंद्र कुमार, यशपाल चौधरी, शमशाद अहमद, परवेज अंसारी, रईस अब्बासी,मुकुल गोयल, पप्पू सैनी, सुरेंद्र भाटी, आदिल चौधरी ,,मनोज शर्मा, साजिद भाई, मुजम्मिल ,डॉक्टर केके चौधरी, डॉक्टर अरुण गिरी, तुषार अग्रवाल, रमन शर्मा, गुरफान भाई, आदित्य कुमार, आदि सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

**जानकारी**

## गर्मी में बीमारियों से दूर रखेंगे मौसमी फल

# गर्मियों में खाएं ये फल पेट और दिमाग दोनों रहेगा ठंडा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** इस साल शुरूआत से ही गर्मी का पर चढ़ गया था। दोपहर के रूप में इस महीने से ही लोगों का घर में रहने के लिए मजबूर कर दिया है लेकिन कुछ लोगों को काम के लिए बाहर निकालना पड़ता है ऐसे में अपना ख्याल रखना जरूरी है। जिसके लिए अपना खान-पान को बेहतर रखना गर्मियों के समय मैं कई मौसमी फल आते हैं। ऐसे मौसम में हम उन फलों को खाना चाहिए। जो फल पानी से भरपूर हो। तपती धूप और लू से लोग कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इनसे बचने के लिए गर्मियों में आने वाले फल और खीरा ककड़ी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं जो शरीर के लिए पौष्टिक और लाभकारी होते हैं इसलिए गर्मियों में इनका सेवन जरूर करें।खरबूजाः गर्मियों के लिए खरबूजा बहुत लाभकारी और सेहतमंद होता है। खरबूजे को जब भी खरीद कर लाए तो एक डेढ़ घंटे तक छाया में रखें, और आधे घंटे तक पानी में रख दें। खरबूजा ठंडक और ऊर्जा देता है साथ ही पेट के लिए फायदेमंद ही है। पानी की कमी को पूरा करता है। लीचीः लीची न केवल गर्मी में तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करती है बल्कि पोषण भी देती है। यह आंखों और त्वचा के लिए बेहतरीन है। मैं मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व तनाव और झुर्रियों से भी बचाते हैं। सोनी शर्मा का कहना है कि वे लीची खाती हैं और परिवार वालों को भी देती हूं। अंगूरः गर्मी के मौसम में खासतौर से मिलने वाले काले और हरे अंगूर शीतल और पौष्टिक होते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो आपको तनाव और बढ़ती उम्र से बचाते हैं। पानी की भी कमी को पूरा करते हैं।

संतराः संतरा भी एक बेहतर फल है। इसमें कीटाणुओं से

**ऐसे मौसम में हम उन फलों को खाना चाहिए। जो फल पानी से भरपूर हो। तपती धूप और लू से लोग कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इनसे बचने के लिए गर्मियों में आने वाले फल और खीरा ककड़ी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं जो शरीर के लिए पौष्टिक और लाभकारी होते हैं।**

लड़ने वाली प्रतिरोधक क्षमता बहुत होती है। साथ ही यह वजन को कम करने में भी लाभकारी है। रेशों से भरपूर संतरा आपके पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करता है। आमः आम को फलों का राजा कहा जाता है। यह स्वाद स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर माना जाता है लेकिन आम को जवाब खरीद कर घर लाओ तो इसे कुछ देर पानी में डालें और खाने से पहले अच्छे तरीके से धो लें । आम हृदय संबंधी रोग आदि से बचाता है। वही मोहल्ला सराय पुख्ता कि सोनी पाठक ने बताया कि वह आम को 2 से 3 घंटे तक पानी में रखती हूं। इसके बाद बच्चों को खाने को देती हूं। कहा कि आम शरीर के लिए लाभदायक होता है।

### खीरे को बिना छीले खाएं, डिहाइड्रेशन से बचाएगी ककड़ी

गर्मियों में खीरा और ककड़ी भी कुछ कम नहीं है। आजकल घरों में सलाद और खीरे का रायता बनाकर भी लोग खाने के साथ ले रहे हैं। यदि खीरे को बिना अच्छी ले वह खाएंगे तो यह बहुत लाभकारी होगा क्योंकि खीरे का छिलका वजन घटाने में लाभकारी होता है। इसमें फाइबर बहुत होता है। वही ककड़ी भी पानी की पूर्ति करती है। हीरे का सबसे पहला गुण आंखों को शीतलता प्रदान करना है। इसके कटे हुए पीस को आंखों पर रखने से आंखों की थकान मिटती है । हीरा वजन भी कम करता है। आप कब से परेशान हैं तो रोजना खीरा खाएं। वही ककड़ी भी बहुत लाभकारी है। ककड़ी डिहाइड्रेशन से बचाता है और टाक्सिस को शरीर से बाहर निकालता है।

### मौसमी फल खाए , नींबू पानी पीए

गर्मी से बचाव के लिए मौसम के फल ककड़ी खीरा खरबूज , तरबूजा समेत पानी वाले फलों का सेवन करें । घर में तैयार नींबू पानी बेलपत्र का शरबत आम का पन्ना लें दाल हरी सब्जी ज्यादा खाएं रोटी कम खाएं। डॉ विनोद शर्मा।

# गलगोटियास विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के लिए मृदा परीक्षणः उन्नत कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर।** गलगोटियास विश्वविद्यालय ने किसानों के लिए मुफ्त मिट्टी परीक्षण सेवाओं की पेशकश की है। यह पहल "पारिस्थितिकी तंत्र बहाली" के वैश्विक विषय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है। आवश्यक मृदा स्वास्थ्य अंतर्दृष्टि प्रदान करके, हमारा लक्ष्य किसानों को स्थायी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए सशक्त बनाना है। जो हमारे पारिस्थितिक तंत्र के पुनरोद्धार में योगदान करते हैं।

गलगोटियास विश्वविद्यालय ने स्थानीय किसानों को इस पहल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। साथ मिलकर, हम अपने पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने और कृषि के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक कदम उठा सकते हैं। गलगोटिया विश्वविद्यालय के कृषि विद्यालय के मृदा वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार और डॉ. प्रदीप त्रिपुरा को गौतमबुद्ध नगर के आसपास के गांवों जैसे फलैदा, कनारसा, रुबुपुरा और जुनैदपुर से परीक्षण के लिए अभी तक 40 नमूने प्राप्त हुए हैं। इस पहल की कृषक समुदाय द्वारा अत्यधिक सराहना की जा रही हैं।



गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है जो हमारे पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखने में निभाते हैं। इस प्रकार, यह कार्यक्रम उन लोगों को धन्यवाद देने का हमारा तरीका है जो हमें खिलाने के लिए लगातार कठिन परिश्रम करते हैं। विश्वविद्यालय के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने जोर देकर कहा कि गलगोटियास विश्वविद्यालय में, हम मानते हैं कि शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरित करने की कुंजी हैं। हम अपने किसानों के साथ खड़े होने और उन्नत कृषि की दिशा में उनके प्रयासों का समर्थन करने पर गर्व महसूस करते हैं।

# नोएडा पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी द्वारा आगामी त्यौहार ईद उल-अजहा को लेकर धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष वर्मा द्वारा आगामी त्यौहार ईद उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 के ऑडिटोरियम में धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई।

मीटिंग में पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी धर्म गुरुओं/संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए आगामी त्यौहार को शांति पूर्वक ढंग से मनाने, किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने व आपसी सौहार्द बनाये रखने हेतु बताया गया।सभी उपस्थित लोगों को बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या कुबार्नी से संबंधित वीड़ियो बनाकर गलत तरीके से पोस्ट न किया जाये। इसके साथ ही उन्हें अवगत कराएं कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम द्वारा प्रमुख स्थानों, सवेंदनशील व धार्मिक स्थलों के आस-पास सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी।सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी, धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।पुलिस कमिश्नर द्वारा धार्मिक गुरुओं/संभ्रांत नागरिकों से संवाद के दौरान उनसे उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा गया एवं बताया गया कि कोई भी परेशानी होने पर तुरंत संबंधित पुलिस अधिकारीगण ,नजदीकी थाने पर अथवा डायल 112 पर सूचना दें। जिससे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।





मीटिंग के दौरान सभी धार्मिक गुरुओं/संभ्रांत नागरिकों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा गया एवं उनके सुझाव मांगे गये।मीटिंग के दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून/व्यवस्था शिव हरि मीणा, सभी डीसीपी, सभी एडीसीपी व कमिश्नरेट के सभी थाना क्षेत्रों से विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान व संभ्रांत नागरिक व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# इटेडा प्रकरण को लेकर पुलिस कमिश्नर से मिला किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नॉएडा।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा में गाव इटेडा मैं निहत्थे किसानों पर बर्बरता के संबंध में गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान के नेतृत्व में मुलाकात की इस सम्बन्ध में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने निहत्थे किसानों पर हमला किया है इसमें कई किसानों को चोटें आयी हैं किसानों पर प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस के दस्ता भेजकर किसानो की आबादी को तोड़ने के लिए पहुँचे थे जिसका किसानों ने विरोध किया था प्राधिकरण के कर्मचारियों ने किसानों पर हमला किया इस घटना को लेकर गौतमबुद्ध नगर के किसानों में भारी रोष और प्राधिकरण के खिलाफ गुस्सा है संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लौकेश भाटी ने कहा कि कमिशनर ने निष्पक्ष जाँच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है इस मौके पर डा विकास प्रधान कृष्ण नागर लौकेश भाटी जगत बीडीसी अनुज नागर सत्येन्द्र नागर आरसी पटेल सहित आदि लोग मौजूद रहे ।



# शहर की सड़कें अंधेरे में,धरने पर बैठे पार्षद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** शहर को प्रकाशमय बनाने के लिए नगर निगम के दावे फेल साबित हो रहे हैं। शहर के कुछ इलाकों को छोड़कर बाकी जगह सड़कें अंधेरे में हैं। वहां पर स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं। बुधवार को पार्षद अपर नगर आयुक्त के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और समस्या के समाधान की मांग की। नगर निगम और स्ट्रीट लाइट कंपनी ईईएसएल की ओर से कार्रवाई नहीं हो रही है। पहले आचारसंहिता की बात कहकर निगम अधिकारी टालते रहे। अब आश्वासन दे रहे। बुधवार को पार्षदों का आक्रोश फूट पड़ा। पार्षद नगर निगम पहुंचे और बंद स्ट्रीट लाइटों को लेकर अपर नगर आयुक्त पंकर कुमार के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गये। पार्षद फजल करीम ने बताया कि एक वर्ष के कार्यकाल में शहर की संपूर्ण लाइट रिपेयरिंग और नई लाइट से संबधित शिकायतों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। नए बोर्ड के कार्यकाल को भी एक वर्ष हो गया है। इस दौरान कई बड़े त्योहार बीत चुके हैं।

लंबे समय से पार्षद इस समस्या के समाधान के लिए प्रभारी पथ प्रकाश और लाइट निरीक्षक राजेश चौहान को कई बार शिकायत कर चुके हैं।

शहर अंधेरे में है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही। कोई सुनवाई नहीं होने पर मजबूर होकर पार्षदों ने बुधवार को परिसर में धरना दिया। इसके बाद अपर नगरायुक्त पंकज कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि **ईद-उल**-अजहा के त्योहार से पहले समस्त वार्डों की संपूर्ण लाइट रिपेयरिंग और नई लाइट की समस्या का समाधान कराने की मांग की।

# इटेडा गांव में पुलिस द्वारा किसानों पर लाठीचार्ज के विरोध में किसान एकता संघ की हुई बैठक

**बुलन्द संदेश संवाददाता**

**दनकौर ।** बृहस्पतिवार को किसान एकता संघ की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के आदेश पर दनकौर कोतवाली के अंतर्गत आने वाले गांव डूंगरपुर रीलका में संपन्न हुई संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने बताया बीते दिन 12 जून को ग्रेटर नोएडा के इटेडा गांव में पुश्तैनी आबादी को तोड़ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिकारी पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे पुलिस बल द्वारा किसानों पर लाठीचार्ज किया गया के दौरान पुलिसकर्मियों ने राइफल बट से किसानों व किसान नेता एपी सिंह यादव के सिर पर हमला कर घायल कर दिया गया है। किसान एकता संघ इस घटना की घोर निन्दा करते हैं मांग करती है जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए और पुश्तैनी आबादी प्रकरणों का जल्द निस्तारण किया जाए अन्यथा किसान एकता संघ आंदोलन करने को विवश होगा और किसानों का शोषण किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके देशराज सिंह नागर,रमेश कसाना, श्रीकृष्ण बैसला, जयप्रकाश नागर,महेंद्र सिंह,प्रेम सिंह,नीरज कसाना, हेमी बीडीसी, ओमवीर समसपुर, सोनू योगी,हेमराज सिंह,पीतम सिंह,सुभाष भाटी, डॉ जाफर खान,करन सिंह,अमित नागर,जीतन नागर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# ब्रांच मेनेजर के ट्रांसफर होने पर समस्त स्टाफ ने दी बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर (उपेन्द्र भाटी)।** गुरुवार को दनकौर की भारतीय स्टेट बैंक शाखा में तैनात ब्रांच मेनेजर डोली लोटन का ट्रांसफर होने पर शाखा के समस्त स्टाफ ने उनको बधाई दी और और नई पोस्टिंग के लिए शुभकामनाएं दी । रमेश चंद्र शर्मा ने बताया की आगे भी वह अच्छा कार्य करती रहे ने डोली लोटन ब्रांच मैनेजर आने के बाद दनकौर ब्रांच में काफी अच्छा बिजनेस किया और अपने आर बी ओ नोएडा में अच्छा बिजनेस किया है और पब्लिक की समस्याएं सही सुनी गई सुभाष नागर में बताया की गरीब और किसान की ब्रांच संबंधित समस्याएं भी अच्छे तरीके से समाप्त की है और ब्रांच में काफी अच्छा बिजनेस किया स्टाफ के लिए अच्छी तालमेल बनाकर ब्रांच मैनेजर रही ब्रांच की भीड़ भी बहुत कम कर दी वरना स्टेट बैंक में लाइन लगती थी और काफी भीड़ रहती थी ब्रांच मैनेजर ने काफी हद तक कंट्रोल किया और अच्छे से कार्य होने लगा। इस मौके पर वहां स्टाफ बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर काफी लोग मौजूद रहेइट अर्चना, रमेश चंद्र शर्मा, तारकेश्वरी मैम, नितेश गुप्ता, सुभाष नागर, प्रभात कुमार, धर्मवीर शर्मा, जितेन्द्र सोलंकी, सुरेन्द्र भाटी, आकाश जेन, सागर , सुमित, राहुल, आदि लोग मोजूद रहे।



# बिजली विभाग के अधिकारीयों ने मीटिंग में सुनी सेक्टर-117 के निवासियों की समस्याएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नॉएडा।** आज आर डब्लू.ऐ कार्यालय सेक्टर-117 पर UPPCL के अधिकारियों ने मीटिंग में सेक्टर वासियों की विधुत विभाग से संबंधित समस्याओ को सुना जिसमें बिलिंग आदि की समस्याओं का मौके पर ही SDO दीपक कुमार जी द्वारा निराकरण करा दिया गया, अध्यक्ष कोसिंदर यादव जी द्वारा संबंधित अधिकारियों को LT ओवर हेड लाइन को ABC में बदलने व 11 हजार ड्श लाइन को अन्डर ग्राउंड करने हेतु निवेदन किया, उपाध्यक्ष डाक्टर सुमित गुप्ता ने ग्रीन बेल्ट में लगे ट्रान्सफार्मर की जगह-जगह टूटी हुई फेंसिंग को ठीक करने के लिए अनुरोध किया जिससे कोई अप्रिय घटना ना घटे, कोषाध्यक्ष ऐ के पाठक जी द्वारा पिछले साल के मुकाबले इस साल सेक्टर में फलक्कुवेशन बन्द होने व 2 नये 400 KVA के ट्रान्सफार्मर लगाने के बाद सेक्टर की ठीक हुई विधुत सप्लाई हेतु संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया,मीटिंग में SDO दीपक कुमार जी,इन्जीनियर महीपाल सिंह जी व समस्त स्टाफ RWA सचिव हर्ष मोहन जखमोला जी, अरूण राघव जी व अन्य लोग मौजूद रहे।




# ईद पर्व को सौहादपूर्ण तरीके से मनाएंः कोतवाली प्रभारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी राघवेन्द्र सिंह ने आने वाले त्योहारों को लेकर कस्बे व छेत्र के लोगों के साथ शांति सीमित की एक बैठक का आयोजन किया। सभी लोग को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि आने वाली 17 मई को सभी लोग प्यार से आपस में मिलकर भाईचारा का संदेश दे क्योंकि सभी त्यौहार का पर्व हम सभी के लिए आपसी प्यार,एकता, का संदेश लेकर आते है। बैठक में शामिल मुस्लिम वर्ग के लोगो को बताया की कुबार्नी के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान एसएसआई विपिन गौतम, गौर सिटी चौकी इंचार्ज अरविन्द वर्मा,अंकुर राठी, व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



## पूर्व पार्षदों ने ईद उल जुहा पर की साफ सफाई की मांग

**मेरठ ।** ईद उल अजहा के पावन पर्व 17 जून से 19 जून तक समस्त मस्जिदों ईदगाहों मदरसे एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र एवं मिली जुली आबादी वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बंद पड़ी एलइडी लाइट पानी की सुचारू व्यवस्था एवं उबर खाबर रास्तों को समतल करने के संबंध मे पूर्व पार्षदों अफजाल सैफी, महमूद इकबाल कस्सार, शमशुद्दीन कुरैशी, संगीता राहुल ने नगर निगम को ज्ञापन देकर व्यवस्था कराने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा है कि संपूर्ण महानगर में विशेष कर मुस्लिम एवं मिली जुली क्षेत्र में 17 जून से 19 जून तक कुबार्नी के पावन पर्व ईद उल अजहा को दृष्टिगत रखते हुए कुबार्नी के अवशेषों को उठाने के लिए छोटा हाथी एवं ई-रिक्शाओं को गली गली में तैनात करने और अवशेषों को उठाने के निर्देश निर्गत किए जाएं जो कुबार्नी के बाद संपूर्ण अवशेष कूड़ा गाड़ी एवं ई-रिक्शा में उठाकर ढलावघरों पर डाला जाए जिससे भीषण गर्मी के कारण गलियों में गंदगी ना हो और बदबू उत्पन्न हो। सभी डिपो प्रभारी को सभी सुपरवाइजर को सभी सफाई एवं खाद निरीक्षक घर को निर्देश निर्गत की जाए के 3 दिन तक नियमित रूप से विशेष सफाई अभियान चलाया जाए ।



**बिलासपुर ।** गुरुवार को बिलासपुर नगर पंचायत की चेयरमैन लता सिंह के पति संजय भैया भाजपा नेता के नेतृव में भाजपा कार्यकर्ताओ ने बड़ी संख्या में पहुंचकर नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का फूल माला व शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया तथा भाजपा कार्यकर्ताओ ने श्री राम की प्रतिमा भेंट कर दी बधाई । **छायाः बुलन्द संदेश**

**निर्देश** मानसून से पूर्व बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर में चल रहे कार्यों का लिया जायजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद नगर विकास मंत्री ने जाना गाजियाबाद का हाल नगर आयुक्त ने पेश की प्लास्टिक के विरुद्ध चल रही कार्यवाही की रिपोर्ट नगर निगम मानसून से पहले पुख्ता करेगा इंतजाम, नगर विकास मंत्री से हुई कार्य योजना पर चर्चा गाजियाबाद। मानसून पूर्व चल रही तैयारियों को लेकर बुधवार को वर्चुअल बैठक के माध्यम से नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नगर निकायों के नगर आयुक्त अधिकारियों से चर्चा की। जिसमें गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर में चल रहे कार्यों से नगर विकास मंत्री को अवगत कराया। गाजियाबाद के सभी रेन वाटर हार्वेस्टिंग को व्यवस्थित करने का कार्य, नालों की सफाई का कार्य, अवैध डेयरी पर अंकुश लगाने का कार्य, जल भराव हॉटस्पॉट को चयनित करने का कार्य के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। वर्चुअल बैठक के उपरांत नगर आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को मानसून से पूर्व बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए।



नगर विकास मंत्री द्वारा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान को तेज करने, कान्हा उपवन गौशाला की व्यवस्थाओं को बेहतर करने, ग्रीष्मकालीन ऋतु में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने, अन्य विशेष बिंदुओं पर चर्चा की। नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद की अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया।

**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा), बुलन्दशहर**

पत्रांकः 118 / डूडा/बु0शहर / निर्माण कार्य / 2024-25 दिनांक 13.06.2024

**ई- टेंण्डर निविदा सूचना**

जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), बुलन्दशहर में टी0एच0डी0सी0 इंडिया लि0 से प्राप्त धनराशि से 02 निर्माण कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं, जिस हेतु निविदाऐ ई-टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण एंव प्रपत्र वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा अपलोड करने की दिनांक 15.06.2024 से 25.06.2024 अपराहन 3:00 बजे तक है, तथा निविदा दिनांक 25.06.2024 को अपराहन 4:00 बजे खोली जायेगी।

**अवर अभियन्ता**
**डूडा, बुलन्दशहर।**

**परियोजना अधिकारी**
**डूडा, बुलन्दशहर।**

# बेहटा हाजीपुर अग्निकांड के पीड़ितों से मिली डॉली शर्मा,परिजनों को शोक सांत्वना देकर ढाढ़स बंधाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद गुरुवार को कांग्रेस प्रवक्ता और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ लोनी बॉर्डर क्षेत्र अंतर्गत बेहटा हाजीपुर गांव के भीषण अग्निकांड स्थल का मुआयना किया और प्रशासनिक लापरवाही पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन एलर्ट रहता तो इतनी बड़ी क्षति को रोका जा सकता था। उन्होंने इस दुर्घटना के 5 मृतकों और 2 घायलों के शोकसंतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया। इस दौरान उन्होंने जनपद की अग्निशमन व्यवस्था पर क्षोभ प्रकट किया और कहा कि यदि समय पर अग्निशमन दस्ता पहुंच गया होता तो इन बेशकीमती जिन्दगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से भी निववेदन किया कि अपनी सड़कों की चौड़ाई आपदा मानक के अनुरूप रखवाएं, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में उन तक मदद पहुंचाने में कोई परेशानी न आये। बता दें कि बुद्धवार को बेहटा हाजीपुर निवासी इश्तियाक पिता शेहफूर रहमान (70 वर्ष) के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी, जिसमें परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल होकर बुरी तरह से झुलस गए। जिनमें मृतकों में सैफ (36 वर्ष), नादरा (35 वर्ष), इकरा (4वर्ष), अर्श (4 वर्ष), उजमा (22 वर्ष) के नाम शामिल हैं। वहीं घायलों में फरीम (25 साल) और शीश (7 साल) के नाम शामिल हैं। इस मौके पर मनोज भारद्वाज, नीरज शर्मा, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# चिकनपॉक्स (छोटी माता) ने दी दस्तक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद में चिकनपॉक्स (छोटी माता) से 18 वर्षीय एक युवती की मौत हुई है। युवती को एक सप्ताह से तेज बुखार और चिकनपॉक्स था, लेकिन परिजनों ने उसे कहीं से दवा नहीं दिलवाई थी। बुधवार सुवह हालत ज्यादा खराव होने पर परिजन उसे एमएमजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार शुरू होने के कुछ देर बाद में ही युवती ने दम तोड़ दिया। सर्विलांस अधिकारी का कहना है कि युवती को चिकनपॉक्स के अलावा एनिमिया की भी वीमारी थी, जिसके कारण मौत हुई। फिलहाल मामले की जांच और सर्वे के लिए टीमों का गठन किया गया है। सरकारी स्तर पर चिकनपॉक्स का वैक्सीनेशन नहीं होता है, लेकिन संक्रामक रोग होने के चलते सर्विलांस अधिकारी का कहना है कि युवती को चिकनपॉक्स के अलावा एनिमिया की भी बीमारी थी, जिस कारण मौत हुई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सर्वे करवाया जा रहा है। साहिवावाद की पीर कॉलोनी में रहने वाली मुस्कान (18) को पिछले एक सप्ताह से तेज बुखार था और शरीर पर छोटे लाल दाने निकल आए थे। बुधवार सुवह मुस्कान विगड़ने पर राहिला उसे जिला की हालत एमएमजी अस्पताल ले गए जहां कुछ देर वाद ही मुस्कान ने दम तोड़ दिया।

# युवा भाजपा नेता सौरभ यादव ने दी योगी बाबा बालक नाथ को बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद दिनांक 13 जून 2024 दिन बृहस्पतिवार को राजस्थान सहित कई प्रदेशों मे भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए व एनडीए सरकार के गठन के लिए पूर्व सांसद अलवर व विधायक तिजारा (राजस्थान) व मठाधीश अस्थल बोहर मठ, रोहतक(हरियाणा) योगी बाबा बालक नाथ को वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय व युवा भाजपा नेता व निदेशक श्री राम गौरव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गाजियाबाद सौरभ यादव ने अपनी टीम के साथ पटका पहनाकर, मिठाई खिलाकर व पुष्पगुछ भेंटकर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की वह आशीर्वाद प्राप्त किया और इस अवसर पर साथ ही आलमपुर मंदिर के महंत योगी आदित्यनाथ व योगी श्रद्धा नाथ का भी स्नेह पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान मुख्य रूप से रामप्यारे यादव, नवीन यादव, राजेश यादव, शिवरतन यादव, सुभाष भगत आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी की सुरक्षा हटाने के मामले ने पकड़ा तूल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीतपाल त्यागी की सुरक्षा हटाने का मामला अब तुल पकड़ता जा रहा है।

**विधायक के दो चाचाओं की हो चुकी हत्या फिर भी पुलिस प्रशासन ने उनकी सुरक्षा हटाई क्षेत्र के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने की सुरक्षा देने की मांग**

विधायक के दो चाचाओं की हत्याओं के बाद भी पुलिस प्रशासन ने उनकी सुरक्षा हटा ली है इस संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शीघ्र ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश चंद त्यागी का कहना है कि मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के दो चाचाओं की हत्या हो चुकी है। जिनमें कानपुर विकास प्राधिकरण के चीफ था। जिसको लेकर तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी की सुरक्षा बढ़ा दी थी और परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षा दी गई थी। ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने लोकसभा चुनाव में में पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में देर रात तक बिना सुरक्षा के ग्रामीण क्षेत्र में रहकर पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग को मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से लगभग



79000 हजार मतों से विजय दिलाई थे। राजीव त्यागी का कहना है कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार के रहते हुए भाजपा विधायक को भाजपा के विधायक को सुरक्षा हटाना गैर जिम्मेदाराना है। जिसको लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। परशुराम सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा का कहना है कि उत्तर प्रदेश में पर वर्ष 1998 में जानलेवा हमला हुआ जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा और इंजीनियर तेजपाल सिंह त्यागी की 15 अक्टूबर वर्ष 1998 और गाजियाबाद बार एसोसिएशन केअध्यक्ष कुशल पाल त्यागी की 15अप्रैल 1992 को गाजियाबाद हिट चौराहे के पास ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा विधायक अजीतपाल त्यागी अफसर शाही को बढ़ावा देने के कारण ही लोकसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार हुई है। उन्होंने कहा कि विधायक अजीत पाल त्यागी की सुरक्षा बढ़ाना आवश्यक है। खिमावती के पूर्व ग्राम प्रधान अनिल त्यागी और असालत नगर के पूर्व प्रधान अनुज त्यागी का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी के परिवार में दो चाचाओं की हत्या और उनके ऊपर जानलेवा हमला होने के बाद भी पुलिस के अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा हटा दी है, जबकि वह देर रात तक बिना सुरक्षा के ग्रामीण क्षेत्र में रहकर लोगों का काम करते हैं। इसीलिए उनको वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जाए। ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी की सुरक्षा बढ़ाने को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जल्द ही एक बैठक बुलाएंगे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तैयार करेंगे।

# नर ही नारायण सेवा है: डॉ.बीपी त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** रास्ट्र वादी नव निर्माण दल के नेता डॉ. बीपी त्यागी ने पार्टी में अनुशासनहीनता केचलते अपने सभी पदो से त्यागपत्र दे दिया है।
राजनीति में आगामी रणनीति को लेकर किसी भी तरह का खुलासा नहीं किया है वह कहते हैं कि वह अपनी समाज सेवा पर पहले की तरह ही काम करते रहेंगे,जो उनका सिद्धांत है नर ही नारायण सेवा है।
पार्टी में अनुशासनहीनता, मैं डॉ बीपी त्यागी अपने सभी पदो से रास्ट्र वादी नव निर्माण दल से त्यागपत्र देता हूं । देश की राजधानी दिल्ली में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के अगले दिन जब पूरे देश में मंत्रिमंडल की चर्चा चल रही थी ठीक उसी दिन गाजियाबाद की राजनीति में एक व्यक्ति पार्टी की अनुशासनहीनता पर कठोर निर्णय लेने जा रहा था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ डॉक्टर बीपी त्यागी राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के अनुशासनहीन जिला अध्यक्षों से दुखी थे और पार्टी हाई कमान के लापरवाह व्यवहार से हैरान और परेशान थे पार्टी के इस अनुशासनहीन और लापरवाही से भरे हुए व्यवहार के चलते डॉक्टर बीपी त्यागी ने अपने सभी पदों से त्यागपत्र दे दिया।
इस त्यागपत्र की आधिकारिक सूचना उन्होंने गाजियाबाद की मीडिया को सौंप दी। डॉ बीपी त्यागी ने बातचीत में बताया कि वह चाहते थे की अनु त्यागी धर्मपत्नी श्रीकांत त्यागी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाए क्योंकि वह अनु त्यागी के साथ हुए गलत व्यवहार और सामाजिक अपमान के कारण श्रीकांत त्यागी की पार्टी से जुड़े थे लेकिन अनु त्यागी को ही पर्दे के पीछे बैठा दिया गया।
डॉ बीपी त्यागी ने कहा कि वह श्रीकांत त्यागी से सामाजिक स्तर पर जुड़े रहेंगे। डॉ बी पी त्यागी ने राजनीति में आगामी रणनीति को लेकर किसी भी तरह का खुलासा नहीं किया है वह कहते हैं कि वह अपनी समाज सेवा पर पहले की तरह ही काम करते रहेंगे, जो उनका सिद्धांत है नर ही नारायण सेवा है।

# उत्तर प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को दिया सीएम योगी ने तोहफा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिय उत्तर प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को दिया उट योगी ने तोहफा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है।
मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश की कैबिनेट बैठक के एक प्रस्ताव के कारण उत्तर प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को फायदा होगा। इस प्रस्ताव के पारित होने का उत्तर प्रदेश



के सभी कर्मचारी संगठनों ने स्वागत किया है।

**क्या है सीएम योगी का तोहफा**

उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने फैसला किया है कि उत्तर प्रदेश में अब ३० जून और ३१ दिसंबर को रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो व्यवस्था थी उसके अनुसार 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था।
अब कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के बाद ज्यूडिशियल कर्मचारियों को पहले ही इसका लाभ दिया जा चुका है और अब सरकारी कर्मचारी भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे। यहां यह बताना जरूरी है कि उत्तर प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की रिटायमेंट साल में दो बार ३० जून और ३१ दिसंबर को होती है। सरकार की तरफ से वेतन वृद्धि आदि का ऐलान साल में कभी भी हो यह एरियर के साथ एक जुलाई या एक जनवरी से लागू होता है। ऐसे में एक दिन पहले रिटायर होने वाले कर्मचारियों को यह लाभ नहीं मिल पाता था। अब इसका लाभ मिलेगा। रिटायमेंट के बाद ज्यादा पेंशन मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के इस फैसले का प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को फायदा होगा।

# आग कमर्शियल सिलेण्डर के फटने से लगी थी इस आग में 02 दुकान (खोका) जल गये

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** फायर स्टेशन वैशाली में 14:33 बजे पैसिफि क मॉल के सामने रोड के दूसरी तरफ मैट्रो पोल के पास लगी दुकान में सिलेण्डर फटने की सूचना मिली, सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित 01 फायर टैंडर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए, घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग रोड के किनारे लगी दुकान ( खोका ) में लगी थी, आग की लपटे बहुत तेजी से फैल रही थी फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करना शुरू कर दिया और आग को पूर्ण रूप से शान्त किया, फायर यूनिट ने आस-पास के इलाके को त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित बचा लिया गया।
यह आग कमर्शियल सिलेण्डर के फटने से लगी थी इस आग में 02 दुकान (खोका) जल गये, इसमें कोई जन हानि नहीं हुई।

# गाजियाबाद बिजली चोरी करने वाले 19 लोगों पर एफआईआर दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद टीएचए विद्युत निगम की तरफ से मंगलवार को बिजली की चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया गया। यह अभियान पसौडा, कैलाभट्टा, कनावनी सहित कई इलाकों में चलाए गए। यह सभी इलाके जोन तीन के अंतर्गत गिने जाते है। बिजली चोरी रोकने के लिए पहुंची टीम ने बताया कि लोग कटिया डालकर कूलर, बल्ब, फ्रिज इत्यादी बिजली उपकरण चलाते है। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अजय ओझा ने बताया कि कुल 19 लोगों को चोरी करते हुए पकड़ा गया है। इन सबके खिलाफ क्सुक्रा सेक्टर-8 में विद्युत निगम के एंटी थेफ्ट थाने में वसुंबरा में 19 लोगों पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जो लोग बिजली चोरी कर रहे थे वह सब घरेलू लाइने थी। इन पर 12 से 15 लाख तक का जुमार्ना लग सकता है।

# शांति पूर्ण माहौल में मनाएं ईद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** बकरीद की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभी थानों में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सभ्रांत लोगों के साथ शांति समिति की बैठक कर बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक मनाने पर जोर दिया जा रहा है। कहा कि त्योहार को आपसी भाइचारे के साथ मनाएं और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। गुरुवार को संभल कोतवाली में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्र ने कहा कि सभी लोग इस त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति व सौहार्द के साथ मनाएं। प्रतिबंधित पशुओं एवं खुले में कुर्बानी न करने के निर्देश दिए। कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें। ध्यान रहे कोई भी व्यक्ति प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करे। शांति पूर्व माहौल में पर्व को मनाएं। सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि ध्यान रहे कुबार्नी करते समय रील न बनाएं और न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें। कहा कि यह अपराध है। साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान न दिए जाने की बात कही। इसमें शहर के दोनों संप्रदाय के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसमें विद्युत विभाग से जेई रोहित मुखिया, जेई आलोक कुमार के साथ हाजी एहतेशाम, नाजिम सैफी, शाकिर हुसैन, मोहम्मद दानिश, मुजम्मिल हयात, श्रम सिंह, सय्यद शान, मोहम्म्द नदीम, फुरकान वारसी, मोहम्मद असलम, मेम्बर अनवर, नवाब साद, गुलजार अंसारी आदि दर्जनों भर से अधिक लोग मौजूद रहे।



**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा), बुलन्दशहर**

पत्रांकः 119 / डूडा/बु0शहर / निर्माण कार्य / 2024-25 दिनांक 13.6.2024

**निविदा सूचना**

जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), बुलन्दशहर में शासन/सूडा लखनऊ से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिस हेतु निविदाऐ टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदाओं की बिक्री दिनांक 15.06.2024 से 25.06.2024 तक कार्यालय समय में डूडा कार्यालय बुलन्दशहर से की जायेगी। मौहर बन्द निविादाऐं दिनांक 29.06.2024 को अपराह्व 3:00 बजे तक डूडा कार्यालय में डाली जायेगी। प्राप्त निविदाऐ दिनांक 29.06.2024 को गठित समिति के सम्मुख अपराहन 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा के मूल्य एवं कार्यों का विस्तृत विवरण एवं निविदाओं के सम्बन्ध में सूचना डूडा कार्यालय के नोटिस बोर्ड अथवा डूडा कार्यालय बुलन्दशहर से प्राप्त की जा सकती है।

**परियोजना अधिकारी**
**डूडा, बुलन्दशहर।**


**अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/ परियोजना निदेशक डूडा, बुलन्दशहर।**

**निरीक्षण** — गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का गुस्सा सातवें आसमान पर, नगर निगम कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

# नगर निगम अपर नगर आयुक्त के निरीक्षण में अधिकारियों की मनमर्जी बर्दाश्त नहीं की जाएगी: नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मैं निरीक्षण करने पर अनुपस्थित मिले कर्मचारियों खैर नहीं अपर नगर आयुक्त के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कविनगर जोन के 18 कर्मचारी अब होगी कार्रवाई गाजियाबाद। नगर निगम की कार्यशैली सुधारने और कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति को लेकर निगम अधिकारियों ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।
नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निदेर्शानुसार निगम कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकरअधिकारी गंभीर दिखाई दे रहे है। मंगलवार को संभव जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश और उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह को मालियों एवं सफाई कर्मियों की हाजिरी रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बुधवार को अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने कविनगर जोन का औचक निरीक्षण कर कर्मियों की उपस्थिति का रजिस्टर देखा। साथ ही अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया नगर निगम कार्यालय, जोनल ऑफिस, और वार्डों में सफाई कर्मचारी पार्कों में लगे हुए मालियों एवं अन्य कार्य कर रहे स्टाफ की उपस्थिति को लेकर पड़ताल की जा रह है। कवि नगर जोन का भी औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान 5 राजस्व निरीक्षक, प्रथम श्रेणी लिपिक एक, द्वितीय श्रेणी लिपिक दो-दो कार्यवाहक लिपिक, दो कर निरीक्षक द्वितीय, एक अनुचर, दो कंप्यूटर ऑपरेटर, तीन सीएलसी कर्मचारी, कुल 18 कर्मी अनुपस्थित मिले। जिस पर उपस्थित आशुतोष गुप्ता कर अधीक्षक से उनकी उपस्थिति के बारे में जानकारी ली गई और संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुपस्थित कर्मियों का वेतन काटने के लिए निर्देशित किया। रजिस्टर की भी जांच की गई, जिसमें रोमा वर्मा राजस्व निरीक्षक, श्याम सुंदर राजस्व निरीक्षक बिना किसी सूचना के तीन दिन से अनुपस्थित मिले। जो कि कार्य में लापरवाही को दशार्ता है। दोनों राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए भी निर्देश जारी किए गए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद 311 के माध्यम से जहां उपस्थित को लेकर विशेष कार्य किया जा रहा है। अधिकांश उपस्थिति भी गाजियाबाद 311 ऐप पर दर्ज कराई जा रही है। इसी के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों को भी उपस्थित पर विशेष मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया है। कर्मियों की उपस्थिति से विभागीय कार्यों में रफ्तार लाई जाएगी और नगर निगम वरिष्ठ अधिकारी निरंतर कर्मियों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए भी प्रयासरत दिखाई दे रहे हैं। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एक दिन का वेतन काटा जाएगा। अन्य जोन में भी औचक निरीक्षण करेंगे।






बीएसए स्कूलों में योगाचार्य के माध्यम से योगाभ्यास कार्यक्रम कराये

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में लोग अधिक से अधिक करें प्रतिभाग: प्रेरणा शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को जिलाधिकारी ने योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तथा दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के आयोजन



की तैयारियों की में सम्बंध में अधिकारियों तथा गैर सरकारी संगठनों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने दसवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को अधिक से अधिक लोगों के प्रतिभाग करने का आवाहन किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हापुड़ को निर्देशित करते हुए कहा कि योग स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ चूना छिड़काव तथा मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने हीट वेव से बचाव के लिये योगस्थल पर पेयजल के साथ साथ ओआरएस के पैकेट उपलब्ध करवाने व अधिकारियों से भारी संख्या मे छात्र-छात्राओं तथा नागरिक का योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग करवाने के निर्देश दिया। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्कूलों में योगाचार्य के माध्यम से योगाभ्यास का कार्यक्रम करवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने योग सप्ताह तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बेहतर प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न मुख्य स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व संदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर, जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन ने ज्येष्ठ गंगा दशहरा संपन्न कराने को कसी कमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** आगामी 16जून को ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। अधिकारियों ने मेले में करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया है। ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे से गंगा मेले में आने वालों पर नजर रखी जायेगी। पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ गढ़ व ब्रजघाट का भ्रमण कर मेले की तैयारियों का जायजा लेकर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

- पुलिस महानिरीक्षक, एसपी, एसपी ने ब्रजघाट का भ्रमण का तैयारियों का जायजा लिया
- डीएम एसपी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश
- आगामी 16 जून को मुख्य गंगा स्नान, करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान
- तीर्थ नगरी ब्रजघाट को चार जोन व नौ सेक्टर में बांटा:एसपी
- ड्रौन व सीसीटीवी कैमरे से मेला स्थल पर कड़ी नजर रखी जायेगी





आपको बता दें, कि प्रतिवर्ष मई व जून माह में ज्येष्ठ का दशहरा पर्व मनाया जाता है। दशहरा पर्व में जनपद के गढ़ व ब्रजघाट स्थित गंगा नदी में स्नान करने के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों से श्रद्धालु अपने वाहनों से आते है। श्रद्धालुओं द्वारा मुख्य स्नान की पूर्व संध्या से गढ़ व ब्रजघाट गंगा नदी के किनारे अपना डेरा डालने लगते है। गंगा स्नान करने आये श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबन्ध किये जाते है।

आगामी 16 जून को ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व मनाया जायेगा। इस बार मेले में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा मेला स्थल पर श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक प्रबन्ध किये जा रहे है।

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने ज्येष्ठ दशहरा गंगा मेला शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए मजिस्ट्रेट तैनात किये है। मजिस्ट्रेटों को उन्होंने गढ़ व ब्रजघाट पर मेला स्थल पर तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले पर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जायेगी। सिविल पुलिस के साथ-साथ पीएसी बल भी तैनात रहेगा। इसके अलावा जाम की स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न प्वाइंटों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

वहीं आगामी गंगा दशहरा मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस महानिरीक्षक मेरठ जोन ने गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट का पैदल भ्रमण कर मेले से सम्बंधित तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही यातायात व पार्किंग व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व संपन्न कराने के लिए तीर्थ नगरी ब्रजघाट को चार जोन व नौ सेक्टरों में विभाजित की है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दूसरे जनपदों से पुलिस मंगाकर तैनात किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गंगा दशहरा मेले पर 4 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 25 इंस्पेक्टर, 200 सब इंस्पेक्टर व 1000 पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। इसके अलावा दस स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाया गया है। ड्रौन कैमरे व सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मेला स्थल पर कड़ी नजर रखी जायेगा।

# नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया को ब्लाक प्रमुख ने किया सम्मानित

भाजपा नेता व धौलाना ब्लाक प्रमुख ने अपने कार्यालय पर सभी पदाधिकारी अधिवक्ताओं का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना तहसील के निर्विरोध नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया को भाजपा नेता धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया के नेतृत्व में ब्लाक प्रमुख कार्यालय परिसर में स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर निशांत भाई शिशोदिया ने कहा की विनोद शिशोदिया बेहद सज्जन व न्यायप्रिय व्यक्तित्व के स्वामी है। विनोद शिशोदिया के बार अध्यक्ष बनने से धौलाना तहसील में लोगो को सुलभ न्याय मिलेगा और उनकी समस्या का निराकरण होगा ये तय है । विनोद शिशोदिया संघर्ष करने के लिए जाने जाते है। इसलिए उनके बार अध्यक्ष बनने के बाद लोगो का विश्वास मजबूत हुआ है । उन्हे बहुत बधाई। इस मौके पर जसवीर सिंह उर्फ सोनू राणा, अमरपाल सिंह राणा, मिंटू चौहान, गजेन्द्र सिंह, अमर सिंह गहलौत, राजीव तोमर, मो फहीम, वीरेन्द्र तोमर, लोकेश शर्मा, राकेश राणा, मुस्ताक भाई, मनोज गौतम, विनोद कश्यप, विनोद समाना, गुरविंदर सिंह, आदि ने अनिल शर्मा को बधाई दी ।





# ईदगाह में ईदुल अजहा की नमाज सुबह 7:15 बजे अदा की जाएगी: शहर काजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शहर की मुख्य ईदगाह और अन्य मस्जिदों में अदा की जाने वाली नमाजे ईदुल अजहा की नमाज का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। शहर काजी मुफ्ती मकसूद आलम व नायब इमाम मौलाना असअद ने संयुक्त रूप से ब्यान जारी कर-के बताया कि ईदगाह में ईदुल अजहा की नमाज

**सरकार की गाइड लाइन का करें पालन, सड़कों पर नहीं पढ़े नमाज: डा.नजमुद्दीन**

17 जून सोमवार को सुबह 7:15 पर अदा की जाएगी। साथ ही 50 मस्जिदों में पिछले साल की तरह ईदुल अजहा की नमाज अदा करने का फैसला उलेमा के मशवरे से लिया गया है।

शहर काजी मुफ्ती मकसूद आलम ने अपील की है कि सड़कों पर नमाज अदा न करें अपने करीब की मस्जिदों में भी सहूलत को सामने रखते हुए जरूरतमंद लोग नमाज अदा कर सकते हैं।

हापुड़ ईदगाह कमेटी के सेक्रेटरी डॉ. नजमुद्दीन हवारी ने बताया कि ईदगाह की साफ सफाई का काम जारी है, उन्होंने भी अपील की है कि कोई भी नमाजी सड़क, रोड पर नमाज अदा न करें, हुकूमत की गाइडलाइन इसी तरह की है। जरूरी अपील के बैनर भी लगाए जा रहे है, जिससे लोग ईदगाह की चार दिवारी में ही नमाजे ईदुल अजहा की अदा करें।



# पूर्व सैनिकों ने कारगिल के शहीद सैनिक को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को पूर्व सैनिकों ने कारगिल शहीद नायक चमन सिंह के 25 वें शहादत दिवस पर उनके पैतृक गाँव उदयपुर में स्थित शहीद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह ने बताया कि करीब 25 वर्ष पूर्व कारगिल युद्ध के समय तोलोलिंग क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना द्वारा कब्जा कर ली गई पहाडियों को कब्जा मुक्त कराने के लिए भारतीय सेना ने पहाड़ी की उच्च चोटी पर कब्जा जमाये बैठे पाकिस्तानी व विषम परिस्थितियों में भी बहादुरी के साथ लड़ते हुए पाकिस्तानी सेना को खदेड़ दिया था। इस लड़ाई में नायक चमन सिंह ने अपने प्राणों की आहुति देकर भी देश की सीमाओं की रक्षा की।

हमें शहीद चमन सिंह पर गर्व है। इस अवसर पर पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह उपाध्याय जिला सैनिक बंधु, कैप्टन राजेश चौधरी जिलाध्यक्ष भारतीय पूर्व सैनिक संघ, कैप्टन गोपीचंद, हवलदार शाहिद अली जिलाध्यक्ष एआईडीसी, मीडिया प्रभारी हवलदार आदिल चौधरी, हवलदार प्रेम पाल सिंह आदि पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।




# तीर्थ यात्रियों पर हमले की निंदा, आतंकवाद का पुतला फूंका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** जम्मू-कश्मीर से वैष्णो देवी जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस पर आतंकवादियों द्वारा हमला करने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने संयुक्त रूप से अतरपुरा चौपला पर प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला फूंका और राष्ट्रपति से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा लोगों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर से वैष्णो देवी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकवादियों ने कायराना हमला किया। इसका विहिप और बजरंग दल कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि आज भी जम्मू कश्मीर में हिंदुओं को चिन्हित कर उनपर हमला किया जा रहा है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से बस पर हमला करने वाले आतंकवादियों को चिन्हित कर उन्हें फांसी की सजा दिलाने की मांग की।उन्होंने कहा कि कश्मीर से धारा-370 हटने के बाद भी जम्मू-कश्मीर पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। उग्रवादियों का मनोबल कम नहीं हुआ है। इस घटना पर पाकिस्तान का हाथ होने का आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर केंद्र सरकार को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए जाने की मांग की।

इस अवसर विहिप जिला उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, गिरीश त्यागी, दीपक त्यागी, प्रभात, ऋतिक त्यागी, जिला मंत्री प्रदीप, अजय सुन्दर नरायण सिंह त्यागी, एडवोकेट विकास त्यागी, संनप्रीत, अर्चित ध्रुव, राजेन्द्र गुर्जर, ईश्वर कुमारी, मुनेश त्यागी, विजय मित्तल, गुलशन त्यागी, अरविंद त्यागी, सुधीर त्यागी, कपिल त्यागी, अमित त्यागी, सीटू त्यागी, गौरव त्यागी, सुन्दर आर्य, सौदान सिंह और विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सभी प्रखंडों से देहात प्रखंडों से सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।




अवैध प्लाटिंग | आचार संहिता खत्म होने के बाद से गरजने लगा एचपीडीए के बुलडोजर

# एचपीडीए ने बुलडोजर से 51000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई : सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद से हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण का बुलडोजर गरजने लगा है। हापुड़ विकास क्षेत्र के देहात क्षेत्र में 51000 वर्ग मीटर में अवैध रूप से काटी जा रही प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकर्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच

**जनता से अपील, मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य करें**

गया है। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम जरौठी में अजय चौधरी, वेदपाल सिंह व चमन द्वारा 12500 वर्ग मीटर, ग्राम दोयमी में जय प्रकाश, सतेन्द्र व अशोक द्वारा 15000 वर्ग मीटर, ग्राम दोयमी धनौरा रोड पर धर्मपाल, रामपाल द्वारा 21000 वर्ग मीटर व बाबूगढ़ छावनी काली नदी के निकट हर्षित बाना द्वारा 2500 वर्ग मीटर में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी में अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया।

उन्होंने अवैध निर्माणकर्ताओ व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माणों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर, ही निर्माण करे, अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग, कालोनी व निर्माणो को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर अवर अभियंता वीरेश राणा व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।





अवैध कालोनी को ध्वस्त करता एचपीडीए का बुलडोजर व प्रदीप कुमार सिंह

# महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर पुत्र के साथ की आत्महत्या, पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के बुलन्दशहर रोड स्थित मोहल्ला मजीदपुरा में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपने पांच वर्षीय पुत्र के साथ आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला मजीदपुरा में शाहनवाज अपने परिवार के साथ रहता है। वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गत बुधवार की रात्रि उसकी पत्नी फौजिया 28 वर्ष ने अपने पांच वर्षीय पुत्र उजैफ के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।



कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि महिला फौजिया ने अपने पुत्र उजैफ के साथ जहरीला पदार्थ खाया, जिसकी जानकारी मिलने पर परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलने में मृतकों के परिजन मौके पर पहुंचकर हत्या का आरोप लगाने लगे, पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया।

## सम्पादकीय

# वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों। 'शर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं। क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लांड अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है। भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। 'थप्पड़इ कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतःस्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं।

इतना ही नहीं कई नेताओं पर जूता उछाले जाने की घटनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र लोगों को विरोध प्रदर्शन की आजादी देता है और लोग विरोध के नए-नए तरीके खोज लाते हैं। कभी विरोध में अंडे, टमाटर फेंके जाते हैं, तो कभी जूते-चप्पल 'कंगना ने किसान आंदोलन के खिलाफ में कुछ बोला तो सीआईएसफ की कांस्टेबल ने आज कंगना पर हमला कर दिया। ये कहां तक उचित है? जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे ये समझ लें कि रक्षक को भक्षक नहीं बनना होता है। आपकी व्यक्तिगत सोच और विचारधारा आपकी ड्यूटी के बीच में नहीं आनी चाहिए। देशभर में दर्जनों नेता हैं जो सेना के खिलाफ बोलते आए हैं। कभी सिक्यूरिटी के दौरान किसी सैनिक की भावना उसकी ड्यूटी के बीच आ गई तो ऐसे नेताओं का वहीं हिसाब हो जाएगा। धारा 370, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कई नेताओ और सेलिब्रिटीज के घटिया और भद्दे बयान सबके सामने हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ अगर हर सुरक्षाकर्मी सिक्युरिटी के दौरान अपनी भवनाएं दिखाने लगा तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जाएगी। मुझे तो ये समझ नहीं आ रहा है कि लोग कैसे इस महिला के एक्ट को जस्टिफाई कर सकते हैं। क्या लोग ये भूल गए कि ऐसे ही दो सुरक्षा कर्मचारियों की भावनाएं उनकी ड्यूटी के बीच आ गई थी जिसकी वजह से इंदिरा गांधी की हत्या हुई। हिंसा की भर्त्सना बिना शर्त जब तक न की जाएगी, जब तक उसके लिए कोई औचित्य तलाशा जाता रहेगा और जब तक वह विचारधारा के आधार पर सही या गलत मानी जाएगी, उसकी पुनरावृत्ति होती रहेगी। संचार माध्यमों द्वारा हिंसा को नयनाभिराम बनाकर अगर उपभोग्य बना दिया गया तो वह फिर बार-बार 'अदाइ की जाएगी और अपनी भयावहता भी खो बैठेगी। वह लोकतंत्र का सबसे सबसे खतरनाक क्षण होगा। देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? क्या इसको बढ़ावा देना उचित है? क्या कल को और कोई नहीं ऐसे किसी नेता या पब्लिक फिगर पर हाथ उठेगा? क्या गारंटी है कि कल को यही घूम कर सभी के पास आएगा। थप्पड़ मारने को उचित नहीं कहा जा सकता, साथ ही ऐसे गुस्से को भी सुनना तो पड़ेगा, सुनना चाहिए। राजनेताओं को समझना चाहिए कि पीड़ित जनता की भावनाओं के प्रति यदि वे न केवल संवेदनहीन बल्कि क्रूर व अमानवीय रवैया अपनाएंगे तो जनता अपनी हताशा किसी रूप में तो व्यक्त करेगी। किसी को थप्पड़ मारना अपराध है। इस तरह के मामलों में पुलिस आईपीसी के सेक्शन 323 के तहत केस दर्ज करती है। उन्होंने आगे कहा कि आईपीसी के सेक्शन 323 के तहत अगर कोई अपनी इच्छा से किसी को चोट या नुकसान पहुंचाता है, तो ऐसा करने पर उसे 1 साल की जेल हो सकती है। साथ ही 1 हजार रु पये का जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है, लेकिन अगर ये बात सामने आती है कि किसी ने बदसलूकी की और फिर ये घटना हुई तो अदालत सजा को बदल भी सकती है या मामले को ही खारिज कर सकती है।

# छात्रों में तनाव और चिंता का कारण बनती प्रश्नपत्र लीक होने की बढ़ती घटनाएं



प्रियंका सौरभ

**यह दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं**

जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो परीक्षार्थियों के साथ परिजनों के भी सपने भी चकनाचूर होते हैं। ऐसी घटनाओं से एक उन्नत, समृद्ध, सुशिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज बनने-बनाने का हमारा सामूहिक स्वप्न और मनोबल टूटता है। इससे युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष एवं निराशा की स्थायी भावना घर करती है, शासन का प्रभाव कम होता है और व्यवस्था से आमजन का मोहभंग होता है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं। इसके साथ ही सरकार की विश्वसनीयता संकट में पड़ती है। प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े-बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। राजनेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निमार्ता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता।

प्रश्नपत्र लीक की लगातार घटनाएं भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले प्रश्नपत्र लीक के 70 से अधिक मामले 2023 में सामने आए, जिससे बीसीएस , मेडिकल प्रवेश परीक्षा और राज्य भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हुईं । इन लीक ने छात्रों में अत्यधिक तनाव और चिंता पैदा कर दी है , जिससे उनकी तैयारी और आत्मविश्वास का स्तर बाधित हुआ है। प्रश्नपत्र लीक होने में मैनुअल हैंडलिंग और सुरक्षा चूक प्रमुख कारण है। प्रश्नपत्रों की छपाई और वितरण की पारंपरिक विधि में कई टचपॉइंट शामिल होते हैं, जहां सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है। उदाहरण के लिएः 2020 में, मैनुअल हैंडलिंग गलती के कारण बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के दौरान एक महत्वपूर्ण गलती हुई। संगठित अपराध में संलिप्तता से आपराधिक गिरोह परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों का लाभ बढ़ते आर्थिक लाभ कमाते हैं। उदाहरण के लिएः राजस्थान में, कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिससे करोड़ों का अवैध राजस्व अर्जित हुआ। तकनीकी कमजोरियाँ बताती है कि खराब सुरक्षा वाले डिजिटल सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लीक हो सकता है। उदाहरण के लिएः मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र हैक किए गए ईमेल पोस्ट के माध्यम से लीक हो गए, जिससे व्यापक वितरण हुआ। परीक्षा अधिकारी या कर्मचारी कभी-कभी वित्तीय लाभ के लिए पेपर लीक करने के लिए बाहरी पक्ष के साथ सहयोग करते हैं। उदाहरण के लिएः 2023 में राज्य भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है। भौतिक उपयोगकताओं के लिए छेड़छाड़-रोधी ट्रैकिंग और सुरक्षित परिवहन सुविधाओं का उपयोग करना जरुरी है। उदाहरण के लिएः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डेटाबेस डिजिटल संसाधनों का उपयोग शुरू किया है, जो केवल परीक्षा परिणामों पर अधिकृत कर्मियों के लिए आसान हैं। सुरक्षित प्रश्नपत्र प्रबंधन और वितरण के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिएः एडुब्लॉक प्रोब्लॉक का उपयोग कर- के यह सुनिश्चित करता है कि प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से चिपका हुआ हो और केवल परीक्षा केंद्र पर ही डिक्रिप्ट किया गया हो , जिससे लीक होने का जोखिम काफी कम हो जाता है। सख्त कानूनी ढांचा लीक में शामिल व्यक्तियों और अंगों के लिए कठोर दंड लागू कर सकता है। उदाहरण के लिएः सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित मौतों की रोकथाम) टिप , 2024, कारावास और भारी जुमार्ने सहित कठोर दंड का प्रस्ताव करता है। परीक्षा कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और सख्त जवाबदेही भी एक उपाय हो सकता है। उदाहरण के लिएः खतरे का पता लगाना और उन्हें रोकने के लिए नियमित ऑडिट करना और निगरानी प्रणाली लागू करना। प्रश्नपत्र लीक का छात्रों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर पड़ता है।इससे छात्रों में तनाव और चिंता में वृद्धि होती है।प्रश्नपत्र लीक होने से उत्पन्न असुविधा और अनियमितता छात्रों में तनाव और चिंता को काफी हद तक बढ़ा देती है, जिससे उनका मानसिक कल्याण और परीक्षा प्रदर्शन प्रभावित होता है। जिन छात्रों ने कड़ी मेहनत की है, उन्हें लग सकता है कि उनकी उपलब्धियों को कम आंका गया है, जिससे शिक्षा प्रणाली और उनकी अपनी क्षमता में आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। पेपर लीक की बार-बार होने वाली घटनाएं छात्रों को हक कर सकती हैं, जिससे उन्हें अपने भविष्य की संभावनाओं और योग्यता-आधारित सफलता के मूल्य के बारे में मोहभंग होने लगता है।बिहार में राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं के कई लीक के बाद, कई छात्र निराश महसूस करने लगे और शिक्षा प्रणाली की निष्पक्षता में विश्वास खो दिया। छात्रों की शैक्षणिक योजनाएं परीक्षा में बैठने की आवश्यकता से बाधित होती हैं , जिससे अतिरिक्त तनाव और तार्किक प्रतिभा पैदा होती है। प्रश्न-पत्र लीक होने सेकण्डरी विश्वास और परीक्षा में विश्वास की हानि होती है, जिससे छात्रों और सेवाओं में अविश्वास पैदा होता है।

छात्रों पर इस मनोवैज्ञानिक प्रभाव को कम करने के लिए परामर्श और सहायता सेवाएं समय की मांग है । लीक से प्रभावित छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता और परामर्श प्रदान करना अत्यंत जरुरी है। उदाहरण के लिएः परीक्षा के समय में छात्रों को तनाव और चिंता से निपटने में मदद करने के लिए हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र स्थापित करना। भविष्य में लीक को रोकने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में संशोधित संचार बनाए रखें। छात्रों और उपभोक्ताओं को विश्वास को फिर से बनाने के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों और मुफ्त योजनाओं के बारे में सूचित करना। वैकल्पिक परीक्षा कार्यक्रम से बीमारियों को कम करने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों के साथ परीक्षाओं को जल्दी से दोबारा करवाना बहुत फायदेमंद है। छात्रों के लिए लंबे समय तक तनाव से बचने के लिए स्थानीय प्रश्न पत्र और पर्याप्त परीक्षा तिथियों की व्यवस्था करना। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं।

चूंकि प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या अनियंत्रित होती जा रही है, इसलिए केंद्र समेत विभिन्न राज्यों की सरकारों का यह प्रथम एवं सर्वोच्च दायित्व होना चाहिए कि वे प्रश्नपत्र लीक होने के प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने दें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे प्रश्नपत्र लीक होने की कोई गुंजाइश ही न रहे। समझना कठिन है कि सूचना तकनीक के इस युग में ऐसी व्यवस्था बनाना कठिन क्यों है? यह दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो।

इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बेहतर सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, सख्त कानूनी उपाय और प्रभावित छात्रों के लिए व्यापक समर्थन शामिल है। इन उपायों को लागू करके, हम परीक्षा प्रणाली में विश्वास बहाल कर सकते हैं और सभी छात्रों के लिए एक निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकते हैं।

## अगर बाल श्रम पाप है

घर की जिम्मेदारी सर पर आते ही
अपने ही घर से दूर चले जाते हैं
वह लड़के बचपन में ही बड़े हो जाते हैं
स्कूल जाने की उम्र में घर का खर्चा चलाने लगते हैं
वह लड़के बचपन में ही कमाने लगते है,

माँ बाप के सपने तो
घर की जिम्मेदारियों को बेखूबी वह निभाते हैं
अपने सपने मारकर
घर के जरूरतों को पूरा करने मे लग जाते हैं
घर की जिम्मेदारी को वह बचपन मे ही समझ जाते हैं,

घर मे वह बेसक छोटा हो बड़ो का फर्ज निभाते है
माँ बाप का लाडला वह भी है
पर दो रोटी के खातिर वह दर दर ठोकर खाते है
कभी कुछ खाकर तो कभी भूखे ही सों जाते है
घर की जिम्मेदारी को वह बचपन मे ही समझ जाते हैं,

इनके हालातो को बस टीवी और अखबारों मे दिखाते है
अगर बाल श्रम पाप है तो इस पाप खत्म क्यों ना करते है
इन मासूमों पर हम रहम क्यों ना करते है
बाल मजदूरी को हम बंद क्यों ना करते है
इनको शिक्षा और स्वास्थ्य का इंतजाम क्यों ना करते है।



महेश कुमार प्रजापति

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# चरित्र निर्माण राष्ट्रीयता का सूत्रधार,राष्ट्र की आवश्यकता उत्तम शिक्षा एवम चरित्र



संजीव ठाकुर

चरित्र अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अतः समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदूषित, खराब होता है। दूसरी तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है। हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए, और इस प्रयास में हमें बच्चों को प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।चरित्रवान नेता सदैव अपने नागरिकों को महान बनने की प्रेरणा देता है। और सचरित्र ही हमेशा उदाहरण बनके आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। महात्मा गांधी तथा अन्य नेताओं ने चारित्रिक प्रबलता के दम पर ही ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंका था। सदाचारी व्यक्ति की समाज में प्रतिष्ठा होती है,और दुराचारी नेता सदैव निंदा का पात्र बनता है। जिस राष्ट्र के नेता नागरिक दुराचारी हो उसकी प्रगति कभी ठीक से नहीं होती। अतः देश की सही व निरंतर प्रगति के लिए आवश्यक है कि उसके अग्रणी नेता नागरिक आने वाली पीढ़ी सच्चरित्र एवं निष्ठावान हो। किसी भी व्यक्ति या नागरिक का चरित्र होना इस बात पर निर्भर नहीं करता कि वह कितना शिक्षित है।एक अशिक्षित व्यक्ति भी अपने मयार्दापूर्ण जीवन से अच्छे चरित्र की संज्ञा पा सकता है, और यदि उच्च शिक्षित व्यक्ति भ्रष्टाचार दुराचार में लिप्त हो तो वह दुष्ट चरित्र ही कहलाता है। कई अति शिक्षित व्यक्ति दुराचार एवं विचार में लिप्त होकर अपने पढ़े लिखे होने को कलंकित करते हैं। और वही कम पढ़ा लिखा या अशिक्षित ऑटो ड्राइवर यात्री द्वारा भूल से छोड़े गए लाखों रुपए पुलिस थाने में जमा कर आता है, यह उस अनपढ़ व्यक्ति की उत्तम चरित्र की परिभाषा है।

## शुक्रवार का राशिफल

मेष — स्टूडेंट लोन, छोटा व्यवसाय लोन, नौकरी में ट्रांसफर सम्बन्धी कार्य में व्यस्त रह सकते है, संतान के लिए रिश्ते की बात चल सकती है। भाग्य प्रतिशत-72

वृषभ — वैवाहिक जीवन में बहस सम्भव है, थोड़ा काबू रखें, किसी केस में पेच फंसता नजर आयेगा टेंशन का स्तर बढ़ेगा लेकिन सहयोग भी मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-50

मिथुन — किसी पुरानी चीज को बेचने का मन बना लेंगे, चेक बाउंस केस, नौकरी सम्बन्धी केस देखना पड़ेगा, राजनीति में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-53

कर्क — कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी, आमदनी का स्तर भी सुधरेगा, ऑनलाइन कोचिंग शुरू कर सकते है, किसी स्कीम में निवेश भी कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-73

सिंह — सरकारी अध्यापक, बैंकिंग, स्टॉक एक्सचेंज से सम्बन्धित क्षेत्र में है तो लाभान्वित होंगे, सूझबूझ से फैसले लेंगे, कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्य मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-71

कन्या — कोई परीक्षा देनी है तो फोकस करें, गर्मी से शारीरिक परेशानी सम्भव है, मेडिकल स्टोर, सीमेंट, बिजली सबंधित कार्य लाभ देगा, क्म्प्यूटर कोर्स जॉइन कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-65

तुला — नेट, पीएचडी सम्बन्धित कार्य में सफलता प्राप्त होगी, शिक्षा का लाभ होगा, जीवन साथी से अच्छी सलाह एवं सहयोग मिलेगा, प्रेम विवाह में विलंब होगा। भाग्य प्रतिशत-79

वृश्चिक — वकालत में उन्नति करेंगे, ब्लड प्रेशर हृदय रोग में सावधानी बरतें, व्यस्तता बढ़ेगी, पुलिस, चिकित्सा, खेलकूद के क्षेत्र में जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। भाग्य प्रतिशत-79

धनु — पिता की सेहत प्रभावित रह सकती है, अस्पताल चक्कर लगेंगे, सरकारी नौकरी में अंतिम पड़ाव की तैयारी करेंगे, भागदौड़ काफी रहेगी। भाग्य प्रतिशत-52

मकर — आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा, महत्वपूर्ण निर्णय ना ले सके तो शुभचिंतक से सलाह ले, राजनीति में प्रभाव बढ़ेगा, फाइनेंस गड़बड़ा सकता है। भाग्य प्रतिशत-73


कुंभ — कुछ लोगों से बातचीत होगी उनसे काम होगा तो धन मिलना शुरू होगा, कारीगरी या मैन्युफैक्चरिंग कार्य सुचारू रूप से चलेगा, एसिडिटी, गैस दिक्कत देगी। भाग्य प्रतिशत-68

मीन — कार्य का बोझ रहेगा, लेकिन सम्भाल लेंगे, शारीरिक रूप से कमजोर रह सकते है, ट्रांसफर सम्भव है, ट्रैवल कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-52



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# मोदी-बीजेपी से खटास के बीच संघ प्रमुख का यूपी में प्रवास



संजय सक्सेना

एक तरफ जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और मोदी सरकार के बीच दूरियां नजर आ रही हैं,वहीं उसी समय सरसंघचालक मोहन भागवत आज 12 जून को पांच दिवसीय यात्रा पर गोरखपुर पहुंच गये हैं। भागवत यहां संघ के चल रहे कार्यकर्ता विकास वर्ग में वह स्वयंसेवकों को विकास की टिप्स देने का कार्य करेंगे।माना जा रहा है कि इस दौरान मोहन भागवत लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में मिली करारी हार को लेकर भी मंथन कर सकते हैं. हालांकि, अभी ऐसा कोई कार्यक्रम तय नहीं हैं. भागवत 16 जून तक यहां वास करेंगे और कार्यकर्ता विकास कार्यक्रम के अलावा, गोरखपुर के किसी अन्य कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे. 17 जून की सुबह को वह गोरखपुर से रवाना हो जाएंगे। 13 जून दिन गुरुवार को उनका विकास वर्ग में स्वयंसेवकों के बीच संबोधन होगा। संघ के प्रचार अभियान से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोहन भागवत कार्यकर्ता विकास वर्ग में, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में आयोजित हो रहे स्वयंसेवक कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं. यह संघ के ऐसे कार्यकताओं का विकास वर्ग है जिनके ऊपर संघ का कोई दायित्व है।इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संघ प्रमुख से मुलाकात कर सकते हैं।

गोरखपुर में आयोजित आरएसएस विकास का वर्ग कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कानपुर, गोरक्ष प्रांत, अवध और काशी प्रांत के कार्यकर्ता शामिल हैं, जिसमें करीब 280 लोग प्रतिभागी कर रहे हैं। सभी प्रतिभागियों का पूरी तरह से यहां ही प्रवास रहेगा। इस दौरान यह किसी से संपर्क में नहीं आ सकते। सरसंघचालक मोहन भागवत अपने 5 दिन के प्रवास के दौरान संघ के पदाधिकारी को संगठन के आगामी कार्य योजनाओं से भी अवगत कराएंगे और उसके संचालन की रणनीति बताएंगे.संघ प्रमुख बनने के बाद मोहन भागवत गोरखपुर में छठवीं बार पधार रहे हैं. पहली बार वह कार्यकारी मंडल की बैठक में गोरखपुर हिस्सा लेने के लिए आए थे. जिसमें देशभर के संघ के पदाधिकारी गोरखपुर में इकट्ठा हुए थे. इसके पहले और पिछली बार उनका 20 मार्च 2022 को गोरक्ष प्रांत के स्वयंसेवकों की बैठक को, संबोधित करने के लिए तीन दिन के लिए गोरखपुर में आना हुआ था. उनका यह ताजा दौरा स्वयंसेवकों को सक्रियता के जरिए संगठन को मजबूती पर लाने का है. इस कार्यक्रम में संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक रमेश और क्षेत्र कार्यवाह वीरेंद्र जायसवाल की भी उपस्थित रहेगी.भागवत का यह दौरा तब हो रहा है जब आरएसएस और बीजेपी एवं मोदी सरकार के बीच कुछ दूरियां नजर आ रही हैं।

गौरतलब हो, लोकसभा चुनाव में करीब आधी सीटों तक सिमटने वाली भाजपा की हार के भले ही कई कारण गिनाए जा रहे हों, पर संघ से दूरी भी एक बड़ी वजह है। संभवतः यह पहला चुनाव है जिसमें भाजपा ने प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनावी रणनीति तैयार करने तक में भी संघ से परामर्श नहीं लिया। लिहाजा संघ ने भी खुद को अपने वैचारिक कार्यक्रमों तक ही समेटे रखा। इसका भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा। यह पहला चुनाव था जिसमें चुनावी प्रबंधन में संघ परिवार और भाजपा में दूरी दिखी। भाजपा ने किसी भी फैसले में उससे परामर्श करने तक की भी जरूरत नहीं समझी। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मौन साध रखा था। आमतौर पर चुनाव में जमीनी प्रबंधन में सहयोग करने वाले संघ के स्वयंसेवक इस चुनाव में शायद ही कहीं दिखे हों। जिलों में न तो संघ और भाजपा की समन्वय समितियां दिखीं और न ही डैमेज कंट्रोल के लिए छोटे-छोटे स्तर पर अमूमन होने वाली संघ परिवार की बैठकें होती नजर आईं। कम मतदान पर लोगों को घर से निकालने वाले समूह भी इस चुनाव में कहीं नहीं दिखे।

सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो संघ ने चुनाव से किनारा कर लिया। संघ से जुड़े कुछ वर्तमान, पूर्व पदाधिकारियों व प्रचारकों के अनुसार इसकी मुख्य वजह भाजपा के एकांगी निर्णय और संघ परिवार के संगठनों के साथ संवादहीनता रही। माना जाता है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के बयान कि भाजपा अब पहले की तुलना में काफी मजबूत हो गई है। इसलिए उसे अब संघ के समर्थन की जरूरत नहीं है, ने भी स्वयंसेवकों उदासीन कर दिया। संघ के एक पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी बताते हैं कि संघ अचानक तटस्थ होकर नहीं बैठा था। संघ से जुड़े सूत्रों के अनुसार 2019 के लोकसभा चुनाव में मिले परिणामों के बाद आत्ममुग्धता से लबरेज भाजपा ने अपने सियासी फैसलों में संघ परिवार को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया था। भाजपा ने जब संघ परिवार की सलाह की अनदेखी कर एक के बाद एक कई ऐसे फैसले कर डाले, जिनसे संगठन की साख और सरोकारों पर विपरीत प्रभाव पड़ना लाजिमी था, इसलिए संघ ने भी अपनी भूमिका समेट ली। अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भी कुछ मतभेद उभरे।

बात सियासत की कि जाये तो बताया जाता है कि संघ ने उत्तर प्रदेश की कौशांबी, सीतापुर, रायबरेली, कानपुर, बस्ती, अंबेडकरनगर, जौनपुर, प्रतापगढ़ सहित प्रदेश की लगभग 25 सीटों के उम्मीदवारों पर असहमति जताई थी। साथ ही बड़े पैमाने पर दूसरे दलों के लोगों को भाजपा में शामिल करने पर भी नाराजगी वयक्त की थी। जानकारी के मुताबिक, संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी से कहा था कि दूसरे दलों के दागी और अलोकप्रिय चेहरों को शामिल करना उचित नहीं है। इससे गुटबाजी बढ़ रही है। साथ ही संगठन की साख पर भी सवाल उठ रहा है। पर, उसकी सलाह नहीं मानी गई। लिहाजा संघ उदासीन हो गया। संघ से जुड़े सूत्रों का यह भी कहना है कि चुनाव से पहले प्रदेश भाजपा ने कई क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ ही जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की थी। इसमें भी संघ परिवार के फीडबैक की अनदेखी की गई। खासतौर से गोरक्ष प्रांत और काशी के क्षेत्रीय अध्यक्ष और कुछ पदाधिकारियों की नियुक्ति को लेकर संघ ने नाराजगी व्यक्त की थी। वाराणसी समेत कई लोकसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में भारी कमी आने के पीछे पदाधिकारियों की मनमानी नियुक्ति को भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है।

यही नहीं, इस बार के चुनाव भाजपा ने हर लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी नियुक्त किया था, जो कोई करिश्मा नहीं दिखा पाए। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि ज्यादातर लोकसभा क्षेत्रों में बाहरी नेताओं को प्रभारी बनाया गया था, जिन्हें न तो संबंधित लोकसभा क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी थी और न ही जातीय समीकरण व मुद्दों की। मतदाताओं के बीच भी बाहरी प्रभारियों की कोई पकड़ नहीं थी। लिहाजा तमाम प्रभारियों ने जमीन पर काम करने के बजाय सिर्फ क्षेत्रों में होने वाले बड़े नेताओं के सभाओं में चेहरा दिखाने तक ही खुद को सीमित रखा। जानकारों का कहना है कि इस बार भाजपा का चुनाव प्रबंधन सिर्फ कागजों पर नजर आया था। संघ भी उदासीन हुआ तो ज्यादातर स्थानों पर न तो भाजपा के वोटरों को निकालने वाले दिखे और न उन्हें समझाने वाले। ज्यादातर मतदान केंद्रों पर 2014, 2019, 2017 और 2022 वाला प्रबंधन नहीं दिखा।यह दूरियां तब बढ़ी हैं जबकि चुनाव की घोषणा के एक साल पहले ही संघ परिवार ने अपने वैचारिक कार्यक्रम के तहत जनता से संवाद शुरू कर दिया था।

# डीएम ने नौचंदी मेले की तैयारियो का किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा नौचंदी मेले की तैयारियो का



स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होने कहा कि नौचंदी मेला जनपद मेरठ की पहचान है, मेले का आयोजन भव्य होना चाहिए। उन्होने संबंधित अधिकारियो के साथ पूरे ग्राउंड का निरीक्षण किया तथा मेला ग्राउंड में किये जा रहे कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने संबंधित अधिकारी को साफ सफाई व विद्युत की उचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए स्थान का चिन्हांकन कर लिया जाए।इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, एसडीएम सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह,अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्यकांत त्रिपाठी,एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अब लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में होगी कैरोटिड एंजियोग्राफी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** प्रधानाचार्य डॉ आर सी गुप्ता के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज मेरठ नित नई नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। इसी क्रम में लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के न्यूरोलॉजी विभाग में पहली बार कैरोटिड एंजियोग्राफी की गई है। यह विशेष एंजियोग्राफी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी भी सरकारी संस्थान एवं सरकारी अस्पताल में की गई पहली जाँच है।

यह विशेष जाँच दिमाग से संबंधित बीमारियों के कारण को पता करने में अत्यंत उपयोगी है। इस जाँच से ग्रीवा धमनी के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जैसे धमनी की बनावट,सिकुड़न, रक्त प्रवाह, खून का थक्का, साइनस ट्यूमर, दूसरी नसों का गलत जुड़ना आदि का पता लगाया जा सकता है। डॉ दीपिका सागर ने बताया कि इस



विशेष जाँच के द्वारा स्ट्रोक होने की संभावनाओं के खतरो के बारे में भी पता लगाया जा सकेगा। इस जाँच के लिए पहले मरीजो को दिल्ली या प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता था। प्राइवेट अस्पतालों में यह जाँच 15 हजार से 20 हजार रुपये में होती है किन्तु अब यह जाँच मेडिकल कॉलेज मेरठ में उपलब्ध है। आयुष्मान कार्ड धारको के लिये यह जाँच निःशुल्क है तथा अन्य मरीजो के लिये यह जाँच सरकारी दरो पर 7100 रुपए में उपलब्ध है।

यह जाँच मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ दीपिका सागर द्वारा की गई है, मरीज अफसर अली निवासी अमरोहा को करीब १० दिन पहले लकवा की बीमारी हुई थी, जिससे उनके दिमाग के अंदर खून का थक्का जम गया था। वह चलने, खाने पीने में असमर्थ थे। इस विशेष जाँच द्वारा उनकी गर्दन की दोनों तरफ की खून की नसो के रक्त प्रवाह को देखा गया। इस विशेष जाँच को करने में कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धीरज सोनी का विशेष सहयोग रहा एवं अन्य स्टाफ द्वारा सहयोग किया गया।प्रधानाचार्य डॉ आर सी गुप्ता ने न्यूरोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ दीपिका सागर को उपलब्धि हेतु बधाई दी।

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं लोग, नाली-सड़क की समस्या गंभीर, समस्याओं के समाधान को लेकर डीपीआरओ से मिले मोहल्लेवासी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** हरियाली संरक्षण ट्रस्ट व भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी सरधना देहात के लोकप्रिय रोड की मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं का निस्तारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव से मिले।वार्ड वासियों का आरोप है ग्राम प्रधान ने विकास कार्यों में धांधली की है जिसमें भ्रष्टाचार की जांच हो और साथ ही अपनी कॉलोनी की समस्याओं के समाधान हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव को ज्ञापन सोंपा।समस्याओं को सुन उन्होंने सरधना देहात के सचिव भूपेंद्र तोमर को फटकार लगाते हुए कुछ बिंदुओं पर तुरंत कार्य कराने व कुछ बिंदुओं पर डेढ़ महीने के अंदर कार्य कराने की बात कही व मेंन रास्ता निर्माण, बच्चा शमशान के सौंदर्यकरण को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया।बाकी कार्य न होने पर दोबारा मिलने की बात कही। इस दौरान देने में रिहान मलिक हनीफ राणा (भाकियू) खालिद मलिक अंकुर जाहिद आदि शामिल रहे।




# बेरोजगार युवा स्व-रोजगार हेतु करें ऑनलाईन आवेदन: उपायुक्त उद्योग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, मेरठ दीपेन्द्र कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये बताया

**उद्योग व सर्विस सेक्टर में स्व-रोजगार लगाने पर सरकार दे रही 25 प्रतिशत की सब्सिडी, करें ऑनलाईन आवेदन-उपायुक्त उद्योग**

कि प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारो को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान किये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना संचालित है। मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 के निर्देशन में संचालित उक्त




योजना उ0प्र0 के निवासी युवको/युवतियो हेतु स्व-रोजगार के लिए स्वर्णिम अवसर है। योजना के अंतर्गत आवेदक की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होना आवश्यक है। योजना के अंतर्गत इच्छुक युवक/युवती को अधिकतम (रू0 25.00 लाख तक) के उद्योग/सर्विस सैक्टर का उद्योग लगाने के लिए ऑनलाईन पोर्टल www. diupmsme. upsdc.gov.in पर वांछित अभिलेख अपलोड कर आवेदन कर सकते है। उन्होने बताया कि आवेदक द्वारा लगाये जा रहे प्रोजेक्ट/परियोजना की लागत अधिकतम रू0 25.00 लाख पर उ0प्र0 सरकार द्वारा 25 प्रतिशत की सब्सिडी/अनुदान दी जा रही है। इच्छुक युवक/युवती शीघ्र पोर्टल पर आवेदन कर योजना का लाभ उठाते हुये अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें तथा अपने साथ-साथ अन्य बेरोजगार युवको को भी रोजगार प्रदान करें। उन्होने बताया कि उक्त वेबसाईट पर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।आवेदन भरने में यदि इच्छुक अभ्यर्थियों को कोई कठिनाई हो तो जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सूरजकुण्ड रोड मेरठ में संपर्क कर विस्तृत जानकारी की जा सकती है।

# ईद-उल-जुहा के दिन खुले में न करें कुर्बानी: डीएम व एसएसपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** रिजर्व पुलिस लाईन बहुउद्देशीय हॉल में जिलाधिकारी

**कराये जाने को लेकर की बैठक,अधिकारी दी गयी जिम्मेदारी का ईमानदारी के साथ करें निर्वहन-जिलाधिकारी**

दीपक मीणा व एसएसपी रोहित सिंह सजवाण की उपस्थिति में ईद-उल-जुहा, मोहर्रम एवं कांवड यात्रा तथा शिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु केन्द्रीय शांति समिति/संबंधित अधिकारियो के बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रबुद्धजनो/धर्मगुरूओ द्वारा विद्युत व्यवस्था, सड़क, साफ-सफाई, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था आदि समस्याओ से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियो को व्यवस्थाओ को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा समस्त प्रबुद्धजन एवं धर्म गुरूओ से भी अपील की गयी कि स्थानीय स्तर पर सामाजिक सदभाव बढाने एवं प्रत्येक व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय, त्यौहार आदि का सम्मान करने तथा आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित रहे इसके लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरूक करें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी दी गयी जिम्मेदारी का ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि कि ईद-उल-जुहा के दिन खुले में कुर्बानी न करें तथा अवशेष को खुले में न फेंके। उन्होने कहा कि ईद-उल-जुहा की नमाज ईदगाह के अंदर ही पढ़ी जाये। उन्होने कहा कि अफवाह फैलाने वालो पर कडी नजर रखी जाये।

इस अवसर पर नगर आयुक्त डा0 अमित पाल शर्मा अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह एसपी देहात कमलेश बहादुर एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी सहित अलग-अलग क्षेत्रो से आये हुये धर्म गुरू प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।





## संक्षिप्त समाचार

### ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रही लेबर के बीच मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में ईंट भट्टे पर कार्य कर रही लेबर के बीच मामूली कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, मारपीट में एक युवक घायल हो गया, दोनों पक्षों ने तहरीर दे कर कार्रवाई की मांग की हैं, पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के वीआईपी ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रही लेबर के फरमान और मेहरबान पक्ष में ईंट रखने को लेकर मारपीट हो गई,दोनों पक्षों में जमकर डंडे चले, मारपीट में फरमान पक्ष की ओर से फरमान का भाई साजिद घायल हो गया, दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस ने घायल युवक का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### पानी चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट,दो घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में खेत पर पानी चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, मारपीट में दोनों ओर से दो लोग घायल हो गए, दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है,पुलिस जांच में जुटी हुई है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी पूर्व प्रधान इरशाद एवं वहसर के बीच खेत पर पानी चलाने को लेकर मारपीट हो गई, दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले दोनों पक्षों की ओर से एक तरफ से वहसर व दूसरे पक्ष की ओर से तौसीफ गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरा एलटी लाइन पर, चार घंटे रही तीन दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** रावली रोड पर गुरुवार दोपहर को बिजली की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एलटी लाइन पर गिर गया। इसके चलते कांकड़ा, असालतनगर व रावली फीडर की चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। रावली रोड पर गुरुवार दोपहर को अचानक बिजली की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर पास से गुजर रही एलटी लाइन पर जा गिरा। जिस कारण काकड़ा, रावली व असालतनगर स्थित बिजली सब स्टेशन से जुडे तीन दर्जन से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति चार घंटे तक बाधित रही। चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। एसडीओ नितिन आन्नद ने बताया कि फाल्ट ठीक करके बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी गई है।

### हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक उर्स मेले का पूर्व विधायक वहाब चौधरी ने किया फीता काटकर उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** बुधवार की रात को ईदगाह रोड पर स्थित मुरादनगर को बसाने वाले हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक बाबा मोहम्मद मुराद गाजी की याद में लगने वाले 358 वें उर्स मेले का उद्घाटन रंग बिरंगी रोशनी के बीच पूर्व विधायक वहाब चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। उर्स मेला कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र गुप्ता लिली व्यवस्थापक हामिद पठान मास्टर बाबू खान ने कमेटी की तरफ से मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वहाब चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया । इस मौके पर मुख्य अतिथि मुरादनगर के पूर्व विधायक वहाब चौधरी ने कहा कि सदियों से चली आ रही परंपराओं के अनुसार हर वर्ष इस मेले का आयोजन मुरादनगर को बताने वाले हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक बाबा मोहम्मद मुराद गाजी की याद में किया जाता है। इस मेले की शुरूआत हिंदू भाइयों ने उस समय चंदा इकट्ठा कर कर की थी जब से ही हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर उर्स मेले का आयोजन कराते है। मुरादनगर की हिंदू मुस्लिम एकता की पहचान देशभर में है हम सबको हिंदू मुस्लिम एकता की मजबूती के लिए कार्य करना होगा यह उर्स मेला हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है।

# पुलिस ने आपसी मारपीट और शांति भंग के मामले में 20 लोगों को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिभावली पुलिस ने आपस में मारपीट कर शांति सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने के मामले में लगभग आधा दर्जन



गांवों से तत्वरित कार्यवाही करते हुए 20 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

आपको बता दें कि आगामी त्योहार ईदु उल जुहा के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिगत एसपी अभिषेक वर्मा के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी करते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था का माहौल कायम रखने को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं।

सिंभावली थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के अलग-अलग आधा दर्जन गांवों में शरारती तत्वों के द्वारा आपस में मारपीट करते हुए शांति सुरक्षा व्यवस्था को भंग करने के मामले में संदीप,जीतू,दीपक, सुबोध, हिमांशु, अजीत, जोगेन्दर, दिनेश,सोनू, सुमित, निवासी ग्राम बढढा, राशिद,मोईन,रतुपुरा, मूले, ऋषि पाल, हाजीपुर, हिमांशु राजपुर ,अंकुश, रजापुर,कमल निवासी गढ़िया मानपुर बुलन्दशहर, वीरेंद्र यादव,रझैडा, शाहबुद्दीन बक्सर,वसीम सिखैडा को गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है। वही थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था से किसी भी शरारती तत्व के द्वारा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर कराया दो पक्षों की भूमि विवाद का निपटारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के कैराना मार्ग पर दो पक्षों के बीच हुए भूमि विवाद की जांच करने पहुंचे तहसीलदार ने दोनों पक्षों की भूमि की पैमाइश करने के बाद मौके पर ही दोनों पक्षों का समझौता करा दिया। समझौता कराने के बाद दोनों पक्षों को भविष्य में झगड़ा ना करने की भी चेतावनी दी गई। क्षेत्र के कैराना मार्ग पर कस्बा निवासी राशिद और मोमिन ने कैराना मार्ग स्थित शांति नगर कॉलोनी में दोनों पक्षों ने एक प्लांट को अपना बताते हुए उस पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। दोनों पक्षों ने पुलिस से शिकायत कर प्लांट पर अपना-अपना हक बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए थे। बाद में दोनों पक्षों ने एसडीएम कैरिना को शिकायत कर भूमि की पैमाइश कराने एवं निस्तारण की मांग की थी। गुरुवार को एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार अर्जुन चौहान, कानूनगो विनोद कुमार, हल्का लेखपाल मिंटू सिंह प्लांट विवाद की जांच करने के लिए पहुंचे, तहसीलदार ने टीम के साथ मिलकर भूमि की पैमाइश कराई भूमि पैमाइश करने के बाद तहसीलदार ने दोनों पक्षों को बैठाकर उनका समझौता कराते हुए दोनों पक्षों की जमीन पूरी कर जगह की निशानदेही कराई। तहसीलदार ने दोनों पक्षों को उनकी भूमि देने के बाद भविष्य में दोबारा से झगड़ा ना करने की चेतावनी दी, इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।



व्याख्यान

## सुभारती में प्रिंट मीडिया के महत्व पर व्याख्यान

# मीडिया भी समाज सेवा का ही एक रूप है: डॉ.राणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में डिजिटल युग में प्रिंट मीडिया विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ।

**नए बदलावों के लिए मीडियाकर्मी को तत्पर रहना जरूरी : डॉ. राणा**

इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ मीडिया शिक्षक व मीडियाकर्मी प्रो.(डॉ.) रवींद्र प्रताप राणा रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. राणा ने कहा कि आज मीडिया में अच्छे पत्रकारों का अभाव सा है। नई पीढ़ी को प्रिंट मीडिया के महत्व को समझते हुए आगे आना चाहिए। मीडिया भी समाज सेवा का ही एक रूप है और इसी को ध्यान में रखते हुए हमें आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज इंडरनेट और सोशल मीडिया का जमाना है। आज सभी तरह की सूचनाओं का डिजिटलीकरण हो रहा है। इंटरनेट और डिजिटलीकरण के युग ने हमारे जीवन जीने के तरीके में क्रांति ला दी है। हम जो कुछ भी करते हैं वह सीधे या परोक्ष रूप से इंटरनेट से जुड़ा हुआ है, इसमें हमारी हर छोटी से बड़ी खोज और आवश्यकता शामिल है। आज का मानव हर काम के लिए इंटरनेट पर आधारित हो गया है। मीडिया के छात्रों के संग अपना अनुभव साझा करते हुए प्रो. रवीन्द्र राणा ने कहा कि मीडिया निरंतर सीखने का अवसर प्रदान करता है। इसके लिए मीडियाकर्मी को हमेशा तत्पर एवं लग्नशील होना चाहिए। उसे धीरे-धीरे आगे बढकर अपनी लेखनी में सुधार लाने की जरूरत है। इस अवसर पर विचार रखते हुए विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) सुभाष चंद्र थलेड़ी ने कहा कि मीडिया तकनीकी के क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए हैं। इनके कारण डिजिटल बदलाव को भी बढ़ावा मिला है। पाठकों के मन में यह धारणा पैदा होती है कि ह्लप्रिंट मीडियाह्व का प्रचलन कम हुआ है। लेकिन प्रिंट मीडिया आज भी उतना ही प्रभावशाली माध्यम है जितना वह पहले था। इस बात का प्रमाण पत्र-पत्रिकाओं में नियमित रूप से आने वाले विज्ञापनों की संख्या है। आज भी विज्ञापनदाताओं को प्रिंट मीडिया उनके विज्ञापनों के लिए एक सशक्त माध्यम लगता है। इस अवसर पर प्रो. अशोक त्यागी, राम प्रकाश तिवारी, डॉ. प्रीति सिंह, मधुर शर्मा, शैली शर्मा, शिकेब मजीद व विभाग के समस्त छात्र-छात्रा मौजूद रहे।





# साहिल स्टडी पॉइंट संभल द्वारा 'STEPS' कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल।** साहिल स्टडी पॉइंट द्वारा आयोजित 'STEPS' कार्यक्रम में छात्रों की उपलब्धियों का भव्य सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर एएमयू अलीगढ़ के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्री साद हमीद, एएमयू अलीगढ़ के शिक्षा विभाग के डॉ. हनीफ अहमद, भूगोल विभाग के डॉ. मंसूर आलम सिद्दीकी, और अल बरकारत मैनेजमेंट स्टडीज अलीगढ़ के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्री अहमद नदीम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सिटी टॉपर (उइरए बोर्ड परीक्षा 2023-24) राइमा कासिम, नीट के सफल छात्र फलक नाज, मोहम्मद ताज़िम, नबीला शाकिर, शराफ हुसैन वारसी, और मोहम्मद अरीश का सम्मान था, जिन्हें विशेष मोमेंटोस प्रदान किए गए। एएमयू की लिखित परीक्षा में सफल हुए जुनेरा फातिमा, सेहर नाज, हुमा फातिमा और रिफात फातिमा को भी मोमेंटोस देकर सराहा गया। सभी वर्गों के अन्य रैंक धारक छात्रों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के प्रबंध निदेशक, बदर जमाल साहिल ने माता-पिता और छात्रों को भविष्य की चुनौतियों और प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि श्री साद हमीद ने छात्रों को भविष्य में विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में उपयोगी टिप्स दिए और उनके मार्गदर्शन में उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मीर शाह हुसैन आरिफ ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तंजीम अहमद, तारिक अली, सिदरा अश्कर, फैजी खान, फैजान सर, आमिर खान, इरशाद हुसैन, रवि शर्मा, फैसल खान, और कासिम जहीर का सहयोग सराहनीय रहा।




छात्रों की मेहनत और उनके द्वारा प्राप्त किए गए उत्कृष्ट परिणामों ने पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और सहाय स्टडी पॉइंट की इस पहल की सराहना की।

अंत में,कार्यक्रम आयोजक बदर जमाल साहिल ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और उन्हें निरंतर सफलता के पथ पर अग्रसर होने की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, छात्रों, अभिभावकों और सहाय स्टडी पॉइंट के समस्त टीम का आभार व्यक्त किया गया।

# नए आपराधिक कानूनों से यूपी को होगा सर्वाधिक लाभ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लॉ एंड ऑर्डर को मिलेगी और मजबूती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** एक जुलाई से देश में नए आपराधिक कानून लागू होंगे। सर्वाधिक आबादी के नाते उत्तर प्रदेश में आपराधिक मुकदमों की संख्या भी सर्वाधिक है। स्वाभाविक रूप से इसका सबसे अधिक लाभ भी उत्तर प्रदेश को मिलेगा। लॉ एंड ऑर्डर जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है उसके लिए नए कानून बोनस की तरह होंगे। यही वजह है कि योगी सरकार ने इनके प्रति प्रतिबद्धता जताई है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए कानून लागू करने में हुई प्रगति की समीक्षा की। इनको लागू करने और इनसे संबंधित सभी स्टेक होल्डर्स को इनके प्रति जागरूक करने के बाबत जरूरी निर्देश भी दिए।

**बदलावों की खूबी**

ये बदलाव विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की अवधारणा के अनुरूप है। यह शरीर, सोच और आत्मा में पूरी तरह से भारतीय है। इन बदलावों में अधिकतम सुशासन, पारदर्शिता,संवेदनशीलता, जवाबदेही, बच्चों और महिलाओं के हित पर खासा ध्यान दिया गया है। दंड की जगह न्याय पर सारा फोकस रखा गया है।

शीघ्र न्याय मिले इसके लिए नीचे से ऊपर तक जांच और साक्ष्य के लिए आधुनिकतम तकनीक को शामिल किया गया है। किसी भी मामले न्याय मिलने की सीमा तय होगी। छोटे मोटे मामलों के निस्तारण के लिए पहली बार कम्यूनिटी सर्विसेज की शुरूआत की गई है। अकेले इस बदलाव से सेशन कोर्ट में ही 40 फीसद मुकदमो का निस्तारण हो जाएगा।

**कुछ महत्वपूर्ण बदलाव**

नए क्रिमिनल जस्टिस में राजद्रोह का कानून खत्म कर दिया गया है। पर भारतीय संप्रभुता का किसी भी तरह विरोध करने वालों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। आतंकवाद जो देश की प्रमुख समस्याओं में से एक है उसे पहली बार साफ तौर पर परिभाषित करते हुए दंड की व्यवस्था की गई है। इसी तरह संगठित अपराध और मॉब लीचिंग को पहली बार परभाषित किया गया है।

**अधिकतम लाभ के लिए सभी स्टेक होल्डर्स को जागरूक दे चुके हैं सीएम**

**हाल के कुछ वर्षों में**

महिलाओं के लिए चेन और मोबाइल छीनैती कानून व्यस्था के लिए बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है। जिस भी महिला के साथ ऐसी घटना होती है,वह शॉक्ड रह जाती है। कभी कभी तो इस छीना झपटी में महिला को गंभीर चोट आती है। ऐसी चोट जो जानलेवा हो सकती है या अपंगता की वजह। इसके लिए भी पहली बार नए कानून लाए गए हैं।

लालच, दबाव और डर की वजह से गवाहों का मुकरना आम बात रही है। नए कानूनों में उनकी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। साथ ही तकनीक के जरिए जिस तरह परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर जोर दिया गया है। उससे गवाह मुकर भी नहीं पाएंगे। इससे पुलिस भी पूरी प्रक्रिया के दौरान जवाबदेह बनेगी। वह अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल नहीं कर सकेगी।

**ये क्रिमिनल जस्टिस के नए युग की शुरूआत होगी**

कुल मिलाकर 313 धाराओं में बदलाव किए गए हैं। जो धाराएं अप्रासंगिक हो गई थीं उनको हटा दिया गया। कुछ में नई टाइमलाइन भी जोड़ी गई है। इन बदलावों से देश गुलामी के प्रतीकों से मुक्त होगा। क्रिमिनल जस्टिस के लिहाज से यह एक नए युग की शुरूआत होगी। इसकी खासियत और खूबसूरती यह होगी कि अब यह भारत द्वारा, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा निर्मित कानूनों से चलेगी। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के अनुरूप होगी। होगी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा भी यही है।

उल्लेखनीय है कि अपनी समीक्षा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था ,"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 15 अगस्त 2023 को स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश के सामने पंच प्रण लिए थे, इनमें से एक प्रण था - गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना।

इसी प्रण को पूरा करने के लिए संसद ने अंग्रेजों द्वारा बनाए गए इंडियन इन कानूनों को सुलभ,पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए बदल दिया गया"।

**अदालत के बाबत आम आदमी की धारणा**

अदालत। आम आदमी इसकी व्याख्या आइए, दीजिए और लीजिए तारीख के रूप में भी करता है। कचहरी जाने को समय बिताने के पर्याय के रूप में भी जाना जाता है। अक्सर कभी कोई कहीं अधिक समय बिता कर आता है तो उससे सवाल किया जाता है कि कहां कचहरी कर रहे थे। कुल मिलाकर यह व्याख्या आदलती प्रक्रिया और कानूनी जटिलताओं पर करारा तंज है।

# आगामी त्यौहार ईद उल जुहा को लेकर थानाध्यक्ष मोहित काजल ने की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी ।** नगर पंचायत नरौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर बाबई मे मोहित काजला के नेतृत्व मे आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि,और अन्य लोगों के साथ एक बैठक ली` बैठक में ईदलजुहा को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को कुछ बातें समझाई गई`बकरीद के मौके पर कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाऐ जिस जगह पर अभी तक कुबार्नी होती आई है उसी जगह पर कुबार्नी की जाऐ खुले में कोई भी कुबार्नी ना हो` जानवर के अवशेष इधर-उधर ना डाले जाये ।



एसओ मोहित काजल ने प्रधान प्रतिनिधि नाजिम अली से कहा कि आप जगह जगह गड्ढे खुदवा कर जानवरों के अवशेष को नगर पंचायत के वाहन द्वारा उठवा कर उन खोदे गये गड्डो में दबवाये कोई भी कार्य ऐसा ना हो जिससे दूसरे समुदाय के लोगो को परेशानी हो। बैठक में आए लोगों ने भी अपने विचार रखे` इस अवसर पर मोहित काजला एसओ, सतपाल सिंह इंचार्ज,अजय कुमार त्यागी इंचार्ज, नाजिम अली प्रधान प्रतिनिधि बॉबी जाटव हरपाल सिंह राशन डीलर,नूर भाई,कांता प्रसाद,फहीम जैदी इदरीश सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नमाज पढ़ते वक्त पत्रकार के पिता की हुई मौत,जनाजे में शामिल हुए सैकड़ो लोग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नमाज पढ़ते वक्त पत्रकार के पिता की सजदे में मौत हो गई सांस की आस में परिजन अस्पताल भी ले गए लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया 'मृतक को दोपहर बाद सुपुर्दे खाक किया गया है। अकबरपुर चेदरी निवासी आपका उजाला अखबार के उप संपादक सलीम अहमद के पिता हाजी मास्टर शब्बीर अहमद रोजाना की तरह ही रात को 3 बजे के आसपास मस्जिद में गए थे उन्होंने वहां जाकर नमाज पढ़नी शुरू की और सजदा करते वक्त ही उनकी मौत हो गई दूसरे किसी नवाजी ने इसकी सूचना उनके घर पर दी परिजन मस्जिद पहुंचे और उन्हें उठाकर निजी चिकित्सक के यहां ले गए लेकिन वहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया 'मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया गांव में गम का माहौल छा गया दोपहर बाद उनको गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया अचानक हुई उनकी मौत पर प्रेस क्लब के संरक्षक ओमवीर बिश्नोई,भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, तनवीर आलम,जावेद अंसारी, डॉक्टर शब्बीर मोमिन,मास्टर अकरम आदि ने रंजोगम का इजहार किया है।



# जिला मिशन समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी/बहजोई (मयंक सक्सेना)।** गुरुवार को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन एवं प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण एवं जिला मिशन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत खेत तालाब योजना पर चर्चा की गयी जिसमें भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह ने बताया कि जनपद में खेत तालाब योजना के अन्तर्गत 54 का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें सामान्य के लिए 48 एवं अनुसूचित जाति के लिए 06 का लक्ष्य है जिसमें खेत तालाब 22 मी. लम्बाई तथा 20 मी. चौडाई तथा 3 मीटर गहराई के लिए 105000 रुपये तालाब की कुल लागत आएगी जिसमें पचास प्रतिशत कृषक को अनुदान मिलेगा तथा पचास प्रतिशत कृषक द्वारा अंश वहन करना होगा। भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अब तक 06 किसानों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण किया जा चुका है। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही जो लक्ष्य शेष रह गया है उसको वर्षा से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आर ई डी योजनान्तर्गत एक क्लस्टर का चयन एकीकृत फसल प्रणाली, मधुमक्खी पालन, वर्मीकम्पोस्ट के चयनित कृषकों के यहां कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और प्रति कृषक अधिकतम 30 हजार की धनराशि व्यय करने का प्रावधान है। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजनान्तर्गत 375 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 587 हेक्टेयर की कुल 9 परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा गया जिसका अनुमोदन प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इसके साथ ही प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यक्रमों के अन्तर्गत मानक के अनुरूप सभी कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह, वन रेंजर प्रभात शर्मा,जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा,जिला उद्यान अधिकारी शुघर सिंह ,जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नगर की समस्याओं को लेकर पालिका अध्यक्ष ने की कर्मचारियों के साथ बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** नगर के फुबारा चौक स्थित नगर पालिका परिषद में पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय के नेतृत्व में पालिका के समस्त समस्त छोटे बड़े कर्मचारियो सहित एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पालिका अध्यक्ष ने सफाई एवम खाद्य निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी दिनों में वर्षा ऋतु का आगमन होने वाला है इसलिए सभी बड़ी नालियों एवम नालों की तलीझाड़ सफाई का कार्य तीव्र गति से कराया जाए साथ ही उन्होंने जलकल अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन वार्डो में नागरिकों के घर जल निगम द्वारा डाली पाइपलाइन के कनेक्शन नहीं हुए है उन सभी वार्डो के सभासदों से समन्वय स्थापित कर उक्त नागरिकों के घर कनेक्शन दिलाने का कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें तथा भीषण बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर में लगे वॉटर कूलरो को सुचारू रूप से चलाया जाए, जिससे राहगीरों/लोगो को शुद्ध व शीतल पेयजल मुहैया हो सके, साथ ही नगर में कही लीकेज की समस्या पायी जाती है तो त्वरित समस्या का समाधान कराया जाएं, जिससे नागरिकों को पेयजल संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। अवर अभियंता निर्माण को निर्देशित करते हुए कहा कि मौहल्ला घटिया गेट स्थित सड़क व गुलडेहरा रोड स्थित सड़क व अन्य महत्वपूर्ण सड़कों का प्रस्ताव इस बार की कार्ययोजना में शामिल कर शीघ्र निर्माण कराया जाना सुनिश्चित करें जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानियो का सामना न करना पड़े। बैठक के अंत में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी/उपजिलाधिकारी नीतू सिंह, पालिकाध्यक्ष पति एवम अखिलेश कुमार खिलाड़ी, जेई के.के अग्रवाल, जेई अनुज कुमार, एस.एफ.आई सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, ऋषभ कुमार, प्रभाकर गुप्ता,अर्पित श्रीवास्तव, संजय कुमार, चंद्रमोहन, राजकुमार व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# एसडीएम के निर्देश पर चला अभियान: पुराने बस अड्डे पर रोडवेज बस रोकने वाले चालको एवं परिचालकों को लगाई फटकार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** एसडीम विनय कुमार सिंह के आदेश का पालन करते हुए आज पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने अभियान चलाकर पुराने बस अड्डे पर रोडवेज बस रोकने वाले परिचालको एवं चालको को फटकार लगाई ' अधिकारियों ने पुराने बस अड्डे पर आज बसों को नहीं रुकने दिया और नए बस अड्डे पर ना रोके जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कल पुलिस और रोडवेज विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाकर साफ कहा था कि नगर को जाम से बचाने के लिए बसों को निर्धारित नए बस स्टैंड पर रोका जाए इसके लिए गुरुवार को अभियान चलाया और 10 बजे से ही बस स्टैंड के इंचार्ज नरेंद्र सिंह को पुराने बस अड्डे पर तैनात कर दिया इसके साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी वहां भेजा गया नायब तहसीलदार स्वयं मौके पर पहुंचे और उन्होंने साफ चेताया कि अब बसें यहां नहीं रुकेगी उन्होंने कहा कि सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च करके नए बस अड्डे का निर्माण कराया है इसलिए अब रोडवेज बसों को निर्धारित स्थान पर ही रोका जाएगा उन्होंने साफ कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले बस चालको के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# पुलिस ने वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर



चन्दौसी-पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 85/24 धारा 420/366/376डी भादवि में वांछित अभियुक्त राशिद पुत्र रहीमुल्ला, आसिफ पुत्र कल्लू निवासी मौ0 लालबाग कालोनी कस्बा व थाना हसनपुर जनपद अमरोहा अहमद रजा उर्फ राजा पुत्र सुलेमान सैफी निवासी ग्राम खेरी थाना बिल्सी जनपद बदाँयू को बदाँयू चुंगी पर होटल जायका के पास से गिरफ्तार किया गया।

# जन्मदिन पर वृद्ध आश्रम में वृद्धों को कराया भोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** गुरुवार को जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली की डी.ओ.एफ दीप्ति दूबे ने अपने पुत्र भास्कर दुबे के जन्मदिन पर वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धों को भोजन कराया।

**क्यूँ बोझ हो जाते हैं ,वो झुके हुए कंधे साहब । जिस पर चढकर कभी तुमने दुनिया का मेला देखा था**

सर्वप्रथम प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी व ग्रुप अध्यक्ष रीता बुदियाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । ग्रुप अध्यक्ष ने कहा- बुजुर्गों व जरूरतमंदों के साथ जन्मदिन मनाने से उनका आशीर्वाद तो मिलता ही है इसके साथ साथ भगवान भी खुश होते हैं । गायत्री दीप यज्ञ करने पर बुजुर्ग बहुत खुश हुए और हमारे ग्रुप की बहुत ही प्रशंसा की और कहा कि आज पहली बार किसी ने वृद्धाश्रम में पूजा की है । यज्ञ कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया ।तत्पश्चात सभी बुजुर्गों को भोजन कराया गया । इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता रीता बुदियाल व संचालन दीप्ति दुबे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व फेडरेशन अध्यक्ष कृष्णो अवतार गुप्ता ,स्पेसल कमेटी मेंबर सुधा चौधरी, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी , ब्रांच ऑफि सर अंजू राजपूत, अध्यक्ष रीता बुदियाल उपाध्यक्ष कंचन वाला, उपाध्यक्ष पुष्पा वर्मा, ऊ ड ऋ दीप्ति दुबे, सरोज वाष्णेय, मीनू सिंह ,करुणा दुआ ,भुवि शर्मा,अरुण दुवे, विश्वनाथ दुबे , आदित्री दुबे, जितेंद्र शर्मा ,परा शर्मा नीरज शर्मा आदि उपस्थित रहे ।



सौंपा ज्ञापन

## समस्या का जल्द समाधान न होने पर करेंगे आंदोलन

# टूटी सड़क की समस्या को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के घटिया गेट मोहल्ले के रहने वाले लोग जर्जर सड़क की समस्या को लेकर मंत्री गुलाब देवी से मिले और सड़क को तुरंत डलवाने की मांग की ।

घटियागेट के रहने वाले लोगों ने मंत्री को अवगत कराया की घटिया गेट की सड़क पिछले 5 वर्षो से जर्जर स्थिति में है शहर की अधिकांश आबादी इस सड़क से गुजरती है और आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं साथ ही वहां से निकलने वाले स्कूली बच्चो को भी कई बार टूटी सड़कों की वजह से चोटे आ चुकी है। इस समय यहां की सड़क पूरी तरह से गढ़ों में तब्दील हो चुकी है और इस कारण बरसातो के दिनों में जलभराव की समस्या भी उत्पन हो जाती है पिछले कई सालों से समाचार पत्रों के माध्यम से जनपद के सभी अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है पर समस्या तस से मस नहीं हुई है ।



अगर जल्द ही सड़क का निर्माण शुरू नही कराया गया तो वहां के निवासी आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि जर्जर सड़क की बजह से सबसे ज्यादा नुकसान व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है व्यापार खत्म होने की कगार पर है अतः व्यापारियों की समस्या को देखते हुए इस समस्या का जल्द समाधान किया जाना चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे। उमेश सैनी, अनुज वार्ष्णेय,अजय सैनी, कुलदीप शर्मा, दीपक गुप्ता, प्रेमी सैनी, बंटी सनी, जितेंद्र यादव, दिव्यांशु सैनी, बाबू सैनी, गोपाल सैनी ,रमेश सैनी, संजय सैनी , आलोक, खूबचंद सैनी आदि।

# हसनपुर मे देव व्रत का किया उद्यापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर जौनपुर (एम.के.भारती सैफी)।** पवित्र जस्ट मांस शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को बृहस्पति देव व्रत का विधि विधान पूर्वक उद्यापन किया गया । जिसमें आचार्य पंडित अजय शुक्ला शास्त्री ने बृहस्पति कथा एवं सत्यनारायण भगवान की कथा का विधि विधान पूर्वक श्रवण करते हुए गौरी गणेश पूजन भगवान विष्णु का पूजन किया गया। सत्यनारायण भगवान की कथा के पश्चात भगवान की आरती क्षमा प्रार्थना देव विदाई मुख्य अजमान पंडित विनोद कुमार मिश्रा एवं धर्म पत्नी श्रीमती शशि कला मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर लाल देवी मिश्रा, रंजना मिश्रा कुमारी, आकांक्षा मिश्रा, कुमारी वैष्णवी, कुमारी शांभवी, पंडित जगदीश प्रसाद, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अखिलेश चंद्र मिश्रा, पंडित घनश्याम, पंडित सुधीर में मुकुल मिश्रा सूर्यांश में श्री वेंकटेश मिश्रा उपस्थित रहे कथा की संपूर्ण व्यवस्था पंडित सनत कुमार मिश्रा ने किया।



# ईद के त्यौहार को लेकर सपा नगर अध्यक्ष ने नगरपालिका से की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**खुर्जा ।** सोमवार दिनांक 17 जून को समस्त देश में ईद उल अजहा (बकरा ईद) मनाई जाएगी ईदगाह पर नमाज सुबह 7:30 बजे अदा की जगाएगी खुर्जा नगर समाजवादी पार्टी आपसे अनुरोध करती है कि बुर्ज चौराहे से ईदगाह तक रोड अतिक्रमण से मुक्त रखा जाए प्रशासन की गाड़ियां व पानी के टैंकर इस्लामाबाद तिराहे पर रहे हैं मुस्लिम बहुल, तारी नान. चौहटटा. मुगलपुरा. शेखपेन. कस्साबान. खावेश ज्ञान कंकरान सराय अल्लो. बिलाल मस्जिद. सराय मुर्तजा .कोट. पंजाबियान. बुर्ज. खीरखानी. ईदगाह रोड आदि मोहल्ले में 17-18 19 जून को होने वाली कुर्बानियों को मददेनजर रखते हुए( कहीं भी गंदगी ना रहे) सफाई व्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जाए।

# माता सपने में आई तो मां ने ममता का खून कर दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चांदपुर।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर में एक ऐसी दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है जिससे इंसानियत कांप उठी और चहूओर निंदा करते हुए कलयुग मां और अंधविश्वास की चर्चा हो रही है क्योंकि कि मां डायन भी हो तो अपने बच्चे को नहीं मारती लेकिन मां आदेश देवी ने अपने इकलौते बेटे को इस तरह से मारा कि इंसानियत भी थररा उठी मामला कुछ इस तरह से है कि कपिल कुमार सुबह नाश्ता कर जंगल चला गया था और धर मैं पत्नी आदेश देवी चार साल का अकेला बेटा हर्ष मौजूद था परिजनों के अनुसार आदेश देवी खाना बना रही थी इसी दौरान उसने अचानक हर्ष की गर्दन पर फावड़े से ताबड़तोड़ हमला किया इतने पर भी बच्चे को लहूलुहान हालत में उसे पकड़ कर चूल्हे







की आग में रख दिया और काफी देर तक ऐसा ही करते हुए उसने धर मैं रखी आसपास की लकड़ी इकट्ठा कर बच्चे को आगे मैं जलने के लिए डाल दिया इसी बीच आग जलते समय बच्चे का बाप भी धर आ गया और आग लगती देख उसकी चीख निकल पड़ी आनन फानन उसने बच्चे को आग से निकाला और चिकित्सक के पास ले गए तब तक बच्चा मर चुका था इस चर्चित मामले में आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछता मैं महिला ने बताया कि उसके पास मां आई थीं जिसने कहा कि उसके बेटे को हम अपने साथ ले जाएंगे मार कर दे दे तो उसने अपने बेटे को मार दिया जबकि महिला के भाई का कहना है कि उसकी बहन की शादी पांच साल पहले हुई थी और एक साल बाद बेटा हर्ष हुआ था लेकिन उसकी बहन मानसिक बीमारी से पीड़ित थी यह तो जांच का विषय है कि वह मानसिक रोगी है या नहीं लेकिन इतनी बड़ी दर्दनाक मौत के बाद भी कलयुगी मां को जब गिरफ्तार किया गया तो उसे खाने के तीन रोटियां दिया गया और उसने कुछ खाना भी खाया जबकि मौत पर परिजनों सहित अन्य लोग भी खाना नहीं खाते फिर भी कलयुगी मां को इतना सब कुछ करने के बाद भी भूख लगी बारहाल यह मामला दिल दहलाने वाला है और रिश्ते का तार तार कर देने वाला है वहीं जहां कलयुगी मां की चर्चा है तो पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्यवाही और चिकित्सा जांच मैं ही मालूम होगा कि मामला अंधविश्वास का है या हैवानियत का या दिमागी बीमारी का।

# उपजिलाधिकारी ने घटिया सामग्री के प्रयोग पर जांच कमेटी बनाने को पत्र जिलाधिकारी को भेजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अनूपशहर।** घटिया सामग्री के विरोध में ग्रामीणों द्वारा किए गए प्रदर्शन व समाचार पत्रों में छपी बड़ी खबर व उपजिलाधिकारी के निर्देश के तीन दिन व जिलाधिकारी के 6 दिन बाद भी पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के जांच को न पहुंचने पर ज्ञानेंद्र सिंह राघव की मांग पर उपजिलाधिकारी अनूपशहर ने प्रशासनिक अधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्य जांच कमेटी गठित करने का अनुमोदन कर पत्र जिलाधिकारी बुलंदशहर को भेज क्षेत्र के गांव रोरा में दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली रोरा राजपुर संपर्क मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायत दिनांक 6 जून को मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा जिला अधिकारी व अधिशासी अभियंता बुलंदशहर से की गई थी। जिला अधिकारी के आदेश के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने घटिया सामग्री की बिना जांच किए ही ठेकेदार के माध्यम से कार्य घटिया सामग्री से शुरू करने के विरोध में



ग्रामीणों द्वारा एकत्रित होकर काम बंद कराते हुए लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार एसडीओ पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी से तत्काल जांच करने की मांग की थी। जिसका समाचार दिनांक 10 जून के अंक में प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया गया था। उपजिलाधिकारी अनूपशहर से ग्रामीणों ने पुनः ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में मुलाकात कर जब एसडीओ पीडब्ल्यूडी को घटिया सामग्री ठेकेदार के साथ संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए, संबंधित घटिया सामग्री व सड़क की जांच प्रशासनिक अधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्य कमेटी गठित कराकर करने की मांग की। जिस पर उपजिलाधिकारी द्वारा जांच होने तक कोई भी काम मौके पर न होने का आश्वासन दिया है।

# चोरों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर हुए फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्योहारा।** समीपवर्ती ग्राम लतीफपुर में बीतीं रात कुछ बदमाशों ने घर की खिड़की तोड़ कर अंदर प्रवेश किया और चोरी करते सामान पास में ही जमा करना शुरू कर दिया इसी धर मैं सो रहे आमिर की आंख खुल गई तो उसने बदमाशों को विरोध करते हुए दबोच लिया तभी बदमाशों ने उस पर चाकूओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और भागते हुए कमर मैं गोली मारकर फरार हो गए तभी अन्य लोग भी जाग गये और धायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां गम्भीर हालत में उसे मेरठ रेफर कर दिया गया है वहीं मकान मालिक फुरकान ने पास के खेत में जाकर चोरी का सामान देखा और एक लाख नकदी लाखों का सोना चांदी लें जाने में बदमाश कामयाब रहे बाकी सामान खेत से बरामद हुआ जबकि घटना से सनसनी फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई रात को ही पुलिस अधीक्षक बिजनौर डाग स्क्वायड फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित पक्ष से घटना की जानकारी लेते हुए कहा कि जल्दी ही घटना का खुलासा किया जाएगा।





# हाथी ने पटककर युवक को मौत के घाट उतारा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धामपुर।** कहते हैं कि मौत कहकर नहीं आती और आतीं हैं तो कोई बहाना लातीं है ऐसा ही मामला ग्राम हबीबवाला में पेश आया जब कुछ दोस्त धूमने के लिए जंगल की तरफ निकल पड़े और जंगल में हाथी की सैल्फी लेने लगे और जंगली हाथी को यह नागवार गुजरा तो उसने अपना रुप दिखाते हुए युवक को पटक-पटक कर मार डाला वहीं अन्य युवकों का भी पीछा किया और हमलावर होते हुए युवकों के पीछे भागा लेकिन किसी तरह युवक भागने में कामयाब हो गए जबकि मुरसलीन पुत्र खुर्शीद तेईस साल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और जब आसपास लोगों को पता चला तो घटना से सभी का दिल दहल उठा वहीं घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया जबकि घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंच गई है और आबादी से लगें जंगलों में जंगली हाथियों के आने से दहशत फैल गया है।





# भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने दिया ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू ने बताया कि महिला प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट आयुषी सिंधु तेवतिया के आह्वान पर जिला मुरादाबाद तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम बथुआ खेड़ा में चल रहे आंदोलन को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूनी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश कार्यालय पर बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर व संचालन आयुषी सिंधु तेवतिया ने किया। बैठक के दौरान बथुआ खेड़ा में चल रहे मुद्दे पर युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी, महिला प्रदेश अध्यक्ष आयुषी सिंधु तेवतिया, मंडल अध्यक्ष मेरठ सोनू तेवतिया मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष शकील अहमद, एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू आदि कार्यकताओं ने अपने विचार रखें। बैठक के दौरान तय किया गया कि बथुआ खेड़ा में चल रहे धरने को लेकर कल दिनांक 14 जून 2024 को एक ज्ञापन जिला अधिकारी मुरादाबाद को सौंपा जाएगा तथा आवश्यक तत्वों से अवगत कराया जाएगा एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्नि वीर योजना जो लगातार भारतीय किसान यूनियन चढूनी संगठन के द्वारा मांग की जा रही है कि 4 वर्ष के बाद 75 से 80% अग्नि वीर सैनिकों को लगातार नौकरी में रखा जाए या अग्नि वीर योजना समाप्त हो घर भेजने वाले अग्निवीर सैनिकों के लिए भी दूसरी नौकरी रोजगार सुनिश्चित हो अग्नि वीर सैनिकों को पूर्व की तरह महंगाई भत्ते विकलांग पेंशन दी जाए व 4 वर्ष के बजाय नौकरी 10 वर्ष कम से कम की जाए ऐसा नहीं होने पर बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा इस मौके पर जिला अध्यक्ष हापुड अभिषेक तेवतिया, जिलाध्यक्ष सहारनपुर कुददूस त्यागी, नफीस मेवाती, विजेंद्र फौजी, भंवर सिंह सिरोही, गौरव चौधरी, काजल चौधरी, एडवोकेट सुहेल खान, एडवोकेट राजन सिंह, एडवोकेट प्रतीक सिंह विष्णु चौधरी सुदेश प्रधान आदि दर्जनों कार्यकर्ता व अधिवक्ता मौजूद रहे। महिला प्रदेश अध्यक्ष आयुषी सिंधु तेवतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया धन्यवाद दिया भारतीय किसान यूनियन चढूनी जिंदाबाद श्री गुरनाम सिंह जिंदाबाद जय जवान जय किसान जय हिंद जय भारत।



# सफाई कर्मचारियों ने ई ओ पर लगाया शोषण का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अनूपशहर।** नगर पालिका परिषद में ठेकेदारी प्रथा पर काम कर रहे सफाई कर्मचारियों ने ईओ पर वेतन कम करने तथा अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया।

गुरुवार को नगर पालिका परिषद में ठेका प्रथा पर कार्य करने वाली महिला सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम नवीन कुमार को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि महिला सफाई कर्मचारी विगत 12 वर्षों से सफाई कर रही है। पालिका द्वारा मजदूरी के रूप में 8 हजार रुपए प्रति माह वेतन दिया जा रहा था। किंतु अब अधिशासी अधिकारी ने 8 हजार रुपए प्रति माह से घटाकर 4 हजार रुपए कर दिया। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों का होने वाले वार्षिक रजिस्ट्रेशन भी नहीं किया गया। अन्य नए कर्मचारियों से लाभ लेकर रजिस्ट्रेशन करने का आरोप लगाया है। बुधवार को सभी महिला सफाई कर्मचारी अधिशासी अधिकारी से वेतन मजदूरी बढ़ाने एवं रजिस्ट्रेशन करने की बात की गई तो उनसे आपत्ति जनक शब्द बोलकर कार्यालय से भगा दिया। एसडीएम नवीन कुमार का कहना है, कि मामले की जांच कर न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन पत्र पर बबीता, यशोदा, गीता, गुड़िया, आशा, ममता, भावना, उर्मिला, संगीता, अनीता, सुमन, पूनम, गीता, मीणा, राजो आदि ने हस्ताक्षर किए।



# बाइक की आमने-सामने की भिडंत में दो बाइक सवार की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नूपशहर।** अलीगढ़ मार्ग पर कर्णवास मोड के निकट दो बाइक की आमने- सामने की भिड़ंत में बाइक चालक दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक की पत्नी व भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने घायलों को चिकित्सालय पहुंचाकर मृतकों को पोस्टमार्टम को भेजा।

गुरूवार शाम के समय अनूपशहर-अलीगढ़ मार्ग पर कर्णवास मोड के निकट आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक 24 वर्षीय फहीमुद्दीन पुत्र फजरूद्दीन निवासी गांव लच्छमपुर थाना अनूपशहर तथा दूसरे युवक 28 वर्षीय विशाल पुत्र निरंजन निवासी गांव सैदगढी थाना अहमदगढ़ की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गम्भीर रूप से घायल फहीमुददीन की पत्नी नेहा व 8 वर्षीय भांजे अदनान को चिकित्सालय पहुंचाया। कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि फहीमुददीन अपने भांजे को बाइक से पत्नी के साथ उसके घर अहमदगढ़ छोड़ने जा रहा था।

तभी सामने से अलीगढ़ की ओर से आ रहा बाइक से आ रहा विशाल की भिड़ंत हो गई। घटना के बाद पास में ही मौजूद गांव लच्छमपुर के सैकड़ों लोग मौके पर एकत्र हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर दोनो मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।



# देवर पर पिटाई करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बरासऊ निवासी बीना देवी ने देवरा पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। बीना देवी पत्नी प्रकाश में पुलिस को दी तहरीर में देवरा चंद्रपाल पर नाली की दीवार तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब उसने दीवार को तोड़ने से मना किया तो देवर ने गाली गलौज करते हुए बदतमीजी की और लोहे की हथौड़ी से मुंह पर हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसे बचाया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर देवर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेसी बरेली में निकालेंगे धन्यवाद यात्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली ( सददाम खान)।** लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बेहतरीन प्रदर्शन से कांग्रेस कार्यकर्ता में खुशी की लहर दौड है पड़ी महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ता बरेली शहर में धन्यवाद यात्रा कार्यक्रम




आयोजित करेंगे इस संबंध में बुधवार को कांग्रेस के महानगर कार्यालय पर प्रेस वार्ता हुई महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में मिले जनादेश पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निदेर्शानुसार धन्यवाद यात्रा कार्यक्रम किए जाएंगे इस मौके पर पुर्व सभासद महेश पंडित महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी हाजी सुल्तान खान फिरोज खान जुबैर खान सुरेन्द्र सोनकर पूरनलाल पटेल अतीक खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण

## बिना नक्शा पास कराए ही हो रहे अवैध निर्माण...

# अधिकारियों की मिली भगत के चलते मोदीनगर शहर में अवैध निर्माण की बाढ़ सी आ गई है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर ।** गाजियाबाद- दिल्ली- मेरठ मार्ग पर भगवानगंज मंडी के सामने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की मिली भगत के चलते अवैध निर्माण किया जा रहा है। निर्माण की ना गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से परमिशन ले गई है ना ही किसी अन्य विभागों से। तमाम शिकायत के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शायद प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की मिली भगत के चलते मोदीनगर शहर में अवैध निर्माण की बाढ़ सी आ गई है।

दिल्ली मेरठ मार्ग पर भगवानगंज मंडी कट के सामने व मोदीनगर थाने से चंद कदम की दूरी पर एक्स शोरूम का निर्माण चल रहा है। शोरूम के निर्माण को लेकर उनके मालिकों ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से अनुमति नहीं दिए। जबकि नियमों के अनुसार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से नक्शा पास कराना जरूरी है। बिना नक्शा पास कराए ही निर्माण कार्य धडल्ले से चल है। अवैध निर्माण की स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत भी की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शायद गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व स्थानीय प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। जीडीए में तैनात हो स्टाफ तो आये तेजी जीडीए सीमा क्षेत्र में अवैध निर्माण पर प्रभावी कार्रवाई करने और अनाधिकृत कॉलोनियों और अवैध निर्माण को रोकने के साथ जीडीए संपत्तियों पर नजर रखने के लिए पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की मांग की गई है।

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्रदेश शासन एवं अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण, पुलिस महानिदेशक स्थापना से मिलकर जीडीए में ओएसडी एवं तहसीलदार, अवर अभियंता और जीडीए की पुलिस चौकी में इंस्पेक्टर, दारोगा और पुलिसकर्मियों को तैनात किए जाने की मांग की है। यानि कि एक इंजीनियर पर कार्यों का अधिक भार की वजह से वह अपने कार्यों को बेहतर तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। जीडीए में वर्तमान में सिर्फ दो ओएसडी तैनात है, जबकि 33 जूनियर इंजीनियर नियुक्त हैं। जबकि एक जमाने में 250 से अधिक अवर अभियंता जीडीए में तैनात रहते थे। ऐसे ही सहायक अभियंता की भी कमी है। तहसीलदार और लेखपाल भी तैनात नहीं होने की वजह से भू-अर्जन अनुभाग का काम भी प्रभावित हो रहा है। इनके साथ ही जीडीए की पुलिस चौकी में एक इंस्पेक्टर और एक दारोगा ही तैनात हैं। ऐसे में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किए जाने की मांग की है।

जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि जीडीए में ओएसडी, तहसीलदार और लेखपाल के साथ-साथ अवर अभियंता की तैनाती होना जरूरी है। सदरपुर में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई देखा जाये तो जीडीए के प्रवर्तन जोन तीन और एक के अंतर्गत आने वाले एरिया में भी अवैध निर्माण श्रीमती गुजा सिंह द्वारा प्रवर्तन जोन-3 के अन्तर्गत आवंटित कार्यक्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अंकुर गुप्ता द्वारा खसरा संख्या 644, 645, ग्राम-सदरपुर शिवालय पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। प्रवर्तन जोन-3 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण सचल दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। निर्माणकर्ता/विकासकर्ता द्वारा किये गये अवैध निर्माण को पुलिस बल व प्राधिकरण सचल दस्ते के सहयोग से अवैध निर्माण स्थल से हटा दिया गया। निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माण पर विशेष अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाये। निर्माणकताओं/विकासकताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये।

अवैध निर्माण पुर्णतः प्रारम्भिक स्तर पर ही सम्पूर्ण ध्वस्तीकरण किया जायेगा। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि बिना स्वीकृति मानचित्र के अवैध रूप से किये जा रहे विकास/निर्माण क्षेत्र में सम्पत्ति क्रय-विक्रय न करें। वहीं मोरटा के पास शोभापुर रोड पर टीओडी जोन में 18 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में काटी जा रही अवैध कॉलोनी को रुकवा दिया गया। इस बीच जीडीए की प्रवर्तन टीम का निर्माणकताओं ने विरोध भी किया लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने सड़कों और चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। निर्माणकताओं को चेतावनी दी गई कि स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण किया जाए।

# सड़क पर रखे पत्थर को हटाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद, दबंगों ने घर में घुसकर एक परिवार के साथ की मारपीट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** थानाक्षेत्र के गांव बसंतपुर सैंथली में सड़क पर रखे पत्थर को हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दंबगों ने घर में घुसकर एक परिवार के लोगों को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव बसंतपुर सैंथली निवासी वीरेन्द्र व बिट्टू का मकान आसपास है। उनकी गली में एक पत्थर रखा हुआ है। पत्थर को हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गई। उस समय तो वहां पर मौजूद लोगों ने मामला शांत करा दिया।

# इम्पैक्ट कॉलेज में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर!** इम्पैक्ट कॉलेज थूनापुर भोट, जनपद रामपुर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नवागत प्रभारी निरीक्षक थाना भोट इंस्पेक्टर ज्योति सिंह रहीं। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना भोट

**मुख्य अतिथि नवागत प्रभारी निरीक्षक थाना भोट इंस्पेक्टर ज्योति सिंह रहीं**

इंस्पेक्टर ज्योति सिंह का स्वागत किया गया तथा शॉल पहनाकर व कॉलेज का मेमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना भोट इंस्पेक्टर ज्योति सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण करना बहुत ही जरूरी कार्य है । उन्होंने कहा कि





जिस तरह से वृक्षों और वनों को काटा गया है अब उसका असर देखने को मिल रहा है। धरती का तापमान सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है और जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसलिए सभी नागरिकों को पर्यावरण सुधार हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने होंगे। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन डॉ० सुलतान सैफी, मैनेजिंग डायरेक्टर सरताज अहमद, महिला कल्याण एवम् बाल विकास समिति के अध्यक्ष उस्मान सैफी, प्राचार्य प्रो० आसिम अहमद, वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश शर्मा, सुशील कुमार, सनम खान, रूबी आशरा व अन्य प्रवक्ता मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन को मिला 46.74 करोड़ वसूली का लक्ष्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन ने जिला प्रशासन को 46 करोड़ 74 लाख रुपये बकाया वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस मामले में एडीएम वित्त एवं राजस्व ने वसूली के लिए टीमों को गठित करेंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एडीएम वित्त एवं राजस्व के अधिकारियों की बैठक लखनऊ में हुई थी। इस दौरान शासन के अधिकारियों ने सभी जिलों के अधिकारियों को राजस्व वसूली के लिए लक्ष्य निर्धारित किया। जिले को पहले 63 करोड़ 24 लाख रुपये वसूली का लक्ष्य मिला था। इसमें अभी तक 16 करोड़ 50 लाख की वसूली हुई है। अभी जिला प्रशासन को 46 करोड़ 74 लाख की वसूली करना शेष है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी अधिकारी प्रयास करेंगे।



# रेलवे फाटक 433 बी पर ओवर ब्रिज बनाने का काम शीघ्र होगा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांठ और अमरोहा के बीच रेल क्रासिंग 433 बी पर वाहनों को जल्द ही जाम से छुटकारा मिलेगा। रेलवे क्रासिंग पर नया ओवर ब्रिज (आरओबी) शीघ्र बनाया जाएगा। रेलवे और लोनिवि ने संयुक्त सर्वे कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर ली है। पुल बनने की संभावनाओं के बाद ही रेल प्रशासन ने पुल का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा है। मुख्यालय से ग्रीन सिग्नल पर आरओबी का एस्टीमेट तैयार होगा। नया पुल धनौरा, अमरोहा और ठाकुरद्वारा राज्यमार्ग पर स्थित है। चार लेन प्रस्तावित पुल से वाहनों को रफ्तार मिलेगी। साथ ही रेल संचालन मैं भी सुधार आएगा सात मीटर चौड़ा होगा चार लेन का पुल सहारनपुर रूट पर गेट संख्या 433 पर प्रस्तावित आरओबी चार लेन का होगा। पुल की चौड़ाई सात मीटर होगी। ताकि, इस पुल से हाईवे के वाहन आसानी से सुरक्षित होकर गुजर सकें। यह फाटक लोनिवि के स्टेट हाईवे पर होने से वाहनों की संख्या ज्यादा होने पर कई बार फाटक बंद होने से गाड़ियों को रोका जाता है।सड़क मार्ग पर स्थित रेल फाटकों पर संरक्षा को लेकर रेलवे खासा सतर्क है। मुरादाबाद-सहारनपुर रेल मार्ग पर ट्रेन संचालन को रफ्तार देने की योजना है। इन फाटकों पर जाम के बाद रेल फाटक कांठ के 2 ओवर ब्रिज की संभावनाएं तलाशी गई हैं। इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई है। यह फाटक धनौरा- अमरोहा-ठाकुरद्वारा स्टेट हाईवे का हिस्सा है। पुल बनने से क्रासिंग पर जाम नहीं लगेगा। जाम लगने से वाहनों की कतार लगती है। इसी क्रम में मुरादाबाद में लोनिवि के अधीन राज्यमार्ग संख्या 145 पर रेलवे क्रासिंग पर नया चार लेन आरओबी बनाने की तैयारी है। रेल फाटक-433 पर147 वाहनों की हर घंटे आवाजाही मतलबपुर और कांठ स्टेशन के बीच है। राज्य सरकार की ओर से स्टेट हाईवे घोषित धन धनौरा, अमरोहा, ठाकुरद्वारा हाईवे पर वाहनों की रफ्तार में रेल क्रासिंग रोड़ा बना हुआ है। इस ओवर ब्रिज के बनने से जाम की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा।

# बकरा ईद को लेकर पंचायत भवन में हुई शांति समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (एम.के.भारती सैफी)।** आगामी बकरा ईद, गंगा स्नान को लेकर शहर के सिविल लाइन स्थित पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

शांति समिति की बैठक मे जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी ने दिये सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश**

मानवेंद्र सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा की अध्यक्षता में जनपद मुरादाबाद के सभी थाना क्षेत्र से आए बुद्धिजीवियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा ईद की नमाज एवं गंगा स्नान पर साफ सफाई के साथ सुरक्षा व्यवस्था के किए गए इंतजाम तीन दिन तक होने वाली कुबार्नी को लेकर नगर निगम को साफ सफाई के लिए दिए



गए हैं निर्देश कहीं पर भी कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। समस्या का शीघ्र ही निस्तारण होना चाहिए। बैठक में शहर इमाम के साथ सभी धर्म के बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 5151 स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे, 56 विद्यालयों में छात्र संख्या शून्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के 1,32,842 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में 17,471 ऐसे हैं जहां छात्रसंख्या 50 से भी कम है। यही नहीं 56 विद्यालयों में छात्रसंख्या शून्य है। प्रदेश में जुलाई 2011 में अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 लागू होने के 13 साल बाद भी स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है।

शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में समग्र शिक्षा अभियान के लिए 2024-25 सत्र की वार्षिक कार्ययोजना और बजट के संबंध में आयोजित बैठक में यूपी के बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ओर से प्रस्तुत पिछले सत्र (2023-24) के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 5151 स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे हैं।सबसे अधिक चिंता की बात है कि




37.13 प्रतिशत स्कूलों में शिक्षक-छात्र अनुपात आरटीई के अनुरूप नहीं है। इस पर यूपी के अधिकारियों को स्कूलों में मानक के अनुरूप शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील एवं जनपद में अनेक ऐसे विद्यालय हैं जहां छात्र संख्या एक दर्जन से कम है।

# ज़िन्दगी का कोई मकसद बनालो फिर सारी ताकत उस पर लगा दो कामयाब हो जाओगे : मौलाना अहसान अत्तारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के मौहल्ला कायस्तान





स्थित मदरसा फैजान ए रजा में दावते इस्लामी इन्डिया के निगराने हिन्द मुशाबरत मौलाना अहसान अत्तारी ने मदरसे के छात्रों की तर्बियत (मोटिवेट)करते हुए बताया अगर आप अपनी ज़िंदगी का एक मकसद बना लें फिर उसी पर खूब महनत करें फिर देखना कामयाबी आपके कदम चूमेगी। हमेशा अपने उस्ताद और माँ बाप का अदब करें।

साफ सफाई का ध्यान रखें और एक कामयाब इंसान बनकर देश की तरक्की का जरिया बने। इस अवसर पर कारी मुहम्मद रफी अत्तारी, कारी इस्लाम अत्तारी, कारी अबुबकर अत्तारी, कारी मुजक्किर रजा, इमरान अत्तारी, गुलाम नबी अत्तारी, भूरे अत्तारी कसीर तादाद मे मौजूद रहे।

# बकरा ईद के उपलक्ष में हुई संभ्रांत लोगों की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थाना परिसर में आगामी बकरा ईद के त्यौहार को लेकर संभ्रांत लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बकरा ईद के त्यौहार को लेकर चर्चा की गई। बकरा ईद के त्यौहार को शांतिपूर्वक रूप से मनाने की अपील की गई तथा कुबार्नी की फोटो सोशल मीडिया पर न डालने की भी हिदायत दी गई ।

गौरतलब है आगामी सत्रह जून को बकरा ईद ईदुल अजहा का त्यौहार है उसी सिलसिले मे कुन्दरकी थाना परिसर मे संभ्रांत लोगों की बैठक हुई। बैठक मे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने कहा कि बकरा ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए।और प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी ना दें। और सरकार की गाइडलाइन का पालन करें । कुबार्नी के बाद जानवर के बचे हुए




अवशेषों को चिन्हित स्थान पर मिट्टी में दबा दें । किसी दूसरे समुदाय को कोई शिकवे शिकायत का मौका ना दें। त्यौहार के दिन ऐसा कोई काम न करे जिससे परेशानी हो । प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने कहा कि कुबार्नी का फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल ना करें । बकरा ईद के त्यौहार को शांतिपूर्ण रूप ढंग से मनाये । प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बैठक में बोलते हुए कहा कि ईद को त्यौहार को लेकर यदि कोई परेशानी आती है तो बताये प्रशासन सहयोग करेगा । अमन कमेटी की बैठक मे चौकी इंचार्ज अनिल कुमार, राजेंद्र चौधरी,अब्बास अली,राशिद खांन,हाफिज शेर अली आदि लोग मौजूद रहे ।

# 15 से 21 जून तक होगा "योग सप्ताह "का आयोजन, जिला, तहसील, विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर होगा आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर तहसील एवं जनपद में 15 से 21 जून तक 'योग सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। 21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में एक बैठक लखनऊ में आयोजित की गयी। मुख्य सचिव ने बैठक में निर्देश दिए उत्तर प्रदेश के हर जिले में आगामी 15 से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाए।




यह आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायतों के स्तर पर भी कराया जाए। सम्बन्धित जिलों के प्रभारी मंत्रियों की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। कार्यक्रम से पूर्व सभी ग्राम पंचायत व नगर निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। मिश्र ने कहा कि वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल ऐप के जरिये सभी सरकारी कार्यालयों में अभ्यास कराया जाये। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल,

ऐतिहासिक महत्व के स्थान, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, सभी अमृत सरोवरों एवं प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थलों को चयन में प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' है।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए 15 जून से शुरू होंगे आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार मिल सके, इसके लिए आवेदन 15 जून से शुरू हो जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। शिक्षक अपना आवेदन ह६६. स्त्र११ल्लं४स्त्र.ल्ल पर कर सकेंगे। इसके लिए चयन समितियों को भी गठित कर दिया गया है।

सभी आवेदनों का जनपद स्तरीय चयन समिति अभिलेखीय आधार पर 15 से 25 जुलाई तक सत्यापन करेगी। इसके बाद फिर दो शिक्षकों का चयन करके बाद में पोर्टल के




माध्यम से जिला स्तरीय समिति की ओर से राज्य चयन समिति को भेजना होगा। राज्य चयन समिति 26 जुलाई से 10 अगस्त तक पुनर्मूल्यांकन के साथ शिक्षकों का चयन करेगी। इस बारे में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए सभी जनपदों के अध्यापक आवेदन कर सकते हैं। सत्यापन के दौरान इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा कि सत्यापित किया गया कोई भी अध्यापक अध्यापिका आपराधिक पृष्ठभूमि का न हो।

राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए वहीं शिक्षक आवेदन कर सकते हैं, जिनकी स्कूल में 100 प्रतिशत उपस्थिति हो। इसके साथ ही सेवानिवृत्त होने में पांच साल से कम समय है तो आवेदन मान्य नहीं होगा। प्राथमिक विद्यालयों में 150 से कम, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 105 से कम एवं कम्पोजिट विद्यालय में 255 छात्र-छात्राएं से कम नामांकन न हो। संविदा शिक्षक एवं शिक्षामित्र इस पुरस्कार के लिए अर्ह नहीं है। साथ ही अवकाश प्राप्त, सेवा निवृत्त शिक्षक, शैक्षिक प्रशासक, विद्यालय निरीक्षक एवं प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं के प्रशिक्षक इस पुरस्कार के लिए अर्ह नहीं है।

**छापेमारी** | **अवैध नशे के खिलाफ जारी है योगी सरकार का एक्शन**

# प्रदेश में आबकारी और पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश पर प्रदेश में अवैध और जहरीली शराब के खिलाफ अभियान जारी है। आचार संहिता समाप्त होने के एक हफ्ते के भीतर ही प्रदेश में अबतक हजारों लीटर अवैध और जहरीली शराब को आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा नष्ट और जब्त किया जा चुका है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दोनों विभागों की पीठ इस बात को लेकर थपथपाई है कि पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में कहीं भी अवैध और जहरीली शराब से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है।

दोनों विभाग की संयुक्त टीमें प्रदेश के सभी जिलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई के जरिए प्रतिदिन सैकड़ों लीटर अवैध शराब को जब्त और नष्ट करने का काम कर रही हैं।





**एक सप्ताह में इन जिलों में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई**

बीते एक हफ्ते में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अमरोहा, सहारनपुर, गाजियाबाद, सीतापुर, सुल्तानपुर, ललितपुर, हापुड़, मुरादाबाद, लखीमपुर, गोंडा, एटा अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, बस्ती, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, झांसी, उन्नाव, बांदा, प्रयागराज, चित्रकूट, गौतमबुद्ध नगर, फरुर्खाबाद, बदायूं, अमेठी, कुशीनगर, गोरखपुर और बस्ती से हजारों लीटर अवैध शराब को जब्त और नष्ट किया गया है। इसके अलावा नकली देसी-विदेशी शराब, बोतलें, नकली रैपर, नकली क्यूआर कोड सहित पूरे के पूरे कारखानों को भी उजागर किया गया है। साथ ही अन्य राज्यों में बिक्री के लिए अनुबंधित शराब को भी प्रदेश के विभिन्न ढाबों पर बेचने वाले गिरोह का भी पदार्फाश किया गया है।

**अभियान जारी : बीते दो दिन में 12 जिलों में रेड**

हफ्तेभर से प्रदेश के सभी जिलों में चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई में हजारों लीटर अवैध शराब को जब्त और नष्ट किया जा चुका है, वहीं बुधवार और गुरुवार पूर्वाह्न खबर लिखे जाने तक चली अनवरत कार्रवाई में सीतापुर में 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 200 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। झाँसी में 610 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी और 3800 किग्रा. लहन मौके पर नष्ट किया। यहां से 4 महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्नाव में आबकारी टीम ने 225 ली. अवैध शराब बरामद की तथा 500 किग्रा. लहन नष्ट किया। इसके अलावा आबकारी और पुलिस टीमों की दबिश अलीगढ़, हरदोई, कुशीनगर, गोरखपुर, सहारनपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और बस्ती में भी दर्ज की गई हैं।

**स्वयं सीएम योगी कर चुके हैं तारीफ**

प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा चल रही अनवरत कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विभाग की पीठ थपथपा चुके हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय के ऑफिशियल एक्स हैंडल के जरिए स्वयं सीएम योगी ने कहा है कि जहरीली अथवा अवैध शराब बनाने, बेचने और खरीदने के प्रयासों पर लगातार हुई कार्रवाइयों का ही असर है कि इसका पूरा सिंडिकेट समाप्त हो गया है।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिया धरना, शुगर मिल के अधिकारियों ने अनेक मांगे की स्वीकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के नेतृत्व में सहकारी गन्ना



विकास समिति कांठ में शुगर मिल के सक्षम अधिकारियों के साथ ज्यैष्ठ गन्ना अधिकारी सिराज मलिक के मध्यस्थ में 30 को दिए गए ज्ञापन के सातों बिंदुओं के संदर्भ में वार्ता की जिसमें कुछ बिंदुओं पर ज्यैष्ठ गन्ना अधिकारी ने अपनी जिम्मेदारी ली और साथ ही पिछले वर्ष की मांग छोटे क्रय केंद्र को बड़ा करने के संबंध में त्रिवेणी शुगर मिल, दीवान शुगर मिल और अवध शुगर मिल ने सत्र 2024 25 से पहले बड़े क्रय केंद्र लगाने का आश्वासन दिया है जिसमें दीवान शुगर मिल कम से कम पांच, अवध शुगर मिल कम से कम 10 और त्रिवेणी शुगर मिल कम से कम 2 केंद्र केदो को बड़े प्लेटफार्म में बदलने का लिखित में आश्वासन दिया।आज के धरना प्रदर्शन में चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह, सियाराम सिंह, राम कला गुर्जर, सलीम गाजी,भविष्य बिश्नोई, प्रिंस चौधरी, राहुल चौधरी, महेश ठाकुर, धर्मपाल सैनी,उदयराज सिंह,चौधरी सतवीर सिंह मान, बलराज सिंह,विशाल राजू हैप्पी,अरविंद बिश्नोई उर्फ जोनी (नगर अध्यक्ष कांठ) आदि किसान मौजूद थे ।



# श्वेता तिवारी ने 43 की उम्र में फैंस के बीच शेयर किया समर लुक, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स हुए घायल

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनकी हर एक फोटोज सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट समर लुक में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद ही सेक्सी और स्टनिंग नजर आ रही हैं। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट समर लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका क्यूट लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर दिल हार जाते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। श्वेता तिवारी ने अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए कैमरे के सामने खूबसूरत अंदाज में स्माइल देते हुए पोज दिए हैं। ब्लैक एंड व्हाइट फ्लोरल लुक में शॉर्ट ड्रेस पहनकर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का समर लुक लोग उनके स्टाइल की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि, श्वेता तिवारी ने 43 साल की उम्र में भी खुद को काफी मेंटेन कर के रखा हुआ है। हालांकि श्वेता तिवारी के चाहने वाले उन्हें उनकी बेटी पलक की बहन बताते हैं। श्वेता तिवारी इंस्टाग्राम पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। उन्होंने खुद की तरह, अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी मेनटेन किया हुआ है।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की कमाई में गिरावट जारी, लाखों में सिमटा कारोबार

जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है।रूही के बाद यह जाह्नवी-राजकुमार के बीच दूसरा सहयोग है और दोनों की शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अब दूसरे सप्ताह में मिस्टर एंड मिसेज माही की दैनिक कमाई लाखों में सिमट गई है।आइए जानते हैं मिस्टर एंड मिसेज ने 11वें दिन कितने लाख रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मिस्टर एंड मिसेज माही ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 90 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 30.8 करोड़ रुपये हो गया है।शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में कुमुद मिश्रा, राजेश शर्मा और जरीना वहाब जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है।करण जौहर, हीरू यश जौहर और अपूर्व मेहता इस फिल्म के निमार्ता हैं।

फिल्म में आप देख पाएंगे कि राजकुमार राव इस फिल्म में महेंद्र के किरदार में नजर आ रहे हैं। जिन्होंने बचपन से ही क्रिकेटर बनने के सपना देखा होता है, लेकिन पिता नहीं चाहते कि वह क्रिकेट खेलें।इस वजह से उन्हें अपने सपने को छोड़ना पड़ा, लेकिन ये सपना वह अपना पत्नी जाह्नवी कपूर (महिमा) से पूरा करवाते हैं।वैसे तो उनकी पत्नी पेशे से डॉक्टर होती हैं, लेकिन वह पति के कहने पर क्रिकेट खेलती हैं।



# जननी-एआई की कहानी में रोबोट की तरह एक्ट करना चैलेंजिंग था: आशिका भाटिया

टीवी की सबसे हाई प्रोफाइल एक्ट्रेस में से एक आशिका भाटिया जननी-एआई की कहानी शो में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया कि उनके लिए एआई रोबोट की तरह एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था।

शो में आशिका चांदनी के रोल में नजर आएंगी। आशिका ने कहा, मेरे किरदार का नाम चांदनी है। मैं एआई रोबोट हूं, जो इंसानों की तरह लगती है। मेरे लिए रोबोट का एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैंने पहले कभी भी ऐसा रोल नहीं किया था, इसलिए मैं इस खास मौके का फायदा उठाना चाहती



थी। उन्होंने कहा, खास तौर पर चलते हुए किसी शो में आपको किसी ऐसे व्यक्ति की तरह बर्ताव करना होता है जो पहले से ही सीरीज में है। मेरे लिए किसी और की नकल करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया।

जननी- एआई की कहानी इरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वैज्ञानिक से मां बनी है। वह घातक बीमारी से अपनी बेटी की जान बचाने के लिए एआई रोबोट का आविष्कार करती है।

एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, जननी- एआई की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो आशिका को पिछली बार एंड टीवी पर वाणी रानी शो में देखा गया था। उन्होंने छोटे पर्दे पर मीरा शो में डेब्यू किया था। वह परवरिश - कुछ खट्टी कुछ मीठी में गुणवंत कौर अहलूवालिया के किरदार में नजर आईं। इसके अलावा, उन्होंने 2015 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म प्रेम रतन धन पायो में सलमान खान की छोटी बहन का किरदार भी निभाया। आशिका ने लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स के रूप में एंट्री की, लेकिन कुछ ही हफ्तों बाद शो से बाहर आ गईं।

# रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 का टीजर जारी, 21 जून से जियो सिनेमा पर होगा प्रीमियर

रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन का दर्शक पिछले कुछ समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।बिग बॉस ओटीटी 3 की मेजबानी सलमान नहीं, बल्कि अनिल कपूर करने वाले हैं। पहले दोनों सीजन को सलमान ने होस्ट किया था।अब निमार्ताओं ने बिग बॉस ओटीटी 3 का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें अनिल की झलक साफ दिख रही है।

टीजर में उनकी दमदार आवाज सुनने को मिल रही है। बिग बॉस ओटीटी 3 का प्रीमियर 21 जून से जियो सिनेमा पर रात 9 बजे से होने जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने टीजर साझा करते हुए लिखा, मौसम बदलेगा, तापमान बदलेगा। अनिल कपूर के आने से अब सब बदलेगा। हमारे होस्ट अनिल कपूर के साथ बिग बॉस ओटीटी 3के इस खास सीजन के लिए तैयार हो जाइए।पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आने वाली हस्तियों को लेकर अटकलें चल रही हैं। वहीं इस शो को लेकर अनिल कपूर ने भी अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते



हुए कहा कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं. हम दोनों दिल से जवान हैं, लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है।

ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और मजेदार ट्राई करना. मैं बिग बॉस में उसी एनर्जी को 10 गुना ज्यादा लाने जा रहा हूं. मैं इसमें अपना स्वाद लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता. इस शो में जाने वाले कई कंटेस्टेंट के नाम सामने आ रहे हैं. जिनमें रियाज अली, शिवांगी जोशी, शफक नाज, दलजीत कौर, वायरल वडापाव गर्ल चंद्रिका, यूट्यूबर जैन सैफी, विक्की जैन और अदनान शेख शामिल हैं। इसके अलावा कृति सेनन की बहन नुपूर सेनन त्रिशाला दत्त, अहाना देओल, मिथुन चक्रवर्ती के बेटे उष्मेय चक्रवर्ती और तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम भव्या गांधी के नाम को लेकर भी चर्चा चल रही हैं. हालांकि इस बारे में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# गर्मी के दिनों में पीएं ठंडा-ठंडा मौसंबी का जूस, मिलेंगे ये 5 मुख्य फायदे

मौसंबी का जूस गर्मी में जूस की दुकानों पर मिलने वाला सबसे लोकप्रिय पेय है। यह मौसंबी फल के खट्टे स्वाद और चीनी की मिठास का एक अद्भुत संयोजन होता है, जिसे पीने से ताजगी मिलती है।इस पेय में कई तरह के लाभ भी छिपे होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं। इस जूस को अपनी डाइट में शामिल करने से आप शरीर को डिटॉक्सीफाई भी कर सकेंगे।आइए जानते हैं मौसंबी जूस के सेवन के फायदे।



**वजन घटाने में मिलेगी मदद**

मौसंबी का जूस एक कम कैलोरी वाला पेय है, जिसमें अच्छी मात्रा में फाइबर और अन्य पोषक तत्व होते हैं। इस स्वादिष्ट जूस के सेवन से वजन घटाने में मदद मिलती है।अगर आप स्वस्थ खान-पान के जरिए अपना वजन कम करना चाहते हैं तो इसे आहार का हिस्सा बनाएं। मौसंबी के जूस का सेवन तृप्ति की भावना को बढ़ाने और भूख को रोकने में मदद कर सकता है।आप स्ट्रॉबेरी का जूस पीकर भी कई लाभ पा सकते हैं।

**दिल का स्वास्थ्य होता है दुरुस्त**

मौसंबी के जूस का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। साथ ही इससे हृदय स्वास्थ्य को दुरुस्त करने में भी मदद मिल सकती है।मौसंबी के जूस में एंटीऑक्सिडेंट और पोषक तत्व होते हैं, जो रक्तचाप के स्तर और हृदय रोगों के लक्षणों को कम करते हैं। रोजाना एक गिलास मौसंबी का जूस पीने से आप स्ट्रोक और दिल के दौरे जैसी परेशानियों से भी बच सकते हैं।

**शरीर होता है डिटॉक्सीफाई**

मौसंबी का जूस भी शरीर को डिटॉक्स करने के लिए एक बेहतरीन पेय होता है। यह सुबह के वक्त पीने के लिए बिलकुल सही पेय है, जो हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बेअसर करने में मदद करता है।साथ ही इसके सेवन से तनाव भी कम किया जा सकता है। सुबह सबसे पहले मौसंबी का जूस पीने से मूड और ऊर्जा के स्तर को भी बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

**हाइड्रेशन**

इस भीषण गर्मी के बीच धूप के कारण हमारा शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है। इसके चलते चक्कर आना, बेहोशी आना और बेचैनी आने जैसी परेशानियां हो सकती हैं।मौसंबी के जूस में अच्छी मात्रा में पानी मौजूद होता है, जो शरीर को प्राकृतिक हाइड्रेशन प्रदान करता है। इस लजीज पेय को पीने से आपको निर्जलीकरण और गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचने में भी सहायता मिलेगी।आपको बेल का जूस पीने से भी कई लाभ मिल सकते हैं।

**बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता**

मौसंबी का जूस पीने से शरीर को अच्छी मात्रा में विटामिन- सी और एंटीऑक्सीडेंट मिलते हैं। इन तत्वों के कारण प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है।इसके अलावा, इस पेय में मौजूद फ्लेवोनोइड्स मुक्त कणों के कारण होने वाली सूजन को भी रोकते हैं। मौसंबी के जूस में मौजूद विटामिन सी बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें स्वस्थ रखता है।वजन घटाने के लिए सब्जियों से बने जूस का सेवन करें।

# रोजाना खाली पेट कच्चा लहसुन खाने से मिल सकते हैं कई स्वास्थ्य लाभ

खाने में तो लहसुन का स्वाद कई लोग पसंद करते हैं, लेकिन कच्चे लहसुन की सुगंध से ही नाक-मुंह सिकोड़ने लगते हैं।हालांकि, अगर आप रोजाना खाली पेट कच्चे लहसुन की 1-2 कली खाते हैं तो इससे फाइबर, मैंगनीज, विटामिन-सी, सेलेनियम, कैल्शियम, कॉपर, फास्फोरस, आयरन विटामिन-बी1, विटामिन-बी6 और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व मिल सकते हैं।ये पोषक तत्व कई स्वास्थ्य स्थितियों का प्राकृतिक उपचार करने समेत कई लाभ प्रदान कर सकते हैं।



**हानिकारक कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में है सहायक**

अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट महज एक लहसुन की कली खाते हैं तो इससे शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (हानिकारक कोलेस्ट्रॉल) के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है।साथ ही इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट में कार्डियोडिप्रेसेंट (ब्लड प्रेशर को कम करने वाला) और वैसोडिलेटर (हृदय की धमनियों में रूकावट को दूर करने वाला) प्रभाव मौजूद होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

**इम्यूनिटी को मजबूती प्रदान में है कारगर**

खाली पेट कच्चे लहसुन का सेवन करने से शरीर को संक्रमण और बीमारियों से सुरक्षित रखने वाली प्राकृतिक क्षमता यानी इम्यूनिटी को भी मजबूती मिल सकती है।इसका कारण है कि कच्चा लहसुन एंटी-ऑक्सीडेंट्स और सल्फर युक्त होता है और ये यौगिक मुक्त कणों से लड़कर ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में भी कारगर हो सकते हैं।यहां जानिए इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाले अन्य स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ।

**वजन को कर सकता है नियंत्रित**

कच्चे लहसुन की एक कली खाने मात्र से शरीर से अतिरिक्त चर्बी को दूर करने में मदद मिल सकती है।इसमें फाइबर के साथ-साथ एंटी-ओबेसिटी गुण मौजूद होते हैं, जो अनहेल्दी खाने की लालसा को कम करके वजन घटाने में सहयोग प्रदान कर सकता है।इसके अलावा इनका सेवन शरीर में गर्मी भी पैदा करता है, जिससे फैट बर्न करने में मदद मिलती है। साथ ही यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में भी प्रभावी माना जाता है।

**पेट के अल्सर से बचाव करने में मददगार**

पेट में एसिड का उच्च स्तर, अधिक तनाव और धूम्रपान आदि के कारण पेट में अल्सर हो सकता है।कच्चे लहसुन में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी पेट में अल्सर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।अध्ययनों के अनुसार, यह पेट की सूजन को कम करने और पेट के कई संक्रमणों को खत्म करने में सहायक है।यह शराब और दर्द निवारक के अति प्रयोग से होने वाले पेट के नुकसान को भी कम कर सकता है।

**कैंसर से सुरक्षित रखने में है प्रभावी**

कच्चे लहसुन में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर की स्वस्थ और सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना माइटोकॉन्ड्रिया पर हमला करके 40 से अधिक प्रकार की कैंसर कोशिकाओं को खत्म कर सकते हैं।एंटी-ऑक्सीडेंट कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकता है और शरीर को कई तरह के कैंसर से सुरक्षित रख सकता है।इसलिए रोजाना सुबह खाली पेट लहसुन की एक कली का सेवन जरूर करें।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मुंज्या की दैनिक कमाई में गिरावट शुरू

आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी फिल्म मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।यह फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने महज 4 दिन में 23 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।हॉरर और कॉमेडी से भरपूर इस फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है।वीकेंड पर खूब नोट छापने के बाद अब मुंज्या की दैनिक कमाई में गिरावट दर्ज की गई है।

अब मुंज्या के चौथे दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सोमवार को इस फिल्म ने 3.75 करोड़ रुपये का




कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 23 करोड़ रुपये हो गया है।मुंज्या ने 4 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरूआत की थी।दूसरे दिन फिल्म ने 7.25 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 8 करोड़ रुपये कमाए।

मुंज्या में मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ मुख्य भूमिका में हैं। वरुण धवन ने भी इस फिल्म में मेहमान की भूमिका निभाई है। स्त्री और भेड़िया जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों के निमार्ता दिनेश विजान इस फिल्म का निर्माण किया है।बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या का सामना राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही से हो रहा है।राजकुमार की फिल्म श्रीकांत और मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी भी सिनेमाघरों में लगी हुई हैं।

# दिल्ली को सुप्रीम कोर्ट से भीषण गर्मी में पानी की कीमत को लेकर बड़ा झटका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में पानी के किल्लत को लेकर छिड़ी जंग। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के कारण पानी की किल्लत से जूझ रही दिल्ली को आज सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा जब हिमाचल प्रदेश ने कोर्ट में अपने ही बयान पर यू-टर्न ले लिया। हिमाचल ने कोर्ट में बताया है कि उनके पास अपनी जरूरत से ज्यादा पानी नहीं है और वह दिल्ली को अतिरिक्त जल की आपूर्ति नहीं कर सकते। इससे पहले हिमाचल ने पानी देने पर सहमति जताई थी। प्यासी दिल्ली के लिए नहीं पसीजा हिमाचल का दिल सुप्रीम कोर्ट ने पानी' पर लिया यू-टर्न पानी की किल्लत से जूझती दिल्ली। भीषण गर्मी से पहले से बेहाल और पानी के लिए कराह रही दिल्ली को सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश से भी आज तगड़ा झटका लगा है। पड़ोसी राज्यों से अतिरिक्त पानी की मांग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय पहुंची दिल्ली सरकार की याचिका पर अदालत ने हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश जिसने पहले दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी देने की सहमति जताई थी, वह भी आज मुकर गया। हिमाचल ने कहा, उसके पास दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है इसलिए वह सरप्लस पानी नहीं देगा। दिल्ली के कई इलाकों में प्यास पर ताकत भारी, टैंकर के पहुंचने पर पाइप डालकर पानी खींचने लगते हैं लोग जस्टिस प्रशांत ने यूवाईआरबी के पास जाने को कहा जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और प्रसन्ना बी वराले की वैकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार से यूवाईआरबी को शाम 5.00 बजे तक आवेदन देने को कहा है कि वह दिल्ली को मानवीय ग्राउंड पर पानी सप्लाई कर दे। हिमाचल प्रदेश सरकार ने आज सुप्रीम कोर्ट में बताया कि



उसके पास 136 क्यूसेक सरप्लस पानी नहीं है और इसके साथ ही उसने अपना पुराना स्टेटमेंट भी वापस ले लिया जिसमें उसने 136 क्यूसेक पानी देने पर सहमति जताई थी। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि यमुना नदी का पानी का राज्यों के बीच बंटवारा करना बहुत ही जटिल और संवेदनशील मामला है और यह कोर्ट इस तरह के तकनीक की विशेषज्ञ नहीं है। कोर्ट ने बोर्ड को फैसला लेने को कहा कोर्ट ने आगे कहा, इस मामले को हम उस बोर्ड के अधीन छोड़ते हैं जो इसकी एक्सपर्ट है और सभी राज्यों ने मिलकर जिसका गठन 1994 में किया था। अदालत ने आगे कहा कि चूंकि यूवाईआरबी पहले ही दिल्ली सरकार को पानी सप्लाई के लिए मानवीय आधार पर आवेदन देने के लिए कहा है अगर सरकार ने आवेदन न दिया हो तो आज शाम 5 बजे तक आवेदन दे दे। अदालत ने यह भी कहा कि आवेदन मिलते ही बोर्ड इस पर गौर करे और कल बैठक कर जल्द से जल्द मामले में फैसला ले।

# ईद एवम दशहरा पर्व को लेकर कोतवाली प्रांगण में की गई एक शांति मीटिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर कोतवाली प्रांगण में बकरा ईद, दशहरा, पूर्णिमा, गंगा स्नान के मध्य नजर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम सदर दिव्या मिश्रा, सीओ पूर्णिमा, व कोतवाल यशपाल सिंह ,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेश तेवतिया व नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान व विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर वीके राणा उपस्थित रहे।
एडीएम सदर दिव्या मिश्रा ने जनमानस से अपील की त्योहार मिलजुल कर वे प्रेम सद्भाव से म नाएं आपस में एक दूसरे धर्म के लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पालिका परिषद की ईओ निहारिका चौहान को नगर की साफ सफाई वह पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के आदेश दिए। वहीं विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर को विद्युत की व्यवस्था को सुचारू रखने के आदेश दिए।
सीईओ पूर्णिमा ने कहा ईद का त्योहार पर लोग कुबार्नी खुले स्थान पर न करें



प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी ना करें खुले में अपशिष्टव गंदगी न डालें।
अपशिष्ट को डालने के लिए गड्ढे खोदे जो ऊपर से कम चौड़े व गहराई में अधिक हो जिससे आवारा पशु अपशिष्ट को इधर-उधर न ले जाकर डालें। नमाज सड़क पर न पड़े साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। त्यौहार को प्रेम सद्भाव से बनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाहों की सूचना तुरंत थाना प्रभारी को दें। शांति मीटिंग में नगर के सभी धर्म के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम डी.एन.पी.जी.

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. अनुज कुमार बालियान ने विज्ञान की नई तकनीक स्पेक्ट्रोस्कोपी पर व्याख्यान दिया अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि स्पेक्ट्रोस्कोपी की मदद से हम किसी भी ग्रह में उपस्थित वायुमंडल और उसमे उपस्थित मैटेरियल का आकलन हम अपने ग्रह से कर सकते है। भारत में सर सी.वी. रमन ने रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी का आविष्कार किया था।




स्पेस रिसर्च में अग्रणी देश स्पेक्ट्रोस्कोपी की मदद से किसी भी ग्रह में उपस्थित महत्वपूर्ण तत्वों की जानकारी लेकर उनका दोहन करने का प्रयास कर रहें है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.विनय कुमार सिंह ने बताया कि एम.आर.आई. स्पेक्ट्रोस्कोपी की मदद से हम शरीर में उपस्थित ट्यूमर का पता करके उसका उपचार कर सकतें है। कालेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार ने कहा कि स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक में नए अनुसंधान मानव जीवन प्रत्याशा को बढ़ाने में सहयोग करेगी। रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता ने महत्वपूर्ण संबोधन के लिए डॉ. अनुज कुमार बालियान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री भूपेंद्र कुमार और गोपाल सिंह राणा उपस्थित रहे।

# प्रदेश को जल्द मिलेगी प्रदूषण रहित 5000 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** प्रदेश को जल्द ही प्रदूषण रहित

- **14 जून को 5000 इलेक्ट्रिक बसों की क्रय के लिए संपन्न होगी टेंडर प्रक्रिया**
- **सीएम योगी के नेतृत्व में परिवहन निगम की बसों को इलेक्ट्रिक बसों से रिप्लेस कर रही प्रदेश सरकार**
- **प्रथम चरण में प्रयागराज, आगरा एवं गाजियाबाद से जुड़े जनपदों के बीच लगभग 200 किमी की दूरी तय करने वाली इलेक्ट्रिक बसें लगाई जाएंगी**

5000 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार परिवहन निगम की बसों को इलेक्ट्रिक बसों से रिप्लेस करने की योजना पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में 14 जून 2024 को 5000 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया संपन्न होने जा रही है।

**200 किमी की दूरी तय करेंगी**

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में प्रयागराज, आगरा एवं गाजियाबाद क्षेत्रों से जुड़े जनपदों के बीच लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इलेक्ट्रिक बसें लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से निकटवर्ती जनपद जैसे बनारस, कानपुर, विंध्याचल धाम, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ इत्यादि को जोड़ा जाएगा।इसी प्रकार आगरा एवं गाजियाबाद रीजन के निकटवर्ती जनपदों को भी इलेक्ट्रिक वाहनों से जोड़ा जाएगा। इलेक्ट्रिक बसें पर्यावरण हितैषी होने के साथ साथ आरामदायक भी हैं।



**एसी बसों के बराबर होगा किराया**

परिवहन मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसें अनुबंध के आधार पर लगाई जाएगी। बसों पर रखे जाने वाले चालक बस मालिक ही रखेंगे। इसके अलावा परिचालक वाहन मालिक स्वयं भी रख सकते हैं अथवा यूपीएसआरटीसी भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों का किराया वर्तमान में चल रही 3X2 एवं 2X2 सीटर एसी बसों के बराबर ही होगा।

**परिवहन निगम देगा चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था**

परिवहन मंत्री ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन के लिए भूमि और विद्युत कनेक्शन परिवहन निगम उपलब्ध कराएगी। परिवहन निगम के डिपो में यह व्यवस्था उपलब्ध होगी। इन बसों का 12 वर्षों तक मेंटेनेंस वाहन स्वामी स्वयं करेंगे। इसके अलावा ड्राइवर की ट्रेनिंग इत्यादि की व्यवस्था भी वाहन स्वामियों को ही करनी होगी। उन्होंने बताया कि टेंडर के माध्यम से अनुबंध पर लगाए जाने वाली बसें तीन प्रकार की होगी। 12 मीटर लंबी 2X2 सीटर, 12 मीटर लंबी 3X2 सीटर, 9 मीटर लंबी 2X3 सीटर।

## दिल ने कहा सुंदर मन से निकले सुंदर अनुभवो का काव्य संग्रह : डॉ. चडढा

# सुमन मोहिनी के काव्य संग्रह दिल ने कहा लोकार्पित व काव्य गोष्ठी आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (डॉ.शंभू पंवार)।** प्रसिद्ध साहित्यकार ,लेखिका सुमन मोहिनी के काव्य संग्रह "दिल ने कहा " का लोकार्पण बड़े ही, हर्षोंउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

राजधानी के विमान पत्तनम प्राधिकरण आफीसर्स इंस्टीट्यूट सफदरजंग हवाई अड्डा के सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय ख्यातिनाम साहित्यकार, कहानीकार डॉ.सविता चड्ढा ने की।मुख्य अतिथि के रूप में लम्हे जिंदगी की संस्थापक डॉ. पूजा भारद्वाज और डॉ. सीमा पटेल उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजन - अर्चन और वंदना से आरम्भ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने सुमन मोहिनी जी के काव्य संग्रह दिल ने कहा का लोकार्पण किया। समारोह को संबोधित करते हुवे देश की प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा ने "काव्य संग्रह दिल ने कहा " की मुक्त कंठ से सराहना करते हुवे कहा कि इस काव्य संग्रह में सुमन मोहिनी ने जो जिया है उसे ही लिखा है। रचनाएँ अद्वितीय और लाजवाब हैं। रचनाओं का चित्रण बहुत मार्मिक हैं। इनका सरोकार सीधे सीधे हकीकत से है। यह संग्रह सुंदर मन से निकले सुंदर अनुभव बयां करता संग्रह है और अपनी सरल भाषा और आकर्षक अभिव्यक्ति के कारण मील का पत्थर साबित होगा। मुख्य अतिथि डॉ. पूजा भारद्वाज ने कहा- संग्रह की रचयिता सलोनी जी ने पुस्तक को स्मृति शेष ननद को समर्पित किया है जो कि बहुत बड़ी बात है। यह ननद और



भौजाई के सच्चे प्रेम का द्योतक है। आगे कहा- सच्ची में ननद भौजाई की सहेली होती है। सास के बाद ननद ही ससुराल में पथप्रदर्शक होती है। डॉ. सीमा पटेल ने सभी रचनाओं को एक से बढ़कर एक बेहतरीन बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन आलोक सिंह गुमशुदा एवं सह-संचालन सुमन मोहिनी सलोनी द्वारा किया गया । काव्य गोष्ठी में डॉ. सविता चड्ढा, डॉ. पूजा भारद्वाज, डॉ. सीमा पटेल, आलोक सिंह गुमशुदा', सुमन मोहिनी ' सलोनी ' सुभाष श्रीवास्तव, कामिनी मिश्रा, कंचन वार्षणे, रेखा बोरा, मोनिका अरोड़ा, निट्ठू नैन, अजीत अनुराग, कृष्ण राघव, ऋषि मौर्य, जितेंद्र यादव चंबल, विवेक तिवारी, चेतना गौतम, स्वाति शर्मा, अर्चना चतुवेर्दी, सीमा कौशिक, गोल्डी , निशा ध्यानी, नीलम और सुनीता आदि ने अपनी सुमधुर रचनाओं, से श्रोताओं को आनंद विभोर कर दिया। गोष्ठी में विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकार सर्व श्री उदयवीर सिंह, दिनेश सागर, कुसुम सागर, भूपेश सैनी, मंजुल मोहिनी, बृजेश शर्मा, इन्दु मोहिनी, जितेंद्र वर्मा, गुलाब सिंह, दीपाली सिंह, अरिंदम बनर्जी, भाग सिंह, प्रवेश, आदित्य सिंह, मुकुल वर्मा, आशी सिंह, दीपक राज, दीपक अरोड़ा, मुकेश तिवारी, शिवम्, बापन चौधरी, पवन मल्होत्रा , रागिनी , प्रीति, दक्ष पटेल आदि की उपस्थिति सराहनीय रही। काव्य पाठ के उपरांत सभी रचनाकारों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में संस्थापक आलोक सिंह गुमशुदा और सह-सांस्थापिका सुमन मोहिनी सलोनी ने सभी आए हुए अतिथियों और साहित्यकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# यूपी पुलिस में आउटसोर्सिंग से भर्ती पर विचार का मामला: डीजीपी प्रशांत कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में आउटसोर्सिंग से भर्ती पर विचार का मामला। मामले में डीजीपी प्रशांत कुमार का बयान। सोशल मीडिया में पुलिस विभाग में आउटसोर्सिंग के संबंध में एक पत्र प्रसारित हो रहा है। यह पत्र त्रुटिवश जारी हो गया है। पुलिस विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग की व्यवस्था पहले से चल रही है। इसी के संबंध में पत्र जारी किया जाना था जो कि त्रुटिवश मिनिस्टीरियल स्टाफ के लिए जारी हो गया है। ऐसा कोई प्रस्ताव पुलिस विभाग और शासन स्तर पर विचाराधीन नहीं है। यह पत्र गलत जारी हो गया है जिसे निरस्त कर दिया गया है।



# छात्रा के साथ युवक ने की छेड़छाड़,मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** औरंगाबाद थाना क्षेत्र में नही रुक रहा शोहदों का आतंक। आए दिन बढ़ती छेड़छाड़ की घटनाओं ने छात्राओं व अभिभावकों को परेशान कर दिया है। एक माह के अंदर कॉलेज आते-जाते तीन छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटना हो चुकी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा के साथ गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ कर दी। छात्रा ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो आरोपी उसके भाई को जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पीड़ित छात्रा के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

एक गांव निवासी छात्रा बुधवार देर शाम अपने घेर से वापस घर लौट रही थी। इस दौरान ही गांव के युवक ने रास्ते में अकेली आते देख उसके साथ



छेड़छाड़ कर दी। जब छात्रा ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो आरोपी युवक उसके भाई को जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। पीड़ित छात्रा ने अपने परिजनों के साथ थाना औरंगाबाद पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत कराया।छात्रा का आरोप है कि आरोपी पिछले काफी समय से उसको स्कूल आने जाने के दौरान कई बार छेड़छाड़ कर चुका है। फोन पर भी दोस्ती करने की बात कहकर उसको धमकाया गया।बाद में आरोपी को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दे दी।

**इन्होंने कहा**

तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। नामजद आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**- विकास प्रताप सिंह चौहान, सीओ सिटी**

# कानपुर मेडिकल कॉलेज की पांचवी मंजिल से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत, दो हिरासत में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में अचानक बड़ा हादसा हो गया। यहां की 5वीं मंजिल

- **परिजनों ने लगाया छत से फेंक कर हत्या का आरोप, इसीलिए दो साथी डॉक्टरों से भी पूछताछ कर रही पुलिस**
- **25 जून को लेनी थी उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज में जॉइनिंग**

से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत हो गई। यह घटना बीती देर रात उस समय की है, जब महिला डॉक्टर साथी डॉक्टरों के साथ पार्टी कर रही थी। बीती रात आयोजित पार्टी के लिए सभी डॉक्टर छत पर गए। थोड़ी देर में डॉक्टर दीक्षा तिवारी के छत से गिरने की आवाज आई। उसकी मौके पर मौत हो गई। साथी दोस्तों ने कॉलेज प्रशासन को इसकी जानकारी दी जिसके बाद पुलिस, फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची और जांच-पड़ताल की। इस बीच मौके पर पहुंचे उसके परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाया जाने के चलते डा. दीक्षा तिवारी के दो साथी डाक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। वहीं साथी डॉक्टरों का कहना है- दीक्षा छत पर जिस जगह बैठी थी, वह जगह कमजोर थी। जिसके टूटने से वो नीचे गिर गई। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर दीक्षा तिवारी के भाई ने कहा- छत पर रगड़ के निशान हैं। उसे छत से फेंका गया है। इसकी जांच होनी चाहिए। इसी लिए पुलिस ने 2 साथी डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। साथ ही घटना की तह तक पहुंचाने के लिए सीसीटीवी भी चेक कर रही है।



मिली जानकारी के मुताबिक डॉक्टर दीक्षा तिवारी (26) बरेली की रहने वाली थी। और 2024 सेशन में ही उसने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। आगामी 25 जून को उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज में जॉइनिंग लेनी थी। वह यहां स्वरूप नगर में किराए पर रहती थी। उनके पिता प्रदीप तिवारी का बरेली में प्रिंटिंग प्रेस का काम है। परिवार में मां रेनू तिवारी, भाई मयंक तिवारी हैं। मयंक पुणे में प्राइवेट नौकरी करते हैं। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है वहीं पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच कर रही है।

## राजनीति

## कहा-जो किसी को पास में खड़ा नहीं होने देते थे आज वे हाथ पकड़कर और गले लगाकर चल रहे है

# हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बननी चाहिए, मिलजुलकर यह पड़ाव भी पार करना है: कुमारी सैलजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार (राजेश सलूजा)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का पड़ाव पार कर दिया है अभी हरियाणा में अगला पड़ाव पार और करना है, सब मिलजुल कर रहें देखना प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जो कल तक किसी को अपने पास में खड़ा तक नहीं होने देते थे आज वो दूसरे लोगों का हाथ पकड़कर चल रहे है और उन्हें गले लगा रहे है यहीं लोकतंत्र है और यहीं लोकतंत्र की ताकत है जो अच्छे- अच्छे तानाशाह का अहम और वहम दोनों दूर कर देती है। वे वीरवार को धन्यवादी दौरे में टोहाना के एक मैरिज पैलेस में आयोजित बैठक में कार्यकताओं का धन्यवाद करने पहुंची थी। जहां पर कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य बलजिंदर सिंह ठरवी और कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया और फूल मालाएं पहनाकर उन्हें जीत की बधाई दी। अंबाला हलके के शाहबाद से वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एडवोकेट विमला रंगा सरोहा भी टीम के साथ टोहाना पहुंची हुई थी। टोहाना के पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह, हांसी के पूर्व विधायक अतर सिंह सैनी व सर्व खाप पंचायत के राष्ट्रीय प्रवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सूबे सिंह समैण, समैण के सरपंच रणबीर सिंह गिल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरपाल सिंह बुडानिया, पूर्व विधायक परमवीर सिंह, पूर्व जिला फतेहाबाद प्रधान सरदार रणधीर सिंह, कृष्ण नांगली, सरदार बलदेव सिंह दंदीवाल, पूर्व पार्षद रामेश्वर मुआल समैण, टोहाना बार एसोसिएशन के सह सचिव एडवोकेट कंवलजीत बेहमनी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एडवोकेट प्रवीण राणा भूना,पहुंचे।सभी कार्यकताओं का धन्यवाद करते हुए सैलजा ने



कहा कि टोहाना हल्का से जनता ने उन्हें जो मान सम्मान दिया है वे उसे कभी नहीं भूलेंगीं, उन्होंने कहा कि इस मान सम्मान को डबल करके हर कार्यकर्ता को लौटाऊंगी। उन्होंने कहा कि एक पड़ाव पार हो चुका है जिसमें जनता ने भाजपा सरकार को उसकी हकीकत बता दी है, हरियाणा में अब दूसरा पड़ाव है यानि तीन माह बाद विधानसभा चुनाव होने है जिसके लिए कार्यकताओं को अभी से कमर कस लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिलजुलकर ही इस मुकाम को हासिल किया जा सकता है, कार्यकताओं का उत्साह और जोश देखकर लग रहा है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा का असर लोकसभा चुनाव में दिखाई दिया, राहुल गांधी का संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिए उनके द्वारा निकाली गई कांग्रेस संदेश यात्रा का प्रभाव हरियाणा में साफ दिखाई दिया।उन्होंने कहा कि अगर कोई मुख्यमंत्री की दावेदारी करता है तो उसे यह सोचना चाहिए कि इस दौड़ में कोई और भी शामिल हैं। उधर कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि वे ही नहीं पूरा हरियाणा सैलजा को मुख्यमंत्री के पद पर देखना चाहता है। उन्होंने कहा कि सारे काम प्राथमिकता से होंगे, मिल बैठकर काम करेंगे, कमेटियां बनाई जाएंगी हर कमेटी अपना अपना काम करेगी ताकि लोगों को किसी भी परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा में कोई कमी नहीं रहेगी डटकर सेवा की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्मी में कार्यकताओं का जोश और उत्साह देखकर लगता है कि कार्यकर्ता हर किला फतेह करने के लिए कमर कस चुका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक में कार्यकर्ता सबसे अहम कड़ी होता है, कार्यकर्ता ही नेता बनाता है, हम सबको मिलजुलकर रहना है काम करना है हमारी यहीं ताकत और जनता का आशीर्वाद झूठ पर टिकी भाजपा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाकर रहेगी।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267